लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष - 2, अंक - 246, पृष्ठ -20+4, मूल्य : 6 रुपये

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आओ सहेजें अपनी विरासत को व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 36.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | धूप खिली रहेगी, हल्के बादल रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 46 | सूर्यास्त 18 : 32

अयोध्या, रविवार, 14 अप्रैल 2024

परिणीति चोपड़ा ने फिल्म के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया...20

इजराइली जहाज पर ईरान का कब्जा

दुबई, एजेंसी

ईरान-इजराइल में तनाव बढ़ता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान दो दिन के अंदर इजराइल पर हमला कर सकता है। इस बीच ओमान की खाड़ी से होर्मुज होते हुए भारत आ रहे कार्गो शिप पर ईरान की सेना ने कब्जा कर लिया है। जहाज पर 17 भारतीय भी मौजूद हैं।

कार्गो शिप लंदन बेस्ड कंपनी का है, जिसका मालिकाना हक इजराइली अरबपति के पास है। शिप पर 20 क्रू मेंबर सवार हैं, जो फिलीपींस के नागरिक हैं। इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियार हगारी ने कहा कि हम हमलों पर चुप नहीं बैठेंगे। इसका जवाब दिया जाएगा। इधर, भारत समेत छह

जहाज पर 17 भारतीय सवार, तनाव बढ़ा



देशों- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और जर्मनी ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को ईरान और इजराइल न जाने की सलाह दी गई है। एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी।

भारतीयों की मुक्ति को ईरान के संपर्क में भारत

नई दिल्ली। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ने तनाव को देखते हुए भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षा और मुक्ति के लिए तेहरान और नई दिल्ली, दोनों स्थानों पर ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। ईरान ने जहाज जब्त करने का कदम यह आशंका बढ़ने के बीच उठाया कि तेहरान 12 दिन पहले सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले के जवाब में इजराइली क्षेत्र पर हमला कर सकता है।

कंगना रनौत के सामने विक्रमादित्य को उतारा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 और प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। चंडीगढ़ सीट के अलावा, गुजरात की चार, हिमाचल की दो और ओडिशा की नौ सीट के लिए एलान किया गया है। साथ ही पार्टी ने गुजरात की पांच विस सीटों पर उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। यहां पिछली बार पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल को टिकट दिया गया था। हालांकि, उन्हें भाजपा

कांग्रेस की नई सूची



उम्मीदवार किरण खेर के हाथों 49 हजार से ज्यादा वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। हिमाचल के मंत्री विक्रमादित्य सिंह को राज्य के मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ अपना प्रत्याशी बनाया है। विक्रमादित्य हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे हैं।

आज आ सकता है भाजपा का संकल्प पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में कुल 27 सदस्यीय समिति ने तैयार किया है 'संकल्प पत्र'

अमृत विचार : भाजपा अपना बहुप्रतीक्षित घोषणापत्र (संकल्प पत्र) संविधान निर्माता डा. आंबेडकर की जयंती पर रविवार को घोषित कर सकती है। कांग्रेस और सपा का घोषणा पत्र पहले ही जारी हो चुका है। अब देखना होगा कि बेरोजगारी और महंगाई को लेकर घेर रहे विपक्ष के जवाब में मोदी की तीसरी ताजपोशी के लोकलुभावन मुद्दे, तरक्की की योजनाएं, सांस्कृतिक मुद्दे, बाहरी और आंतरिक सुरक्षा समेत विदेशों में धमक बढ़ाने के क्या संकल्प सामने आते हैं।

भाजपा केंद्रीय कार्यालय दिल्ली से रविवार को लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र को सामने लाने की पूरी तैयारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी दिग्गज नेताओं समेत संकल्प पत्र बनाने वाली समिति के आने का कार्यक्रम तय हो चुका है। लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है।

भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र बनाने वाली समिति का अध्यक्ष पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बनाया है। इस कमेटी में 27 सदस्य शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस समिति का संयोजक बनाया गया है। गुजरात, असम और मध्य प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री क्रमशः भूपेंद्र पटेल, हिमंता बिस्वा सरमा, डॉ. मोहन यादव के अलावा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी इस समिति में शामिल किया गया। भाजपा को अपना चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने के लिए मिस कॉल अभियान के जरिए 3.75 लाख और नमो ऐप के जरिए 1.70 लाख सुझाव मिले। चुनावी घोषणा पत्र को तैयार करने में भारत सरकार के तमाम मंत्रियों और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी चर्चा की गई है।

बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की जगह जहन्नुम : योगी

बहेड़ी की जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब नो कर्फ्यू नो दंगा, यूपी में सब चंगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा की सरकारों में चारों तरफ दंगे होते थे, लेकिन प्रदेश में सात साल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। दंगा करने वालों को मालूम है कि दंगा करेंगे तो उल्टे लटका दिए जाएंगे। व्यापारियों और बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को पता है कि जेल जाने से पहले उनके लिए जहन्नुम का रास्ता तैयार है।

मुख्यमंत्री शनिवार को पीलीभीत में भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में बहेड़ी के रामलीला मैदान में जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एक नया भारत है, जिसमें 140 करोड़ लोगों का सम्मान है।

नया भारत अपनी सुरक्षा और देश की सीमाओं को सुरक्षित करना जानता है। यहां आस्था का सम्मान भी है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें कर्फ्यू लगाती थीं लेकिन अब माफिया गले में तख्ती लटकाकर घूम रहे हैं और बोल रहे हैं कि बस जान बख्श दो। कहा कि कुछ लोग पहले ही अपने कर्मों की सजा पा चुके हैं। कुछ भयभीत होकर खुद जहन्नुम जा रहे हैं। कहा कि अब यह नहीं होगा कि दंगा भी कराएंगे और फिर किसी पार्टी से फतवा जारी कर अव्यवस्था पैदा करेंगे।

- दंगाइयों को पता है उल्टे लटका दिए जाएंगे, 370 हटने के बाद खत्म हुई आतंकवाद की समस्या

मुरादाबाद दंगे की जांच रिपोर्ट दबाई, हमने किया खुलासा

बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, जो लोग माफिया को पालते थे, वह आपको सुरक्षा नहीं दे सकते। यह भाजपा का सुशासन है, जिसने लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया है। 1980 में मुरादाबाद में सांप्रदायिक दंगा हुआ, इसमें दर्जनों लोग मारे गए। इतने सालों तक इसकी जांच रिपोर्ट को भी फाइलों में दबा दिया गया। मेरे मुख्यमंत्री बनने के बाद इसका खुलासा हुआ। उसमें बड़े-बड़े लोग बेपर्दा हुए। मुख्यमंत्री मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा बढ़ापुर के गांव आलमपुर गांवड़ी में भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने 2016 में सहारनपुर में हुए सिख विरोधी दंगे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज यूपी में न दंगा है, न कर्फ्यू है सब कुछ चंगा है। दंगाई छिपे हुए हैं।

जमीन चाहे रामलला की हो या गरीब की वसूली ब्याज सहित की जाएगी

उन्होंने कहा कि आज यूपी और किसान आगे बढ़ चुका है। जम्मू कश्मीर में अब किसी भी वर्ग, जाति का व्यक्ति जमीन खरीद सकता है। कांग्रेस ने इससे लोगों को वंचित कर रखा था। जमीन चाहे रामलला की हो या फिर किसी गरीब या व्यापारी की, उससे ब्याज सहित वसूली की जाएगी।

किसान को बनाएंगे भुगतान न करने वाली चीनी मिलों के मालिक

सीएम ने कहा कि प्रदेश में 120 चीनी मिलों में 105 एक सप्ताह में भुगतान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि जो भी चीनी मिलें गन्ना भुगतान समय पर नहीं करेंगी, हम किसानों को उसका मालिक बनाएंगे। किसान ही उन चीनी मिलों को संचालित करेंगे।

एक नजर

खराब मौसमः दिल्ली 22 उड़ानों का मार्ग बदला

नई दिल्ली। खराब मौसम के कारण शनिवार शाम को दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 उड़ानों का मार्ग बदल दिया गया। इनमें से नौ उड़ानों को जयपुर, आठ को लखनऊ, दो को चंडीगढ़ और 1-1 को वाराणसी, अमृतसर तथा अहमदाबाद भेजा गया। अधिकारी ने कहा कि जिन उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, उनमें इंडिगो की नौ, एयर इंडिया की आठ और विस्तारा की तीन उड़ानें शामिल हैं। मार्ग परिवर्तन शाम तीन से साढ़े छह बजे के बीच हुआ। राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) प्रतिदिन 1,300 उड़ानों की आवाजाही संभालता है।

चुनावी बॉण्ड खरीदार मेघा इंजीनियरिंग पर केस

नई दिल्ली। सीबीआई ने हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ रिश्वत देने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड खरीदे थे और वह इन बॉण्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के लिए मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने में 78 लाख रुपये की रिश्वत दी। प्राथमिकी में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों को भी रिश्वत लेने के लिए नामित किया गया है।

कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर 15 को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी के गिरफ्तार करने और हिरासत में रखने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल को वैध करार देने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सुनवाई के लिए जारी मुकदमों की सूची में केजरीवाल की याचिका भी है। हाईकोर्ट ने धनशोधन के मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को वैध करार दिया था और कहा था कि बार-बार समन देने के बावजूद जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास थोड़ा विकल्प बचा था। हाईकोर्ट ने आप नेता की गिरफ्तारी और संघीय एजेंसी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देने वाली याचिका रद कर दी है। हाईकोर्ट की ओर से मामले में ईडी की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद ही ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को अदालत ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और वह अब तिहाड़ जेल में हैं।

प्रियंका ने मोदी सरकार पर किया पलटवार

सत्ता में आने वाले आपदा के समय नहीं दिखते

संवाददाता रामनगर

अमृत विचारः कांग्रेस की न्याय रैली में महासचिव प्रियंका गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भाजपा को घेरा। कहा कि देवभूमि की जनता को भ्रमित कर सत्ता में आने वाले आपदा के वक्त नहीं आते हैं। अबकी बार मोदी सरकार पर पलटवार करते हुए उन्होंने जनता का आह्वान किया कि वह अबकी बार जनता की सरकार चुनें।

शनिवार को पीरूमदारा के किसान इंटर कालेज के मैदान से प्रियंका गांधी ने उत्तराखंड की तीन संसदीय सीटों के मतदाताओं को संबोधित किया। कहा कि वह खुद, भाई और उनके बच्चे भी देहरादून में ही पढ़े। 13 साल की उम्र से रामनगर आ रही हैं। जब भी आती हूं, सिद्धबली मंदिर के दर्शन जरूर करती हूं। उन्होंने अग्निवीर योजना और इलेक्टोरल बॉन्ड पर सरकार की नीयत पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने जुमलेबाजी में दस साल गुजार दिए,

रामनगर के पीरूमदारा में जनसभा को संबोधित करतीं प्रियंका गांधी।

पर कांग्रेस को कोस रहे हैं। कहा कि जब भी वह उत्तराखंड ओर हिमाचल आए तो इन प्रदेशों को देवभूमि बताते हुए कहा कि मैं इस भूमि को बार-बार प्रणाम करता हूं। लेकिन हिमाचल में जब कांग्रेस की सरकार बनी और पिछले साल वहां दैवीय आपदा आई। पहाड़ टूटे, मंदिर टूटे, लोगों के घर टूटे लेकिन केंद्र ने हिमाचल को एक पैसे की मदद नहीं की। कहां गया उस समय उनका देवभूमि के प्रति प्रेम ?

उन्होंने पौड़ी गढ़वाल प्रत्याशी गणेश गोदियाल, नैनीताल ऊधमसिंह नगर प्रत्याशी प्रकाश जोशी, अल्मोड़ा प्रत्याशी अजय टम्टा को भारी मतों से जिताने की अपील की।

धमाके में जमींदोज हुआ मकान, एक की मौत

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पूराकलंदर थाना के कल्याण भदरसा के मजरे पगला भारी में शनिवार शाम धमाके में एक मकान जमींदोज हो गया। इस हादसे में एक युवती की मौत हो गई जबकि एक ही परिवार के वृद्धा समेत सभी छह लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलबे के आसपास कुछ पटाखे भी मिले हैं। पुलिस और परिवार ने रसोई गैस सिलिंडर से धमाके की आशंका जताई है।

पुलिस के अनुसार पगला भारी गांव निवासी राम कुमार गुप्ता अपने पुराने दो मंजिला मकान में रहते है। इसके निचले हिस्से में आटा चक्की चलती है। शनिवार शाम लगभग चार बजे अचानक मकान में तेज धमाका हुआ और दाहिने हिस्से की दीवार, छत

प्रियंका

- एक ही परिवार की वृद्धा समेत छह लोग घायल

और दीवार टुकड़े-टुकड़े हो गई। तेज धमाके की आवाज के बाद आसपास के लोग दौड़े और पुलिस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि धमाके में मौके पर स्कूटी से आटा लेने आई इसी गांव निवासी रामकुमार कोरी की 18 वर्षीय पुत्री प्रियंका दरवाजे और मलबे के साथ उछल कर दूर जा गिरी। गंभीर घायल प्रियंका समेत मकान मालिक राम कुमार गुप्ता, उनकी मां शिवपता, पत्नी बिंदु गुप्ता, पुत्री नौ वर्षीय ईशी, पुत्र छह वर्षीय लव व तीन वर्षीय यश को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने प्रियंका को मृत घोषित कर दिया। वृद्ध शिवपता को हायर सेंटर रेफर किया है। धमाके से आसपास के मकानों में दरार आई है। मलबे में दो तीन सुतली बम व इनके अवशेष मिले हैं। आईजी प्रवीण कुमार, एसपी देहात एके सोनकर ने मौका मुआयना किया है। मलबे को हटवाने के लिए जेसीबी मंगवाई गई है। आटा चक्की मालिक रामकुमार गुप्ता का कहना है कि पत्नी रसोई गैस पर कुछ बनाने जा रही थी कि अचानक धमाका हो गया। मृत युवती के पिता रामकुमार कोरी ने विस्फोटक पदार्थ में धमाके की बात कही है। एसएसपी राजकरण नय्यर का कहना है कि प्रथम दृष्टया रसोई गैस सिलिंडर में धमाके की बात प्रकाश में आई है। पूरे मामले की तहकीकात कराई जा रही है।

मानवाधिकारों का संदेशखालि में हुआ उल्लंघन : आयोग

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प. बंगाल के संदेशखालि मामले की मौके पर पहुंचकर की गई जांच में अत्याचार की घटनाओं को चिह्नित किया और कहा कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम में की गई लापरवाही से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि प्रतिशोध के व्यापक भय के साथ ही ताकत दिखाने के खेल ने एक दुर्जेय बाधा के रूप में काम किया, जिससे लोगों ने शिकायतें दर्ज कराने से परहेज किया। एनएचआरसी ने कहा कि आयोग ने कई सिफारिशें की हैं और हर सिफारिश पर बंगाल सरकार से आठ सप्ताह में कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

उन्नाव में एक ही परिवार के पांच बच्चे गंगा में डूबे, चार की मौत

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

- गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में हुआ हादसा, चार बच्चों की मौत की खबर पर अधिकारी पहुंचे

अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रतीरामपुरवा गांव के एक ही परिवार के पांच बच्चे शनिवार सुबह गंगा नहाने के दौरान डूब गए। आसपास के लोगों ने एक बच्ची को तो बचा लिया, लेकिन चार बच्चों की जान चली गई। परिजनों ने गंगा में जाल डालकर बच्चों को निकाला और कानपुर के कांशीराम अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चारो को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अफसर पहुंचे।

बहराइच के द्वारिकापुरी थाना क्षेत्र के कैसरगंज निवासी सलमान और उसका भाई नियाज अहमद जाजमऊ चौकी क्षेत्र के रतीराम पुरवा के बंधे पर डेढ़ साल पहले परिवार के साथ रहने आया था। शनिवार को सलमान का 7 वर्षीय बेटा राजबाबू, बेटी नाजिया बानो (11) और नियाज का बेटा मो. मुनाजिर (10), रियाज अहमद (8) और 5 साल की बेटी जैनब सुबह सात बजे गंगा के किनारे पहुंचकर नहाने लगे। बच्चे नहीं दिखे तो नियाज की पत्नी शमीरुन उनको ढूंढते हुए गंगा किनारे पहुंची, जहां बेटी जैनब को डूबता देख शोर मचाया। लोगों ने जैनब को बाहर निकाला। पांच बच्चों के डूबने की खबर पर भीड़ लग गई। परिजनो नाव लेकर जाल के सहारे चारों बच्चे को निकाला और जाजमऊ के निजी अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टर ने कानपुर के कांशीराम अस्पताल भेज दिया। वहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। कानपुर पुलिस ने इसकी सूचना गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने बच्चों का पोस्टमार्टम करना चाहा, लेकिन परिजनों ने मना कर दिया। सूचना पर एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह, तहसीलदार अविनाश चौधरी मौके पर पहुंचे।

स्वास्थ्यवर्द्धक पेय पदार्थ की श्रेणी से हटेगा बॉर्नविटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- उत्पादों का वर्गीकरण तय करने का सरकार ने दिया आदेश

सरकार ने ई-कॉमर्स कंपनियों से पोर्टल से बॉर्नविटा समेत अन्य पेय पदार्थों को स्वास्थ्यवर्द्धक पेय पदार्थ की श्रेणी से हटाने का निर्देश दिया है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने दिए परामर्श में कहा कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा (3) के तहत गठित वैधानिक निकाय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सीआरपीसी अधिनियम 2005 की धारा 14 के तहत जांच के बाद निष्कर्ष निकाला कि एफएसएस अधिनियम 2006, एफएसएसएआई और मोंडेलेज इंडिया फूड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत नियमों और विनियमों के तहत कोई स्वास्थ्यवर्द्धक पेय परिभाषित नहीं है। आदेश 10 अप्रैल को जारी हुआ है। इसमें कहा गया कि ई-कॉमर्स कंपनियों/पोर्टलों को सलाह दी जाती है कि वह अपने मंच/साइट से बोर्नविटा समेत अन्य पेय पदार्थों को स्वास्थ्यवर्द्धक पेय की श्रेणी से हटा दें। खाद्य सुरक्षा मानक नियामक एफएसएसएआई ने दो अप्रैल को ई-कॉमर्स खाद्य व्यवसाय संचालकों को वेबसाइट पर बेचे जा रहे उत्पादों का वर्गीकरण तय करने का निर्देश दिया था।

बाबा हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

नानकमत्ता। डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह को एसटीएफ ने हरियाणा के जींद जिले से गिरफ्तार कर लिया। बीते दिवस गौरी फंटा (लखीमपुर खीरी) से पकड़े गए षड़यंत्रकारी सतनाम सिंह का आज चालान हुआ। दूसरा शूटर सर्वजीत सिंह अभी भी हत्थे नहीं चढ़ा है।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बाबा हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह व बीते दिवस गिरफ्तार सतनाम सिंह की जानकारी दी। षडयंत्र में सतनाम सिंह निवासी कुईया महोलिया बंडा (शाहजहांपुर) को एसटीएफ ने नेपाल बॉर्डर से सटे गौरी फंटा (लखीमपुर) से पकड़ा था।

राहत | क्षुद्रग्रह एपोफिस वैज्ञानिकों की चिंता का सबसे बड़ा कारण था

टल गया पृथ्वी पर आने वाला अबतक का सबसे बड़ा खतरा

बबलू चंद्रा, नैनीताल

बहुचर्चित नही बल्कि कुख्यात भी साथ ही वैज्ञानिकों की चिंता का बड़ा कारण क्षुद्रग्रह एपोफिस के पृथ्वी से टकराने की संभावना नही रही। इस से वैज्ञानिकों ने राहत की सांस ली है और पृथ्वी के लिए अबतक का सबसे बड़ा खतरा भी टल गया है। यह क्षुद्रग्रह पृथ्वी के एक बड़े हिस्से को तबाह करने की ताकत रखता है। हालिया गणना में यह जानकारी सामने आई है।

एपोफिस की खोज 2004 में हुई थी। हमारे आसमान में बेख़ौफ़ घूमती इस चट्टान का आकार करीब आधा किमी है। अगर यह पृथ्वी से



2029 में देखा जा सकेगा कुख्यात एपोफिस को

नैनीताल। हाल के वर्षों की गणनाओं से पता चला है कि यह क्षुद्रग्रह 2029 और 2036 दोनों में पृथ्वी के पास से सुरक्षित रूप से गुजरेगा। 2029 में पृथ्वी की सतह से 19,662 मील की मामूली दूरी से गुजरगे। यह पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले कई उपग्रहों से अधिक निकट की दूरी है। तब इसे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र का सामना करेगा। तब संभव है कि एपोफिस पर भूकंप आए। इससे एपोफिस की कक्षा में भी थोड़ा बदलवा आएगा। इस दौरान इस पिंड को आसानी से देखा जा सकेगा।

टकरा जाए तो हजारों किमी हिस्से को तबाह कर सकती है। इसके पृथ्वी से टकराने की प्रबल संभावना के चलते खगोलविद् बेहद चिंतित हो चले थे। जिस कारण नासा समेत रसिया व इसा स्पेस एजेंसी इसकी जांच पड़ताल के साथ ही लगातार निगरानी कर रहे थे। शुरुआती गणना में उसके अप्रैल 2013 में पृथ्वी से टकराने की संभावना जताई गई थी। जिसे लेकर वर्ष 2013 में धरती के तबाह होने की खबरों ने दुनियाभर के लोगों ने चिंता में डाल दिया था। मगर उसी दौरान एक और अध्ययन ने इसके 2013 के बजाय 2029 में टकराने की संभावना की घोषणा कर दी। इस गणना से निकट भविष्य का खतरा तो टल गया, लेकिन समस्या का सही निदान नही मिल पा रहा था। इसके बाद 2021 में पूनः एपोफिस की गणना की गई तो पता चला कि अब यह 2036 में पृथ्वी से टकराएगा। इस तरह से इस आकाशीय पिंड पर वैज्ञानिक पल पल नजर बनाए रहे और इस खतरे को दूर करने के उपाय भी तलाशते रहे। मगर अब जो रिपोर्ट आई है उसके मुताबिक पृथ्वी को अगले सौ साल किसी भी आकाशीय पिंड यानी क्षुद्रग्रह से कोई खतरा नही है। इसकी ऑर्बिट की सटीक गणना को लेकर गोल्डस्टोन डीप स्पेस कम्युनिकेशंस कॉम्प्लेक्स व ग्रीन बैंक टेलीस्कोप का सहारा लिया गया , तब यह जानकारी सामने आई। एपोफ़िस पृथ्वी की तरह सूर्य की परिक्रमा करता है, जिसे एक चक्कर पूरा करने में 323.6 दिन लगते हैं, जबकि पृथ्वी को 365.3 दिन का समय लगता है।

भावी कर्णधार तैयार कर रहे ये शिक्षण संस्थान.... शिक्षा विशेषांक

Gramodaya Group of Institutions

Limited seats

Rampur Sardha, Ayodhya Uttar Pradesh 224201

संस्थापक - स्व. श्री नर्वदेश्वर सिंह

Undergraduate Courses....
Bachelor of Arts – BA
Bachelor of Science – B.Sc.
Bachelor of Agriculture – B.Sc.-Ag.
Bachelor of Commerce – B.Com.
B.Lib.
B.Ed.
D.El.Ed(B.T.C.)
B.P.E.

Postgraduate Courses...
Master of Arts – M.A.
Master of Science – M.Sc.
Master of Library – M.Lib
Master of Commerce – M.Com

D PHARMA
ADMISSION OPEN
Session-2024/2026
College Code-2332

Intermediate-Science Bio/Math

Gramodaya Public School
Course : 10+2 (English Medium)

GRAMODAYA KANYA INTER COLLEGE
Course : Science & Art
Affiliated By U.P. Board

Gramoday Inter College
Course : Science & Art
Affiliated By U.P. Board

सेवा और सम्मान इस संस्थान का संकल्प है

ग्रामोदय ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान, कक्षा एक से इंटर, बीएड, बीटीसी के समस्त विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक, पाठ्य सामग्री और समाज के सभी जरूरत मंद लोगों की सहायता कर समाजोत्थान की यात्रा को आगे ले जाने की दिशा में सतत प्रयत्नशील है। आप सभी का निरंतर आशीर्वाद ही हमारी प्रेरणा है। ग्राम्यांचल में गुणवत्ता परक और नैतिक मूल्यों पर आधारित प्राथमिक से उच्च शिक्षा के अवसर को सरल और सुलभ कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

डॉ. संदीप सिंह (चेयरमैन)

Support - 8960945036 Query - 8960944936 /8960944836/ 8960944736
Email : gmvcollege@gmail.com Welcome to our College Website : www.onlineggi.com

PLAY WAY MONTESSORI SCHOOL

KHIRKI ALI BEG-AYODHYA Mob.-9415076860

Aim of the School

The institution aims at impartingeducation to the beginners,the predestined ofthe Nation.
Here,the conviction ofteachingis highly scientific and psychological.
Its emphasis is laid upon all the faceted development ofthechild.
Special attention is paid to the culture and personality development ofthe child.

SCHOOL MOTTO-SERVE GOD BY SERVING PEOPLE

Our History:- The foundation of Play Way Montessori School was laid by Renu Khatri in year 1980.
Admission Procedure:-Prospectus and registration forms are available from Monday to Saturday(except holiday) from 9:00 A.M.to 12 noon against payment of Rs.-200/-,children seeking admission will have to give admission test conducted within the premises.
Note-No admission test for prep & nursery
Attendance:- 1. Minimum 75% attendance is necessary to get promotion to next class. 2. Students will be awarded for 100% attendance. 3. Children should carry an application starting the reason for being absent on the very next dayhe/she comes to school.
4. Students who are absent on account of any infection diseases must carry a medical certificate to school stating that they are free from infection.

Tiffin:
Children should bring a small snack to school. They should bring a napkin and spoon if the food in tiffin so desires.

Promotion:-
Promotion depend the pupils'progress throughout the year based on the general standard of pupil's daily work.

Birthday Celebration:-
Children may bring sweets on their birthday for their classmates and teachers. The sweet should be toffees only.
Children may not wear school uniform on their birth days. They may dress as they like to.

Progress Report:
The Guardians must return the progress report send to them for signature on or before due time.

Stationery and Copies:
1. All the books and copies should be covered with the brown paper and labelled too.
2. All the exercise books, copies and stationery will be submitted to the class teacher by the Guardian of the children. (For nursery to U.K.G.)
The school will get printed the school diary. The pupils would be given these on additional cost.
N.B.: These rules and regulation are subject to change from me to time at discretion of the school authorites.

Note:
1. After school time Institute will not be responsible for the students.
2. Parents meeting will be held on last Saturday of every month.

Rules:-

1. Parents are invited to school and contact the principal personally on any working day between 10 A.M. to 11A.M.
2. Every child has a diary and the diary must be brought to school daily.
Parents are requested to see the daily homework in the diary.
3. Admission forms and prospectus Rs.-
Admission fees Rs.-
Monthly fees for class. Rs.-
Examination fees paid in March fees Rs.-
Terms fees Rs.-
Caution money Rs.-
School Uniform:-
SUMMER:- BOY'S:- Red T-Shirt with Blue Denim Shorts, Green T-Shirt wih White Shorts, School Shoes.
GIRL'S:- Red T-Shirt with Blue tunic skirt, Green T-shirt with White Tunic Skirt, School Shoes.
WINTER:- Dark maroon pullover with Blue Jeans.
School uniform should be clean & complete.
Time:
Summer: 08:30 A.M. to 1:30 P.M./ Winter: 09:00 A.M. to 2:00 P.M.
Every second Saturday of the month will be holiday for all the students.

ADMISSIONS OPEN

Supreet Kapoor
Director

Neera Kapoor
Principal

मेरा गोण्डा, मेरी शान।।

20 मई को करें मतदान।।

कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, गोण्डा

पत्रांक : स0शि0/लेखा0/431/2024–25

दिनांक :– अप्रैल 2024

समस्त गोण्डा वासियों से बेसिक शिक्षा विभाग की अपील

☑ लोक तंत्र के इस महापर्व पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, स्वयं मतदान करें तथा अपने आस–पड़ोस के प्रत्येक मतदाता को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए स्वतंत्र व निश्पक्ष मतदान संपन्न कराये करें।

☑ 01 अप्रैल 2024 से नवीन शैक्षिक सत्र प्रारम्भ हो चुका है, अत: 6–14 आयु वर्गके प्रत्येक बच्चे को उनके घर के निकटवर्ती परिषदीय प्राथमिक /उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालय में नामांकित कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करायें।

☑ 15 से 35 आयु वर्ग का यदि कोई व्यक्ति निरक्षर है, तो उसका विवरण नजदीकी विद्यालय में उपलब्ध करायें, जिससे उन्हें भी नव भारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत साक्षर बनाने की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकें।

☑ नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में प्रदत्त व्यवस्थानुसार अलाभित समूह व दुर्बल के अधिक से अधिक बच्चों को उनके पड़ोस के गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालय में नामांकित कराते हुए उनकी प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

☑ 01 अप्रैल 2024 से संचारी रोग से बचाव हेतु निम्नलिखित उपाय अपनायें :–

1. नियमित रूप से मच्चछरों से बचाव हेतु दरवाजों व खिड़कियों पर जाली का प्रयोग।
2. मच्छरदानी का प्रयोग, मच्छर रोधी उपायों का प्रयोग, तथा अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने दे, पानी की टंकी पूरी तरह से ढंक कर रखें।
3. बच्चों को पूरी आस्तीन का कपड़ा पहनायें।
4. घर और कार्य स्थल के आस–पास तथा नालियों में पानी जमा न होने दें।
5. खुले में शौच न जांय।
6. बुखार हाने पर उसका नजदीकी चिकित्सक से तत्काल इलाज प्रारम्भ करायें।



मतदान है जरूरी

प्रेमचन्द्र यादव
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गोण्डा

एम अरुन्मोलि
मुख्य विकास अधिकारी
गोण्डा

नेहा शर्मा
जिलाधिकारी
गोण्डा

www.jaipuriaschoolfaizabad.in
smrjsfaizabad
CBSE Affiliation No. 2132965

SETH M. R. JAIPURIA SCHOOL FAIZABAD, AYODHYA

I AM LEGACY
I AM JAIPURIA
I AM WITH
THE FUTURE
OF AYODHYA

JAIPURIA EDGE

PINNACLE INTER JAIPURIA SPORTS CHAMPIONSHIP | BENCHMARK ASSESSMENT | Crescendo JAIPURIA CULTURAL FEST | Summer CAMP | JOSH JAIPURIA OPEN SCHOLAR HUNT | siddhi HONORING THE ACHIEVERS OF BOARD RESULTS | anveshan A Pan-India Inter-school Competition

INDIA'S PREMIER SCHOOL CHAIN ▶ 6 STATES | 44 CITIES | 55+ SCHOOLS | 2500+ EDUCATORS

SETH M.R. JAIPURIA SCHOOL
FAIZABAD
AYODHYA

ACADEMIC SESSION 2024-25 | ADMISSIONS OPEN
NURSERY TO CLASS XI

Behind Govt. Polytechnic College,NH-28, Lucknow Highway, Sahadatganj, Faizabad, Ayodhya

+91 7080801011 / 12

षष्ठम कात्यायनी

कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र-क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।

विस्फोट होते ही भरभराकर गिर पड़ा मकान।

मकान के मलबे में दबे वाहन व साइकिल। अमृत विचार

एक के बाद एक तीन धमाकों से दहला पगला भारी मजरा

हादसा

लोगों में दहशत, पूरा गांव बना पुलिस छावनी पटाखे बेचने का भी काम करता था रामकुमार

इलाके के लोग बोले- चार बजे हुए धमाके तीन किलोमीटर तक सुनाई दी गूंज

पूराबाजार/मसौधा (अयोध्या) कार्यालय

अमृत विचार : पगला भारी गांव में शनिवार को लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे। घड़ी की सुई जैसे ही चार बजे के कांटे पर पहुंची एक के बाद एक तीन धमाके गूंज उठे। करीब 25 मिनट तक लोगों को न कुछ सुनाई दिया न कुछ समझ पाए। जब थोड़ा सामान्य हुए तो देखा रामकुमार गुप्ता के घर से गर्द का गुबार और चीख - पुकार गूंज रही है। मौके पर लोग पहुंचे तो वहां का दृश्य देख उनका कलेजा दहल उठा। किराने और आटा चक्की चलाने वाले रामकुमार गुप्ता का दो मंजिला मकान जमींदोज हो चुका था।

चारों तरफ फैले मकान के मलबे में फंसे लोगों की चीख पुकार सुन पूरा इलाका मदद के लिए दौड़ पड़ा। जब तक फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचती तब तक लोगों ने मलबा हटाने का काम शुरु कर दिया। विस्फोट की खबर पाकर पहले स्थानीय फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, लेकिन मलबे का पहाड़ जैसा ढेर देख मुख्यालय से टीम बुलाई गई। सीएफओ एमपी सिंह के नेतृत्व में रेस्क्यू की टीमों ने मोर्चा संभाला और मलबे में फंसे घायलों को किसी तरह जेसीबी से मलबा हटा कर निकलना शुरू किया। मलबे के ढेर में दबे एक-एक घायलों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजा। लेकिन तब तक गेहूं पिसाने आई गांव के ही दलित राजकुमार की 18 वर्षीय पुत्री बीए की छात्रा प्रियंका कुमारी की मौत हो चुकी थी। अन्य घायलों में राम कुमार गुप्ता और उनकी पत्नी बिंदु गुप्ता, पुत्र यश कुमार गुप्ता, पुत्री ईशी और माता शिवपता के साथ एक और बेटे लव कुमार गुप्ता को जिला अस्पताल भेजा गया। गांव के लोगों का कहना है कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि दो मंजिला मकान का आधे से अधिक हिस्सा भरभरा कर ढह गया। करीब तीन किलोमीटर दूर तक विस्फोट की गूंज सुनाई दी। शाम चार बजे हुए विस्फोट के बाद पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। बीकापुर कोतवाली समेत कई थानों की फोर्स और तहसील सदर के अधिकारी मौके पर कैम्प कर रहे हैं।

युवती की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा एवं घटनास्थल पर मिला सुतली बम (लाल घेरे में)।

मकान में रखा सिलेंडर व आटा चक्की तो सुरक्षित, फिर कैसे इतना बड़ा धमाका

प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार राम कुमार गुप्ता के मकान के एक हिस्से में रखा सिलेंडर और आटा चक्की दोनों विस्फोट के बाद सुरक्षित है। ऐसे में प्रशासन की ओर से सिलेंडर विस्फोट को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं है। अधिकारियों के ओर से सिलेंडर विस्फोट की बात इलाकाई लोगों के गले नहीं उतर रही है। गांव के लोगों के मुताबिक राम कुमार गुप्ता पटाखे बेचने का भी काम करता है। दीपावली में भारी मात्रा में पटाखे और बारुद भी लाया था जो बिक्री नहीं हो सकी। कयास लगाया जा रहा है शनिवार शाम हुआ विस्फोट पटाखे और बारुद से भी हो सकता है। हालांकि पुलिस की फारेंसिक टीमें मौके पर जांच कर रही है। जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रथम दृष्टया सिलेंडर से विस्फोट बताया जा रहा है। फिलहाल घटनास्थल को क्राइम सीन की तरह कवर कर दिया गया है। केवल जांच टीमों को ही जाने दिया जा रहा है।

विस्फोट में तबाह हो गए प्रियंका के सिविल सेवा के सपने

विस्फोट में काल के गाल में समाई बीए की छात्रा प्रियंका कुमारी के सिविल सेवा के सपने भी तबाह हो गए। उसके पूरे घर में चीख-पुकार और चित्कार गूंज रही है। पिता राम कुमार का रो-रो कर बुरा हाल है। कहते हैं काहे बिटिया को गेहूं पिसाने के लिए भेज दिया, खुद चला जाता तो वह बच जाती। मां तीन बार बेहोश हो चुकी है। पूरा गांव मृतका के परिवार को ढांढ़स देने के लिए जुटा है। दलित राम कुमार ने बताया कि बिटिया स्नातक के बाद सिविल सेवा की तैयारी कर रही थी। पढ़ाई में मेधावी थी।

परिवार को दिलाई जाएगी आर्थिक मदद : एसडीएम

सोहावल एसडीएम अशोक कुमार सैनी ने देर शाम बताया कि हादसे में मृतक दलित छात्रा के परिवार को आर्थिक मदद दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया एलपीजी गैस सिलिंडर से विस्फोट सामने आया है इसलिए कंपनी को पत्र लिखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि एलपीजी गैस कंपनी से मृतका और घायलों को मदद के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हादसे में मृतक और घायलों के प्रति गहरी संवेदना है और तहसील प्रशासन द्वारा सभी स्तर पर जांच कराई जा रही है।

धमाके के बाद लगी आग पर काबू पाने के लिए पानी डालता फायर ब्रिगेड का कर्मी।

विस्फोट हुए मकान में चक्की लगी थी।

सियासी दलों के नेता भी पहुंचे गांव

शनिवार देर शाम कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह और पूर्व अध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल, मिथलेश त्रिपाठी, सपा के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव आदि भी मौके पर पहुंचे। सभी ने घटनास्थल के बाद मृतक प्रियंका कुमारी के परिवार से मुलाकात की।

ग्रामीणों के मुताबिक, मौके से दो बोरे पटाखे हुए बरामद

रात 11 बजे तक जारी रहा मौके से मलबा हटाने का काम

कब-कब क्या हुआ

- 4:00 बजे तीन धमाकों के साथ विस्फोट।
- 4:25 बीकापुर कोतवाली की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची।
- 4:26 पर तीन जेसीबी से मलबा हटाने का कार्य शुरू हुआ।
- 4:50 पर घायलों को निकाल कर जिला अस्पताल भेजा गया।
- 5:00 बजे छात्रा प्रियंका कुमारी की मौत की पुष्टि हुई।
- 7:30 बजे आईजी प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे।

घटनास्थल पर जुटी पुलिस व फॉरेंसिक टीम के सदस्य। अमृत विचार

जांच के लिए लखनऊ से आ सकती है फॉरेंसिक व एटीएस की टीम

नगर पंचायत भदरसा के महाराणा प्रताप वार्ड के कल्याण भदरसा के पगला भारी में हुए विस्फोट की विस्तृत जांच की जा सकती है। जिस तरह से परिस्थिति जन्य साक्ष्य मिले हैं उसके मुताबिक लखनऊ से फॉरेंसिक और एटीएस की टीम भी देर सवेर यहां पहुंच सकती है। हालांकि अभी इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है लेकिन विस्फोट की भयावहता को लेकर विस्तार से जांच की बात कही जा रही है। सूत्रों के अनुसार दो मंजिला मकान छत समेत ढह जाना सिलिंडर विस्फोट से मुमकिन नहीं है। जिस तरह से मकान का आधे से अधिक हिस्सा ढहा है विस्फोटक सामग्री की आशंका जताई जा रही है। घटना स्थल पर पर पहुंची फॉरेंसिक टीमों ने तमाम नमूने जांच के लिए लिए हैं। जिन्हें विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ भेजा जाएगा।

पगला भारी विस्फोट के घायल

राम कुमार गुप्ता (38), बिंदु गुप्ता पत्नी (35), ईशी पुत्री (8), लव कुमार गुप्ता पुत्र (4), यश कुमार गुप्ता पुत्र (5), यशपता माता (70) गंभीर रूप से घायल हैं। सभी जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं।

जिला अस्पताल में उपचाराधीन झुलसे हुए बच्चे।

10 किलो से अधिक विस्फोटक सामग्री की जताई जा रही आशंका

पगलाभारी गांव में शनिवार देर शाम हुए जबरदस्त विस्फोट में भले ही प्रथम द्रष्टया सिलिंडर की बात कही जा रही हो लेकिन चर्चा बड़ी हो रही है। गांव के लोगों के मुताबिक जिस तरह मकान जमींदोज हुआ है और छत ढही है वह विस्फोटक सामग्री के कारण ही। आशंका जताई जा रही है कम से कम 10 किलो से अधिक विस्फोटक सामग्री इस धमाके का कारण है। पटाखे के अलावा बड़ी मात्रा में बारुद भी आटा चक्की के पीछे स्थित एक कमरे में रखा गया था। धमाका उस वक्त हुआ जब राम कुमार का एक पुत्र उस कमरे में गया हुआ था। सूत्रों के अनुसार हथगोले एक झोले में भर कर टांग कर रखे थे। एसओ पूराकलंदर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि सभी स्तर पर जांच की जा रही है।

रामनवमी पर 11 पुजारी करेंगे रामलला का श्रंगार और पूजन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामनवमी के दिन रामलला पीले वस्त्र में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। रामलला को तैयार करने के लिए 11 पुजारियों की टीम बनाई गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इसकी जिम्मेदारी मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को दी है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार भव्य मंदिर में रामलला के जन्मोत्सव को मनाया जाएगा। इसके लिए पूरे मंदिर को सजाया जा रहा है। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि रामनवमी के दिन भगवान के जन्मोत्सव पर विशेष श्रंगार किया जाएगा। सुबह 3:30 बजे मंगल आरती के बाद जलाभिषेक, पंचामृत अभिषेक कराया जाएगा। इसके बाद विशेष चांदी और सोने के वर्क से तैयार किए गए पीले वस्त्र धारण कराए जाएंगे। प्रभु रामलला पांच वर्षीय राज कुमार के रूप में विराजमान हैं इसलिए श्रंगार में सोने के हार और सोने का मुकुट धारण कराया जाएगा। सुबह पांच बजे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया जाएगा। जन्मोत्सव के दिन दोपहर 11:45 बजते ही कपाट बंद कर पुजारियों की टीम रामलला का श्रंगार करेगी। दोपहर 12 बजते ही रामलला के प्राकट्य आरती का आयोजन किया जाएगा। अभी लगभग पांच पुजारी रामलला की सेवा में लगे हैं। अन्य छह पुजारी को भी इस व्यवस्था में शामिल किया जाएगा।

आज धूल भरी आंधी व बूंदाबांदी की संभावना

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अप्रैल के पहले सप्ताह में ही 35 से 39 डिग्री अधिकतम तापमान के बीच शनिवार को दोपहर बाद मौसम में बदलाव के संकेत मिले हैं। शाम करीब पांच बजे हल्की ठंडी हवा चलनी शुरू हुई। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अनुसार आगामी चौबीस घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहेंगे। कहीं - कहीं धूल भरी आंधी और गरज व चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना है।

नौकरी का झांसा देकर तीन लाख ठगे

अयोध्या। पार्ट टॉइम जॉब के नाम पर मोटी कमाई का झांसा देकर ऑनलाइन साइबर ठगों ने कोटसराय गांव निवासी गौरव सिंह से तीन लाख रुपये ठग लिया। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने शनिवार को बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच कर रही है।

दो साल पहले भी राम कुमार के यहां हुआ था विस्फोट

अयोध्या कार्यालय। किराना और आटा चक्की के साथ पटाखे का भी कारोबार करने वाले रामकुमार गुप्ता के यहां दो साल पहले 2022 में भी विस्फोट हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार उस विस्फोट में दो लोग झुलसे थे। बताया गया कि शादी वगैरह में भी वह पटाखा गोला की आपूर्ति करता था। लोगों ने बताया कि माता शिवपता झुलस गई थी। इलाज के बाद वह ठीक हुई, शनिवार को हुआ विस्फोट भी पटाखे और ज्वलनशील सामाग्री की बिक्री से जोड़ कर देखा जा रहा है। बताया जाता है कि दो साल पहले हुए विस्फोट को स्थानीय पुलिस ने दाखिल दफ्तर कर दिया था। तहसीलदार राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि जांच के बाद ही पता चलेगा कि लाइसेंस था या नहीं।

अयोध्या के आंगनबाड़ी केंद्रों को मिलेगा राम मंदिर का स्वरूप

रामकथा में पहुंचीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या पहुंचीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शनिवार को बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को राम मंदिर का स्वरूप दिया जाएगा। वो बड़ी छावनी के मैदान में प्रख्यात कथाकार रमेश ओझा के आयोजित रामकथा में पहुंची थीं। उन्होंने रामलला के दर्शन भी किये। इसके बाद अधिकारियों से पूछा कि दिव्य और भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन करने के लिए लाखों की संख्या में लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। ऐसे में आसपास छोटे-छोटे भूखे बच्चे घूमेंगे तो लोग क्या सोचेंगे ? उन्होंने कहा कि ऐसे में उन्होंने सोचा है कि अयोध्या नगर सहित संपूर्ण जिले में जितने भी आंगनबाड़ी केंद्र हैं उनका कायाकल्प करवाना है। सुंदर, शिक्षा के लिए आवश्यकताओं से सुसज्जित होकर स्थापित किए गए आंगनबाड़ी

रामनगरी पहुंचीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल किया बड़ा एलान

केंद्र से ही धीरे-धीरे बच्चे आगे बढ़ेंगे और एक विकसित भारत के मार्ग को प्रशस्त करेंगे। उन्होंने कहा हम बड़े कॉलेज और यूनिवर्सिटी की ओर देखते हैं, जबकि आंगनबाड़ी केंद्र को सुसज्जित करने की आवश्यकता है क्योंकि तीन से छह वर्ष के बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र से ही उठना-बैठना, चलना और लिखना सीखते हैं। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हमें आंगनबाड़ी केंद्र को कॉलेज यूनिवर्सिटी और जनता के साथ सीधे जोड़ना होगा, जिस पर उत्तर प्रदेश के 12000 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र में मुहिम भी शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद आंगनबाड़ी केदों को सुसज्जित करने का काम शुरू होगा, जिसे 4 से 6 माह में पूरा कर लिया जाएगा।

रूट डायवर्जन कल से, 19 तक लागू रहेगी व्यवस्था

अयोध्या कार्यालय

मुख्य सचिव ने वीसी के जरिए प्रशासनिक अफसरों के साथ की बैठक

अमृत विचार: रामनवमी पर जिले में रूट डायवर्जन प्लान 15 अप्रैल को दोपहर दो बजे से लागू हो जायेगा। जो 19 अप्रैल तक जारी रहेगा। प्रत्येक स्तर पर वरिष्ठ अधिकारी लगाये जाएंगे। ये जानकारी शनिवार को पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को दी। वो रामनवमी उत्सव की तैयारियों को लेकर दोनों अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चल रही तैयारियों की जानकारी दे रहे थे।

बैठक में रामनवमी मेले की तैयारी के संबंध में विभिन्न विभागों के कार्यों की रूपरेखा मंडलायुक्त गौरव दयाल द्वारा प्रस्तुत की गई। मंडलायुक्त ने बताया कि जिले में प्रसार भारती एवं सूचना विभाग के सहयोग से 120 स्थालों पर एलईडी वॉल लगाई जाएगी। ब्लॉक मुख्यालय व राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी एलईडी वॉल लगाई जानी है। पूरे कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था प्रसार भारती, दूरदर्शन से की जा रही है। उन्होंने कहा कि रामनवमी की बेहतर ढंग से तैयारियां की जा रही हैं। जिससे कि आम श्रद्धालुओं के आगमन में या दर्शन में कोई दिक्कत न हों। गर्मी को देखते हुए भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ पर बैरिकेडिंग के साथ-साथ जमीन पर दरी बिछाई जा रही हैं। मुख्य सचिव ने पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवक, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों को लगाने का निर्देश दिया। बैठक में डीएम नितीश कुमार, एसएसपी राजकरन नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण अश्विनी पांडेय, मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल, आरटीओ ऋतु सिंह, उपनिदेशक सूचना डॉ. मुरलीधर सिंह, उपनिदेशक पर्यटन, विद्युत विभाग, रोडवेज, सिंचाई सहित आदि विभागों के अधिकारी शामिल थे।

ब्लॉक प्रमुख के आवास पर फायरिंग और तोड़फोड़ में एक गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार। कैंट थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बढ़ई का पुरवा स्थित राजेंद्र नगर कॉलोनी निवासी रुदौली की ब्लॉक प्रमुख शिल्पी सिंह पर जानलेवा हमले और वाहनों में तोड़फोड़ के मामले में एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पिस्तौल और कारतूस बरामद किया है। प्रकरण में पूर्व ब्लॉक प्रमुख भाजपा नेता सर्वजीत सिंह ने आरोप लगाया था कि उनके गाँव के ही भीम सिंह व विनीत सिंह ने पूर्व में उनके भतीजे अमन सिंह व उसके दोस्त राजन सिंह को अगवा कर मारापीटा और प्रताड़ित किया था। शिकायत करने पर भीम ने उनको जान से मार डालने की धमकी दी थी। भोर में उनकी पत्नी रुदौली ब्लॉक प्रमुख शिल्पी सिंह फूल तोड़ने के लिए निकली थीं। इसी बीच मौके पर पहुंचे भीम सिंह तथा कैंट थाना अब्बुसराय निवासी सिम्पल सिंह और उसके दो दोस्तों ने जानलेवा हमला किया और दो गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पत्नी ने भागकर जान बचाई। तहरीर पर पुलिस ने दो को नामजद करते हुए चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। कैंट थाना प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि वारदात में नामजद विनीत सिंह उर्फ सिम्पल सिंह निवासी अबुसराय थाना कैण्ट को बिजली पासी किला अण्डरपास के निकट से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से वारदात में इस्तेमाल एक पिस्टल 0.32 बोर और दो कारतूस बरामद किया है। आयुध अधिनियम के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज करवा आरोपी का चालान किया गया है।

फॉलोअप

कक्षा पांच की छात्रा को अगवा कर किया सामूहिक दुष्कर्म

रुदौली, अयोध्या

लखनऊ में दो दिनों तक बना कर रखा बंधक

नामजद समेत दो के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

अमृत विचार : कक्षा पांच की छात्रा को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने की वारदात सामने आई है। पीड़िता को दो दिन तक लखनऊ में बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपियों के चंगुल से छूटी पीड़िता घर पहुंची और परिवार को से घटना की जानकारी दी। पुलिस पीड़िता की शिकायत पर एक नामजद समेत दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी है। घटना आठ अप्रैल की बताई जा रही है।

कोतवाली के एक गांव की रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी गांव के निजी स्कूल में कक्षा पांच की छात्रा है। पुलिस को दी तहरीर में उसका आरोप है कि गांव का एक युवक स्कूल आते-जाते वक्त रास्ते में रोककर आए दिन उसको छेड़ता था। आठ अप्रैल की सुबह वह घर से शौच के लिए निकली। पहले से घात लगाए बैठे आरोपी युवक ने चाकू के बल पर उसका अपहरण कर लिया। गांव के बाहर गन्ने के खेत में जबरन दुष्कर्म करने के बाद उसको लखनऊ ले गया। वहां पर दो दिनों तक एक घर में बंधक बनाकर अपने एक दोस्त के साथ उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। किशोरी का आरोप है कि आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मार डालने की धमकी दी। गत दिवस वो मौका पाकर वहां से भाग निकली। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही अनुज कुमार व एक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। चिकित्सीय परीक्षण के लिए पीड़िता को अस्पताल भेजा जाएगा।

ROSEWOOD INTER COLLEGE

Play Group to Class 12th CBSE Pattern (English Medium)
Class 9th to 12th U.P. Board (Hindi Medium)

We Are Aiming for Your Child's Excellence

- Best Infrastructure
- Enlightening Academic Ambience
- Activity Based Teaching
- Value Based Education
- World Class Curriculum
- Award Wining School

ADMISSIONS OPEN 2024-25

OUR FACULTY



www.rosewoodcollegegonda.com
email : rosewood031978@gmail.com

Near Forest Office, Lucknow Road-Gonda
Mob. 8004738723, 8795880878, 9532793699, 8795880809

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गोण्डा

की जनपदीय इकाई की तरफ से बधाई और शुभकामनाएँ

वीरेंद्र मिश्र
जिलाध्यक्ष

राहुल श्रीवास्तव
कार्यकारी जिलाध्यक्ष

सर्वपल्ली राधाकृष्णन
"शिक्षा हमारे भविष्य की नींव है, जिसे हमें मजबूती से निर्माण करना चाहिए।"

अवधेश सिंह
जिला महामंत्री

उदय भान वर्मा
वरिष्ठ उपाध्यक्ष

अरविंद श्रीवास्तव
जिला कोषाध्यक्ष

हंसराज वर्मा
जिला सन्गठनमंत्री

AVADH INTERNATIONAL SCHOOL

Ashapur, Darshan Nagar, Ayodhya- 224135 (U.P)

E-mail: aiszd_03@yahoo.co.in

----VACANCIES----

POST	SUBJECT	ELIGIBILITY
P.G.T.	Geography, Physical Education & Music	Post Graduate in relevant subject with B.Ed/ M.P.Ed/. Prabhakar
T.G.T.	Social Science	Post Graduate/Graduate in relevant subject with B.Ed

Fluency in spoken and written English is mandatory Apply with complete bio- data with recent photograph latest by 18.04.24 in person in the school office on all working days.. Salary no bar for deserving candidates. Written test and interview will be held on Saturday, 20.04.24 at 3.00 p.m.

...आवश्यकता है...

ड्राइवर (बस एवं कार), माली, कन्डक्टर एवं स्वीपर। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

PRINCIPAL

Mob. No.
6393589991, 7525003030

उत्कृष्ट शिक्षा के क्षेत्र में अवध इण्टरनेशनल स्कूल के निरन्तर बढ़ते कदम

अवध इण्टरनेशनल स्कूल का शुभारम्भ 08 अप्रैल, 2003 को हुआ। यह विद्यालय शम्भू नरायन हरि नरायन फाउण्डेशन द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस फाउण्डेशन का गठन फैजाबाद व आजमगढ़ जनपदों में स्वतंत्रता संग्राम में महती भूमिका निभाने वाले पूर्व विधायक स्व0 श्री शम्भू नरायन सिंह व उनके सुपुत्र तथा तेज तर्रार एवं जुझारु नेता स्व0 श्री हरिनरायन सिंह की स्मृति में हुआ था। स्कूल की स्थापना स्व0 श्री हरिनरायन सिंह के पुत्र श्री अतुल कुमार सिंह एवं स्व0 श्री अमित कुमार सिंह की कल्पना का परिणाम है जो शहरी क्षेत्र के साथ–साथ सुदूर ग्रामीण व उपेक्षित अंचलों के छात्र–छात्राओं को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरुप अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रहा है। वर्तमान में विद्यालय में विज्ञान, वाणिज्य एवं कला वर्ग की कक्षाएँ संचालित की जा रही हैं। 59 विद्यार्थियों से अपनी यात्रा प्रारम्भ करने वाला यह विद्यालय वर्तमान में 2000 से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहा है। स्कूल का वातावरण अत्यन्त सुरम्य एवं प्रदूषण रहित है। यह विद्यालय 7 एकड़ में फैला पूर्णतः प्रकृति की गोद में स्थित है। स्कूल परिसर में अनुशासन पर विशेष ध्यान रखा जाता है। बच्चों में छुपी प्रतिभा को तराश कर उनको निखारते हुए वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से उनका समग्र विकास करना विद्यालय का ध्येय है। धीमी गति से सीखने वाले बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था है। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए समय–समय पर अनेक बौद्धिक एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। बोर्ड के अच्छे परिणाम के चलते आज स्कूल शहर के चुनिन्दा शिक्षण संस्थाओं में अपना स्थान रखता है। यहाँ से निकले बच्चों ने अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है और वर्तमान में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं में उच्च पदों पर आसीन है। शिक्षा के साथ–साथ समाज सेवा में भी विद्यालय निरंतर अपना योगदान दे रहा है। यहाँ सुदूर क्षेत्रों से आने वाले बच्चों के आवागमन हेतु GPS युक्त बसों की समुचित व्यवस्था है। इसके साथ ही कम्प्युटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशालाएँ, संगीत कक्ष, सुव्यवस्थित पुस्तकालय, विशाल क्रीड़ांगन, मिनी स्टेडियम, इनडोर खेल के संसाधनों की उपलब्धता, संवातनयुक्त कक्षाएँ, शुद्ध एवं शीतल पेय जल, इण्टरनेट सुबिधा, निश्चित समय अन्तराल पर छात्र–छात्राओं का स्वास्थ परीक्षण आदि स्वयं ही एक स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण का एहसास कराता है। विद्यालय का प्रबन्ध तंत्र एवं शिक्षक बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्प हैं जिससे यहाँ से उत्तीर्ण छात्र–छात्राऐं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सकें।

समावेशी शिक्षा के लिए संकल्पित जेबी अकादमी

11वीं 12वीं के छात्रों के लिए

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु प्रश्न पत्र को ध्यान में रखते हुए विशेष शिक्षण पद्धति

अयोध्या का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जेबी अकादमी समावेशी शिक्षा को आधार मानकर शिक्षा जगत में क्रांति की चेतना का संचार कर रहा है। अकादमी के प्रधानाचार्य वी के जोशी ने बताया कि हम नई शिक्षा नीति व राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा (एनसीएफ) 2023 की सभी सिफारिशों को क्रमशः लागू करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर हैं।

ध्यातव्य है कि अकादमी में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत कई सिद्धांतों व नीतियों को बहुत पहले अपनाया जा चुका है। मसलन, समावेशी शिक्षा,कला व संस्कृति के प्रति प्रेम, बहु भाषा दक्षता,कार्य अनुभव कक्षाएं, विशेष आवश्यकता वाले छात्रों हेतु विशेष शिक्षा,छात्र परामर्श, तरण ताल प्रशिक्षण जीवन कौशल, रोमांचक शिविर, शैक्षणिक भ्रमण जैसी योजनाएं– परियोजनाएं प्रभावी ढंग से संचालित हो रही हैं, जिससे छात्र अपने स्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति कर बेहतर बुद्धि–लब्धि के आधार पर राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने हेतु सक्षम बन रहे हैं।

जिंगल बेल नर्सरी स्कूल सोसाइटी

सिविल लाइंस – अयोध्या (उ.प्र.)

सार-संक्षेप

वेल्डिंग के लिए आई ट्रॉली गायब, केस

अयोध्या, अमृत विचार : बेल्डिंग की दुकान पर बनने आई ट्रॉली गायब हो गई। थाना रौनाही के ग्राम राम नगर धौरहरा ने विवेक कुमार सिंह ने जाली लगाने के लिए अपनी ट्रॉली कोतवाली रुदौली के ग्राम मुजफ्फरपुर के टाटी बाबा मार्केट में अनुराग जायसवाल के बेल्डिंग के दुकान दी थी। चोरों ने गुरुवार रात ट्रॉली गायब कर दी है। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात चोर के विरुद्ध केस दर्जकर जांच चल रही है।

पुत्री गायब करने का आरोप, रिपोर्ट

गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली अंतर्गत महबूबगंज चौकी इलाके में पिता ने एक युवक पर अपनी पुत्री को गायब करने का आरोप लगाया है। चौकी इंचार्ज यशवंत द्विवेदी ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी रामपुर पोखरवा निवासी अनिल यादव के खिलाफ केस दर्जकर मामले की पड़ताल कराई जा रही है।

सत्कर्मों से मिलेगा नर से नारायण का दर्जा : आचार्य स्वर्णदीप

कथा कहते कथा व्यास। अमृत विचार

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : सत्कर्मों से व्यक्ति नर से नारायण का दर्जा प्राप्त कर सकता है। यह बातें विकासखंड पूराबाजार के ग्राम पंचायत सनेथू के काली माता स्थान पर चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कथा व्यास आचार्य स्वर्णदीप तिवारी जी महाराज ने कहीं। कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य जन्म से नहीं अपितु कर्म से महान बनता है। अच्छे परिवार में जन्म लेना मात्र एक संयोग है और अच्छे कार्यों द्वारा जीवन को उत्कृष्ट बनाना यह उपलब्धि है। कहा कि गुण न हो तो जीवन व्यर्थ है क्योंकि कुल और रूप कितना भी सुंदर क्यों न हो लेकिन सद्गुणों के अभाव में दोनों का कोई महत्व नहीं होता। कथा व्यास ने गज और ग्राह की कथा सुनाई। बलराम पांडेय, मोनू तिवारी, समर मौर्य, रविंद्र पांडेय, अंकित तिवारी, राधेश्याम प्रजापति, मोहित पांडेय, राहुल तिवारी आदि मौजूद रहे।

सिविल इंजीनियरिंग के 25 छात्रों को मिली नौकरी

अवध विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट में चयनित छात्र। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अवध विश्वविद्यालय के आईईटी संस्थान में शनिवार को प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया। जिसमें सिविल इंजीनियरिंग विभाग के 25 छात्रों का चयन एसीसी व अंबुजा सीमेंट की कंपनी में कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव पद के लिए गया। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देशन में एसीसी व अंबुजा सीमेंट लिमिटेड कंपनी की ओर रिजनल टेक्निकल सर्विस मैनेजर महेन्द्र मोहन श्रीवास्तव के सदस्यों द्वारा तीन से साढे तीन लाख वार्षिक पैकेज के लिए 71 से अधिक छात्रों के साक्षात्कार के बाद 25 छात्रों का चयन किया गया। इस उपलब्धि पर आईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. राजीव गौड़ ने बताया कि देश की प्रमुख कंपनी में छात्रों को जॉब करने का अवसर मिला है। सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने छात्रों के चयनित होने पर बधाई दी।

हरे पेड़ों की कटान, लेखपाल को फटकार

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : प्रापर्टी डीलरों द्वारा फल पट्टी क्षेत्र में धड़ल्ले से काटे जा रहे हरे भरे आम के पेड़ों की हुई शिकायत पर उपजिला अधिकारी अशोक कुमार सैनी ने मंगलसी लेखपाल प्राची मिश्रा को कड़ी फटकार लगाई है। सप्ताह भर में पूरी रिपोर्ट मांगी है। अन्य क्षेत्रीय लेखपालों से भी जांच पड़ताल कराने को कहा है। भाकियू नेता फरीद अहमद ने मंगलसी और साल्हेपुर निमैचा के आसपास हुए पेड़ों की सफाए की शिकायत की थी।

कूड़े के ढेर में आग लगी, बची फसल

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : भेलसर-रुदौली मार्ग पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मोड़ पर शनिवार दोपहर कूड़े के ढेर में आग लग गई। आग पर दमकल कर्मियों ने काबू पाया।दमकल कर्मियों की सजगता से कई बीघा गेहूं की फसल में आग बच गई।

हालात : रीडगंज चौराहे पर तीन जगह हुई सड़क की खोदाई से संकट

छन्नी से छान पानी पी रहे 15 हजार लोग

अयोध्या कार्यालय

रीडगंज चौराहे पर जलकल के पंप के निकट खोदा गया गड्ढा एवं रीडगंज चौराहे पर धंसी सड़क।

आंखों देखा हाल

अमृत विचार : कहावत है करे कोई भरे कोई। यह कहावत चरितार्थ हो रही है रीडगंज इलाके में। पॉवर कॉर्पोरेशन की ओर से तीन जगहों पर केबल डालने की खोदाई के चलते 15 हजार की आबादी छन्नी से छान कर पानी पीने को मजबूर है। इतना ही नहीं खाना पकाने के लिए लोगों को 30 रुपये केन तक पानी खरीदना पड़ रहा है।

यह तल्ख हकीकत 'अमृत विचार' की ओर शनिवार को 'अंखियन देखी' के तहत उजागर हुई। तीन दिन पहले 11 अप्रैल को चिट्स एंड फंड कार्यालय के निकट पॉवर कॉर्पोरेशन ने गड्ढे खोदे। खोदाई के औजारों की चपेट में आकर नीचे से गई पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। नतीजा तीन दिन तक लगातार हजारों लीटर पानी सड़क पर बहता रहा। मरम्मत कर पाइप लाइन बांधी गई लेकिन रिसाव जारी है। अभी भी नगर निगम की रीडगंज से होने वाली जलापूर्ति से गंदा, दूषित और संक्रमित पानी लोगों के घरों तक जा रहा है। गंभीर बात यह है कि अभी तक खोदा गया गड्ढा तक नहीं पाटा गया है। उसी में सब गंदगी भरी पड़ी है। पास के दुकानदार महबूब आलम ने बताया भाईसाहब मत पूछिए। पानी बहाव से कीचड़ है। दुकानदारी प्रभावित हो रही है।

इसी से सटकर कोतवाली नगर तक गई पाइपलाइन द्वारा लोगों के घरों तक मटमैला और दुर्गंधयुक्त जलापूर्ति हो रही है। इसके बाद ऐन रीडगंज चौराहे पर पुलिस बूथ के निकट सड़क धंसी है। जैसे तैसे रोड़े डाल कर पाट दी गई लेकिन फिर पॉवर कॉर्पोरेशन ने केबल की बड़ी रोलिंग लाकर वहीं खोदाई कर दी। आसपास के लोगों ने बताया कि तीन बार ऐसा हो चुका है। लगातार खोदाई से सड़क में दरार पड़ गई है। जो आगे बड़े गड्ढे में तब्दील हो सकती है। इन दो वजहों ने रीडगंज चौराहे से लेकर सड़क के दोनों ओर रिहायशी और व्यावसायिक लोगों को संकट में डाल रखा है। दोनों ओर मिला कर करीब 15 हजार आबादी है। यहां 800 परिवार और 150 दुकानें हैं। ऐसे में लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए संकट झेलना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि आजकल जलापूर्ति का पानी छान और उबाल कर पीना पड़ रहा है। इतना ही नहीं खाना पकाने के लिए घरों के लोगों को 30 रुपये का आरओ केन खरीदना पड़ रहा है।

रीडगंज के लोग बोले-

पानी नहीं बीमारी पी रहे हम लोग

रीडगंज के लोगों का गुस्सा चरम पर है। तीन दिनों से संकट झेल रहे लोगों का कहना है कि हम लोग पानी नहीं बीमारी पी रहे हैं। दो बार शिकायत की गई अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बार-बार खोदाई से लगातार पाइप लाइनें क्षतिग्रस्त हो रहीं हैं।

पाइप लाइन टूट गई थी। जिसकी वजह से गंदा पानी आ रहा है। कभी-कभी साफ आ जाता है तो कभी मटमैला। **- रवि प्रकाश गुप्ता**

रीडगंज पंप से हो रही जलापूर्ति से दूषित पानी आ रहा है। बड़ी परेशानी है, छान कर और उबाल कर इस्तेमाल करना पड़ रहा है। **- मोहम्मद अयूब**

कुछ दिनों पहले जलापूर्ति ठीक थी। जबसे चौराहे पर पाइप लाइन टूटी तबसे दिक्कतें आ रही है। पानी काफी बदबूदार आ रहा है। **-इरशाद अली**

गंदी जलापूर्ति से लोग परेशान हैं। रोज 30 रुपये का पानी का कैन खरीद रहे हैं। शिकायत पर सुनवाई अभी तक नहीं हुई। **- मोहम्मद आमिर**

पॉवर कॉर्पोरेशन बार-बार सड़क क्षतिग्रस्त कर रहा है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया है। अब बिना सूचना के सड़क खोदी गई तो नोटिस दिया जाएगा। **- सत्य प्रकाश, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग खंड प्रथम**

अंडरग्राउंड केबल बिछाने का काम किया जाता है और खोदे गए गड्ढे तत्काल पाट दिए जाते हैं। विभाग की ओर से कोई लापरवाही नहीं की जा रही है। **-नरेश जायसवाल, अवर अभियंता, चौक उपकेन्द्र**

रीडगंज चौराहे के निकट दो दिन पहले पॉवर कॉर्पोरेशन ने खोदाई की थी। जिससे पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई थी। जिसे बनवा कर आपूर्ति सुचारू की गई है। गंदे पानी की शिकायत नहीं मिली है, फिर भी दिखवा लिया जाता है। इसके लिए जिम्मेदार पॉवर कॉर्पोरेशन है। **- अनूप सिंह, अधिशासी अभियन्ता, जलकल नगर पंचायत**

जमीन पर नहीं उतरा आठ उपकेंद्रों का निर्माण

अयोध्या कार्यालय

तीन करोड़ की लागत से बनने थे, फरवरी में गया था प्रस्ताव

अमृत विचार : जिले में आठ नए उप केन्द्रों का निर्माण अभी जमीन पर नहीं उतरा है। फरवरी में जिले से गए इन उपकेन्द्रों के निर्माण के प्रस्ताव शासन में ही लंबित हैं। प्रत्येक उपकेंद्र के निर्माण के लिए तीन करोड़ की धनराशि खर्च की जानी थी।

जिले में लगभग चार लाख बिजली उपभोक्ता पंजीकृत हैं। चार अलग-अलग डिवीजन से इन्हें बिजली आपूर्ति होती है। ठंड के समय में बिजली की खपत कम होने से कुछ राहत रहती है, लेकिन गर्मी के समय में ओवरलोड उपकेंद्रों से जुड़े इलाकों में समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ता है या बार-बार ट्रिपिंग व अन्य खामियों से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए उप केन्द्रों का निर्माण प्रस्तावित किया गया था।

यहां बनने थे उपकेंद्र

गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के बेरूगंज, टिकरी, मोतीगंज, मिल्कीपुर के अमरगंज, कुरावन जैराजपुर, रुदौली के गौरियामऊ, बीकापुर के बरवा परनापुर में नया बिजलीघर बनना था। इसके अलावा शहर का नाका एयरपोर्ट के लिए भी नये बिजलीघर का निर्माण तय था। प्रत्येक बिजलीघरों पर 10 एमवीए की क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगाए जाने थे। इससे 40 हजार से अधिक लोगों को आबाध आपूर्ति का लाभ मिलता।

"कुछ बिजलीघर ओवरलोड हैं। जिनसे निर्बाध बिजली आपूर्ति में समस्याएं आती हैं। गर्मियों के समय में अधिक दिक्कत बढ़ जाती है। इनके निस्तारण के लिए नये बिजलीघर बनवाने की तैयारी है। स्टीमेट बनवाकर स्वीकृति के लिए भेजा गया है। **-इं. हरीश बंसल, मुख्य अभियंता, अयोध्या।**"

पुलिस मुठभेड़ में गुटखा और तम्बाकू लूट में तीन और गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार। रौनाही थाना क्षेत्र में हाईवे पर एक डीसीएम के चालक को बंधक बना हुई गुटखा और तम्बाकू लूट में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने एक डीसीएम और तमंचा-कारतूस बरामद किया है। पूर्व में पुलिस ने फरवरी माह में वारदात में प्रयुक्त एक डीसीएम के साथ उसके चालक को गिरफ्तार कर 80 बोरी पान मसाला एवं 29 बोरी जर्दा बरामद किया था। मामले में कानपुर के ट्रसंसपोर्ट नगर स्थित पीएसआर ट्रांस लॉजिस्टिक एलएलपी के प्रोराइटर रजत जैन ने 22 फरवरी को अपने चालक अभिलाष यादव निवासी नौनाबाग बकन्धा कोतवाली फतेहपुर जिला फतेहपुर के खिलाफ डीसीएम यूपी 23टी 9253 के चालक से मिलीभगत कर 150 बोरी पान मसाला और 75 बोरी जर्दा तम्बाकू चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अपर पुलिस अधीक्षक देहात एके सोनकर ने बताया कि रौनाही थाना प्रभारी और एसओजी की संयुक्त टीम ने लखौरी गावं के पास मुठभेड़ में साजिद निवासी निकनामपुर फुलरी थाना सिम्भावली हापुड़ ,आफताब निवासी किठौर थाना किठौर जनपद मेरठ व मो. राकिब निवासी नई बस्ती किठौर थाना किठौर जनपद मेरठ को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक डीसीएम यूपी 23 एटी 4702 तथा तमंचा-कारतूस बरामद किया है। साजिद उर्फ शाहिद के खिलाफ कई मामले दर्ज मिले हैं।

अब क्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस ने पसारे पांव, बच्चा वार्ड फुल

अयोध्या कार्यालय

जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में हर बेड पर मरीज दिखे। अमृत विचार

अमृत विचार : मौसम में बदलाव आते ही डायरिया ने बच्चों पर हमला कर दिया है। सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में लोग अपने बच्चों को लेकर पहुंच रहे हैं। वार्ड फुल हो चुके हैं। सबको एक ही शिकायत डॉक्टर साहब बच्चे की उल्टी बंद नहीं हो रही है। चिकित्सकों का मानना है कि डायरिया के साथ ही इस समय क्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस ने भी अपने पांव पसारे हैं। जिसमें बच्चों को शौच के साथ आंव, खून भी आता है।

जिला अस्पताल में शनिवार को बच्चा वार्ड फुल रहा। करीब 12 बेड वाले वार्ड में अधिकतर बच्चे डायरिया से पीड़ित थे। छह साल की जाह्नवी व उसकी डेढ़ साल की बहन जया डायरिया होने के कारण तीन दिन से भर्ती हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.शिशिर श्रीवास्तव ने बताया कि इन दिनों डायरिया, बुखार और पीलिया से पीड़ित 50 प्रतिशत बच्चे ओपीडी में पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस से पीड़ित बच्चे भी पांच से छह की संख्या में आ रहे हैं। इसमें आंतों में इंफेक्शन हो जाता है। बच्चों में पानी की कमी हो जाती है और बुखार के साथ उल्टियां शुरू हो जाती हैं। जिस कारण चक्कर भी आते हैं। इसके छह बच्चे और पीलिया के भी चार बच्चे भर्ती हैं।

गन्ने के रस में बर्फ नुकसानदायक

डॉ. शिशिर ने बताया कि बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए ज्यादा तैलीय भोजन न दें। बाहरी चीजों से परहेज रखें। खास तौर से गन्ने के जूस से भी दूर रखें। क्योंकि गन्ने की पेराई के दौरान बर्फ मिलाकर जो जूस बेचा जाता है। वह नुकसानदायक होता है। खुला बर्फ प्रयोग करने लायक नहीं होता। कहा कि क्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस अमूमन मई-जून में होता था, लेकिन मुझे लगता है कि इस बार सड़कों की खोदाई के कारण भी पानी को जो मिश्रण हो गया था वह भी नुकसान कर रहा है।

माता पाटेश्वरी के दर्शन को दूर-दूर से आते श्रद्धालु

माता पाटेश्वरी

अयोध्या के कैंट इलाके में पाटेश्वरी मंदिर है। यहां नवरात्रि के समय पाटेश्वरी माता के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। प्राचीन पौराणिक मान्यता के अनुसार माता सती का शव लेकर शिव पृथ्वी पर विचरण करते हुये नृत्य (तांडव) करने लगे। जिससे पृथ्वी पर प्रलय की स्थिति उतपन्न होने लगी थी। इस पर भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर को खंड-खंड कर दिया। यहां माता पार्वती का दाहिना जंघा गिरा था। यहां चार समय आरती होती है। सुबह पांच बजे के बाद शाम साढ़े पांच बजे फिर सात बजे इसके बाद रात साढ़े नौ बजे शयनकालीन आरती की परंपरा है।

माता रूठकर गई थीं देवीपाटन

श्री आदि शक्ति मां पाटेश्वरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष रामेश्वर पांडेय ने बताया कि पुजारी देवी शरण द्विवेदी 20 वर्षों से पूजा-पाठ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारे पूर्वजों ने बताया है कि अंग्रेज और मुगलों ने बड़ा ही अनुचित किया था। जिसके बाद माता यहां से रूठकर देवीपाटन चली गई थीं।

अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने का आरोपी दबोचा

अयोध्या, अमृत विचार। सोशल मीडिया फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर एक महिला की अश्लील वीडियो व फोटो वायरल किये जाने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाने के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि मामले में महिला के पति की ओर से आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने संजय निवासी ग्राम मठिया रसूलाबाद थाना महाराजगंज को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने कई माह से यह हरकत किये जाने की बात स्वीकार की है।

आचार संहिता में खड़ंजा लगवाने की शिकायत

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : तहसील के ग्राम परसऊ में चुनाव आचार संहिता के दौरान चकमार्ग पर खड़ंजा लगाए जाने की शिकायत ग्राम प्रधान मंजू ने जिलाधिकारी से की है। कहा है कि ग्राम परसऊ में विवादित चकमार्ग पर जिला पंचायत से खड़ंजा लगाया जा रहा है। एसडीएम अंशिका दीक्षित ने बताया शिकायती पत्र मिला है। राजस्व निरीक्षक को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

जगी दूरबीन विधि से ऑपरेशन की आस

अयोध्या कार्यालय

सात साल से ठप हैं दूरबीन विधि से ऑपरेशन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिला अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (दूरबीन विधि) से सात साल से ऑपरेशन ठप पड़ा है। 2017 में सर्जन डॉ.घनश्याम सिंह के तबादले के बाद से आज तक दूरबीन विधि से ऑपरेशन नहीं हुआ है। आलम यह है कि लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के तमाम उपकरणों में जंक लग गया है। अब अगर ऑपरेशन शुरू भी करना होगा तो उनकी खरीदारी करनी पड़ेगी। इसका असर मरीजों पर पड़ रहा है। [illegible]

ऑपरेशन के लिए रखे इन उपकरणों में लगा जंग

जिला अस्पताल में हर महीने पित्त की थैली व अपेंडिक्स के 60 से 70 ऑपरेशन हो रहे चीरे से

मैंने अभी जल्दी में ही चार्ज संभाला है। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। मैं बुधवार को दोनों सर्जनों को बुलाकर बात करूंगा। अगर उन्हें ट्रेनिंग नहीं ली है तो भेजा जाएगा। -डॉ. अरुण प्रकाश, सीएमएस

10 अप्रैल के अंक में प्रकाशित समाचार की पीडीएफ।

अमृत विचार : सात साल से बंद लैप्रोस्कोपिक (दूरबीन विधि) ऑपरेशन को लेकर जिला अस्पताल प्रशासन जाग गया है। अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद ही सीएमएस ने सर्जनों से स्पष्टीकरण मांगा है।

अमृत विचार में खबर छपते ही जागा जिला अस्पताल प्रशासन, मांगा स्पष्टीकरण

असर

जिला अस्पताल में 2017 से दूरबीन विधि से होने वाला ऑपरेशन बंद हो गया है। बताया जाता है कि डॉ. घनश्याम सिंह के तबादले के बाद से ऑपरेशन ठप हो गया। इस दौरान अस्पताल में रखे उपकरणों में जंक खा गए। ऑपरेशन बंद होने की खबर अमृत विचार ने 10 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसके बाद सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश ने अस्पताल में तीनों सर्जनों को बुलवाया और मामले में स्प्ष्टीकरण तलब किया है। सर्जन डॉ. एके सिन्हा ने बताया कि सीएमएस ने पत्र जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। उनका कहना है कि ऑपरेशन क्यों बंद हुआ है। किन-किन उपकरणों में जंक लग गई है। उन उपकरणों की सूची दीजिए, जो खराब हो चुके हैं उन्हें नया मंगवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि महीने में 60 से 70 मरीज पित्त की थैली में पथरी व अपेंडिक्स के आते हैं। दूरबीन विधि से ऑपरेशन शुरू होने के बाद मरीजों को दूसरे दिन ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। ऑपरेशन करने के लिए हमें ट्रेनिंग भी चाहिए होगी।

सड़क हादसे में चौकी प्रभारी घायल

अयोध्या,अमृत विचार। प्रयागराज हाईवे पर शनिवार को दूसरी पहर एक सड़क हादसे में मोतीगंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शीतला प्रसाद मिश्र घायल हो गए। उनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी पहर उपनिरीक्षक शीतला प्रसाद (50) किसी कार्य से अपनी बाइक से जा रहे थे। खजुरहट चौराहे के पास अचानक आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्राली के चालक ने ब्रेक लगाई तो और इनकी बाइक लड़कर अनितयंत्रित हो गई।

सूचना

मु0अ0सं0 638/23 धारा 306 भादवि0 थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या से सम्बन्धित अभियुक्त गण 1. शुभम सिंह उर्फ सिब्बू पुत्र जमुना प्रसाद सिंह नि0 ग्राम जनौरा थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या, 2. शुभम श्रीवास्तव पुत्र त्रिलोकी नाथ श्रीवास्तव, निवासी- पूरे हुसैन थाना कोतवाली नगर अयोध्या लगातार फरार चल रहे है। इसलिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय जनपद अयोध्या द्वारा उनके विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी उदघोषणा आदेश जारी किया गया है यदि अभियुक्त गण हाजिर नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

(अश्विनी कुमार पाण्डेय)
प्रभारी निरीक्षक
थाना- को0नगर, अयोध्या

लोकसभा चुनाव — ड्यूटी कटाने के साथ एक ग्रुप में वायरल हुआ पंचायत चुनाव का प्रोफार्मा

इधर मिली चुनाव ड्यूटी, इधर कटौती प्रोफार्मा जारी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर ड्यूटी वितरण होते ही कार्मिकों ने कटौती की जुगत भी लगानी शुरू कर दी है। चुनाव में ड्यूटी कैसे कटाई जाए इसे लेकर एक ग्रुप पर पंचायत चुनाव में ड्यूटी कटवाने का एक प्रोफार्मा भी वायरल हो गया है। इसमें तरीका बताया गया है कि कैसे ड्यूटी के लिए आवेदन करें और क्या कारण बताएं।


जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
जनपद -

विषय-निर्वाचन ड्यूटी कटाने के सम्बंध में

महोदय,

निवेदन है कि प्रार्थिनी ------सहायक / प्रधानाध्यापक के पद पर प्राथमिक /पूर्व माध्यमिक विद्यालय-- -विकास क्षेत्र-- में कार्यरत है।जिस की ड्यूटी पंचायत चुनाव में पार्टी कोड संख्या ---कार्मिक कोड संख्या---पर लगी है।तथा प्रार्थिनी के पति ---- सहायक/ प्रधानअध्यापक के पद पर प्राथमिक------ में कार्यरत है उनकी भी पंचायत चुनाव में ड्यूटी लगी है ,जिसका ड्यूटी पार्टी कोड,,,, एवं कार्मिक कोड,,,, है।दोनों लोगो की ड्यूटी लग जाने से चुनाव ड्यूटी में आने जाने व बच्चों की देखभाल में अधिक असुविधा होगी।
अतः महोदय से निवेदन है कि प्रार्थिनी को निर्वाचन कार्य से मुक्त करने की कृपा करें।

विषय-निर्वाचन ड्यूटी काटने के सम्बंध में

महोदय,

निवेदन है कि प्राथिनी ------सहायक / प्रधानाध्यापक के पद पर प्राथमिक /पूर्व माध्यमिक विद्यालय-- -विकास क्षेत्र-- में कार्यरत है।जिस की ड्यूटी पंचायत चुनाव में पार्टी कोड संख्या ---कार्मिक कोड संख्या---पर लगी है।तथा प्रार्थिनी के पति ---- सहायक/ प्रधानअध्यापक के पद पर प्राथमिक------ में कार्यरत है उनकी भी पंचायत चुनाव में ड्यूटी लगी है ,जिसका ड्यूटी पार्टी कोड,,,, एवं कार्मिक कोड,,,, है।दोनों लोगो की ड्यूटी लग जाने से चुनाव ड्यूटी में आने जाने व बच्चों की देखभाल में

एक शिक्षक ग्रुप पर वायरल प्रोफार्मा।

लोकसभा चुनाव को लेकर विकास भवन में शुक्रवार को कार्मिकों को ड्यूटी कार्ड का वितरण किया गया। इसमें पीठासीन अधिकारी और अन्य कार्मिकों को ड्यूटी कार्ड दिया गया। चुनाव में ड्यूटी कार्मिकों का प्रशिक्षण 22 अप्रैल को शुरू किया जाएगा। ड्यूटी कार्ड वितरण को 24 घंटे भी नहीं बीते कि एक शिक्षक ग्रुप पर ड्यूटी कटाने का प्रोफार्मा भी जारी कर दिया गया है। हालांकि यह प्रोफार्मा विगत पंचायत चुनाव का है लेकिन लोकसभा चुनाव में इसे इस्तेमाल किया जा सकता है। वायरल प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी को सम्बोधित है। जिसमें कार्मिक ड्यूटी पार्टी कोड, कार्मिक कोड का उल्लेख करते हुए लिखा गया है कि महोदय पति-पत्नी दोनों की ड्यूटी लगा दी गई है। ऐसे में बच्चों को कौन संभालेगा? निवेदन किया गया है कि इस आधार पर प्रार्थनी को ड्यूटी से मुक्त करने की कृपा करें। इसे लेकर ग्रुप में खासी चर्चा भी चल रही है।

"चुनाव में ड्यूटी का आवंटन कर दिया गया है। कोई भी ड्यूटी मेडिकल बोर्ड और गहन परीक्षण के बाद ही काटी जायेगी। वर्ना प्रत्येक दशा में कार्मिकों को ड्यूटी का निर्वहन करना होगा। **-उपेन्द्र प्रसाद पाल, डीडीओ**"

वृद्धा से हुई लूट, पुलिस ने 80 घंटे बाद दर्ज की चोरी की रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के मझवा गद्दोपुर में दिनदहाड़े वृद्धा को घायल कर घर से जेवरात समेत कीमती सामान समेट ले जाने के मामले में पुलिस ने घटना के 80 घंटे बाद अज्ञात के खिलाफ जबरिया चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। नकाबपोश दो बदमाशों ने मझवा गद्दोपुर में सोमवार 8 अप्रैल को दिनदहाड़े घर में घुसकर जूनियर हाई स्कूल की रिटायर्ड प्रधानाध्यापिका निर्मला देवी (73)को हमला कर घायल कर कीमती सामान समेट लिया था। पीड़िता की ओर से चाहरदीवारी कूदकर सुबह करीब 10.15 बजे घर में घुसे दो नकाबपोश बदमाशों पर मारपीट कर हाथ-पैर बांधने तथा स्टोर की चाभी छीन आलमारी से सोने की 10 ग्राम की माथ बेदी, 20 ग्राम की दो सोने की चेन, छह सोने की अंगूठी लगभग 18 ग्राम, एक झुमका सोने का आठ ग्राम, दो वाली 10 ग्राम, तीन टॉप्स सोने के लगभग 12 ग्राम, चांदी की करधन और पांच पायल, बर्तन, नारियल व कुछ नकदी इत्यादि और पहनी हुई चेन, पायल, सोने की वाली के साथ आधार कार्ड, एटीएम,पैन कार्ड आदि ले जाने का आरोप लगाया गया था। थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य का कहना है कि जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

दो नकाबपोश लोगों ने रिटायर्ड प्रधानाध्यापिका को घायल कर समेट लिया था कीमती सामान

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम इंद्रजीत से बदलकर इंद्रजीत चौहान रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एव समझा जाय। **–इंद्रजीत चौहान पुत्र भगवान दास, निवासी- ग्राम- बरसीपार छावनी टोला, पोस्ट चकोरवा बघेर दास, जिला देवरिया**

सूचना

सूचित हो कि पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय इटावा में प्रवेश के समय मेरे पुत्र का नाम आर्यन पुत्र सतीश दर्ज है। जबकि वास्तविक एवं सही नाम आर्यन कुमार पुत्र सतीश कुमार है। मेरे पुत्र का नाम आर्यन कुमार ही सही माना जावे। **–सतीश कुमार पुत्र श्री कृष्ण कुमार निवासी ग्राम व पोस्ट दतावली, इटावा**

सूचना

सूचित हो कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय इटावा में प्रवेश के समय मेरे पुत्र अभी पुत्र सतीश कुमार दर्ज है। जबिक वास्तविक एवं सही नाम अभी कुमार पुत्र सतीश कुमार है। मेरे पुत्र का नाम अभी कुमार ही माना जावे। **–सतीश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी- ग्राम व पोस्ट दतावली इटावा**

सूचना

सूचित हो कि मैं **सावित्री देवी पत्नी पूर्णमाशी निवासिनी-ग्राम मेंहदीपुर, ब्लाक हरख, तहसील नवाबगंज, जनपद-बाराबंकी** मेरे आधार कार्ड जिसका नम्बर-8798 7233 6367 में मेरा नाम त्रुटिवश प्रेमा देवी अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम सावित्री देवी है। यहकि सावित्री देवी व प्रेमा देवी दोनों नाम स्वंय अर्थात मेरे है अन्य कोई दूसरी महिला इस नाम की नहीं है। अत: मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सावित्री देवी अंकित किया जाय।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपने पुत्र शेख असफाक हुसैन एवं पुत्रवधू नाज फातिमा के गलत कार्य व्यवहारों से व्यथित होकर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके द्वारा किये गये किसी कार्य एवम् लेन-देन के प्रति मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **–जुवेद अहमद पुत्र सफदर अली निवासी-587ए/307, गाँधी नगर ई-ब्लॉक, तीसरी गली, तेलीबाग, लखनऊ, उ0प्र0–226002**

सर्वपल्ली राधाकृष्णन

"शिक्षा हमारे भविष्य की नींव है, जिसे हमें मजबूती से निर्माण करना चाहिए।"

H.C.J. ACADEMY

AYODHYA

Celebrating Glouries 20 YEARS Education

Naka Deokali Bypass, Janaura-Ayodhya

A Senior Secondary School (10+2), English Medium
Affiliated to ICSE/ISC Board, New Delhi

Link & QR Code for Enquiry/Registration

ADMISSION OPEN
(For Class NUR to IX & XI)

National & State Players

Aaradhya Mishra
National Taekwondo Player.

Abhishek Singh
State Taekwondo Player.


Anandi Yadav
State Roller Sketing Player

Salient Features:-
- Safe and Secure Environment For All Students.
- Global Standard Curriculam.
- NEP Based Education
- Skill Development Classes For All
- Booster Classes For Slow Learner Students.
- Workshop For Teachers, Parents & Students.
- Qualified Experienced Teaching Staff.
- Professional Councellor For Students.

Salient Facilities:-
- Full Time Assistant For Pre-Primary Students. (Nur to II)
- Smart Classes for NUR to XII Students.
- Labotaries (for Physics, Chemistry, Biology, Computer Hardware & Software, Tinkering Lab, Central Library etc.)
- Late Chandra Prakash Jain Memorial Scholarship.
- Wi-Fi Campus
- Door to Door Conveyence Facility
- Indoor & Outdoor Sports Facility
- ERP System For Students, Parents & Teachers
- Purified Drinking Water Facility On Every Floor.
- Separate Swings Garden.

Extra Curricular Activities

Outdoor Sports Activities

Project Exhibition

Chemistry Lab

Science Project

100% Result of Class X & XII

Extra Curricular Activities

Cultural Activities

Cont. No. 9415716555 | 9125310125
hcjacademy@yahoo.in
www.hcjacademy.in

राजकीय मान्यता प्राप्त

शान्ती सेवा संस्थान द्वारा संचालित

स्थापित वर्ष

देवा पब्लिक स्कूल व देवा इण्टर कालेज

उसरू-अमौना, अयोध्या

प्ले ग्रुप से 12 वीं तक

देवास पब्लिक स्कूल

रेवतीगंज, अयोध्या

विज्ञान वर्ग

प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

"A" श्रेणी से सम्मानित सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा

अंग्रेजी माध्यम से संचालित

विशिष्ट परिदृश्य

- आधुनिक कक्षाएं।
- प्रोजेक्टर द्वारा शैक्षिक संचालन ।
- अंग्रेजी बोलने हेतु विशेष कक्षाएं ।
- सुविधा जनक यातायात व्यवस्था।
- कक्षा में अनिवार्य प्रस्तुति।
- प्रदूषण रहित शैक्षिक वातावरण।
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय।
- कम्प्यूटर एवं संगीत कक्ष।
- अलग से भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान कीप्रयोगशालाएं
- कैमरायुक्त परिसर ।
- सर्वोत्तम मूल्यांकन पद्धति ।
- छात्र केन्द्रित शिक्षण।
- अनुशासित वातावरण।
- व्यक्तित्व विकास पर विशेष बल ।
- अनोखी गृह भ्रमण पद्धति ।
- अलग से प्रशासनिक भवन ।
- सुरक्षात्मक कक्षाएं।
- प्री–प्राइमरी कक्षा हेतु विशेष गतिविधि कक्ष।
- बहुउद्देशीय हाल।
- अभिभावक–शिक्षक सभा व्यवस्था।
- उच्च शिक्षित एवं अनुभवी शिक्षक–शिक्षिकाएं।
- कैरियर परामर्श सत्र एवं कार्यशाला।

विद्यालय समय- प्रातः 8:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक

सम्पर्क सूत्र :– 9415140124

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

एक नजर

दबंगों ने रोका निर्माण कार्य कार्रवाई की मांग

जलालपुर, अमृत विचार। सड़क पर हो रहे इंटरलॉकिंग कार्य को दबंगों द्वारा रोके जाने की शिकायत पीड़ित ने एसडीएम समेत अन्य अफसरों से करते हुए कार्यवाही की मांग की है। मामला जलालपुर कोतवाली अन्तर्गत गांव श्रीपुर का है। गांव निवासी सत्यम दूबे ने शिकायती पत्र देते हुए कहा मेरे ग्राम सभा की आबादी से सटा हुआ एक नव निर्माण इंटरलॉकिंग सडक़ बना हुआ है। जिस पर ग्राम सभा के विपक्षी संतोष दूबे, देवमणि, अम्बरीश आदि द्वारा नवनिर्माण इंटरलॉकिंग कार्य को रोक रहे हैं।

गैंगस्टर के आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

टांडा, अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मेवडिया ताजूपुर थाना सम्मनपुर निवासी 23 वर्षीय अभियुक्त प्रवीन कुमार पुत्र हरिश्चन्द्र को मुखबिर की सूचना पर धर्मनगर ओवर ब्रिज धर्मनगर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अनुरुद्ध प्रताप सिंह मय हमराह सिपाही रजनीकान्त वर्मा व विकास कुशवाहा शामिल रहे।

सीएम पोर्टल पर की नाम दर्ज करने की शिकायत

जहांगीरगंज, अमृत विचार। ग्राम पंचायत अधिकारी को नहीं पता कि परिवार रजिस्टर में नाम कैसे दर्ज हो गया। मामला जहांगीरगंज विकासखंड के तिलकटंडा गांव का है। गांव निवासी राम बुझारत यादव ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया था कि ग्राम तिलकटंडा के परिवार रजिस्टर में सीताराम पुत्र कतवारू के परिवार में सकुंतला देवी का नाम कैसे दर्ज किया गया। जबकि सकुंतला देवी भिदुर थाना बसखारी की निवासिनी हैं और उनके पति का नाम रणजीत है व उनके दो बच्चे भी हैं। तिलकटंडा में सीताराम की पत्नी का नाम हुबराजी है और हुबराजी की तीन पुत्रियां हैं तो सकुन्तला का नाम कैसे दर्ज हुआ और सीताराम से सकुन्तला का क्या रिश्ता है जिस पर ग्राम पंचायत अधिकारी रामजीत यादव ने अपनी आख्या में दर्शाया है कि सकुन्तला देवी पत्नी सीताराम का नाम ग्राम तिलकटंडा के परिवार रजिस्टर में नवंबर 2017 से पहले दर्ज है।

जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग से परखा गेहूं का उत्पादन

प्रमुख फसलों और उत्पादकता संबंधी हासिल की जानकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

गेंहू की क्रॉप कटिंग करते जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने तहसील अकबरपुर अन्तर्गत राजस्व ग्राम बरसावा हासिमपुर में रवी सीजन की फसल गेंहू की क्रॉप कटिंग सीसीसी एग्री ऐप के माध्यम से की गई और उत्पादकता का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने किसान के खेत में पक कर तैयार गेहूं को हसिया से कटाई किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने रैंडमली ऑनलाइन चयनित ग्राम बरसावा हासिमपुर के गाटा संख्या 158 त्रिभुवन पुत्र रामनवल के खेत में 10 मीटर भुजा वाले समबाहु त्रिभुज क्षेत्र के अन्तर्गत रबी फसल गेंहू की कटाई और उससे प्राप्त गेहूं का वजन भी कराया गया। निर्धारित क्षेत्रफल 0.0043 हेक्टेयर (43.3 वर्ग मीटर) में 19.93 किग्रा गेहूं की फसल प्राप्त हुई, जिसके अनुसार प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 46.027 कुंतल होती है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को उपज के सही आंकड़े शासन को भेजने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित लोगों से क्षेत्र में उत्पादित की जाने वाली प्रमुख फसलों, गेहूं की विभिन्न किस्मों और उत्पादकता संबंधी जानकारी भी प्राप्त की गई। क्रॉप कटिंग या फसल कटाई के प्रयोग द्वारा क्षेत्र में फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है। क्रॉप कटिंग के आधार पर ही जनपद के कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार कर शासन को भेजे जाते है और इसी आधार पर फसल बीमा धारकों को नुकसान का मुआवजा भी दिया जाता है। कृषि विभाग जनपद के समस्त क्षेत्रों के क्रॉप कटिंग के आंकड़ों को संग्रहित करके शासन को भेजता है, इसके आधार पर ही जनपद के विभिन्न फसलों का प्रति हेक्टेयर उत्पादकता का निर्धारण किया जाता है।

यह भी रहे मौजूद : इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार जायसवाल, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार, अपर कृषि सांख्यकी अधिकारी और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता : बीएसए

जलालपुर, अमृत विचार। नगर स्थित एक मैरेज हॉल में परिषदीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षकों के विदाई सम्मान समारोह में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता। सेवानिवृत्त के बाद समाज के प्रति उसका कर्तव्य और बढ़ जाता है।

बीएसए के संग पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य, सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी केपी सिंह, बीईओ मीनाक्षी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालपुर की छात्रा काजल, पलक, रेशमी, तान्या, अभिलाषा, कुसुम, खुशबू ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना और विदाई गीत प्रस्तुत किया। बीएसए ने सेवानिवृत्त शिक्षक जहीर हसन, ऊषा देवी, रामरती देवी, कांती देवी, अनुचर बालयती के अलावा पूर्व में सेवानिवृत्त हो चुके शिक्षकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सुपर 100 स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता गोष्ठी में शिक्षकों को बीएसए ने शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई।

सेवानिवृत शिक्षकों के साथ मौजूद बीएसए भोलेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

बीएसए ने मतदान करने की अपील किया : बीएसए ने 25 मई को लोकसभा के चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील भी की। संचालन अनिल यादव व हरिश्चंद्र गौतम ने संयुक्त रूप से किया। उक्त अवसर पर मित्रसेन वर्मा, राजेश यादव, सूर्यनाथ यादव, आलोक यादव, मंशाराम यादव, राजकपूर, सुरेश यादव, जमाल अख्तर, सच्चिदानंद पाल, सुहैल अहमद, श्वेता सिंह, स्नेह लता, उमेश यादव, मोहम्मद अनीस, सत्यप्रकाश गुप्ता, विक्रांत सिंह, शैलेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। थाना बसखारी पुलिस टीम ने अभियुक्त को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। थाना बसखारी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियक्त शेख मुहम्मद अब्दुल मजीद अशरफ पुत्र मुख्तार अली निवासी ग्राम विनवल पोस्ट बडरम थाना हुसैनगंज जिला सिवान बिहार को बुकिया मोड़ से अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संतकुमार सिंह, उप निरीक्षक विनय कुमार सिंह, कांस्टेबल आशीत तिवारी, कांस्टेबल गुलाम गौस शामिल रहे।

शत-प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। टांडा विधान सभा क्षेत्र के ककराही ग्राम पंचायत स्थित कम्पोजिट विद्यालय ककराही में शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी टांडा कृष्ण कुमार सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान में छात्र-छात्राओं, अध्यापकों और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक शब्बीर अहमद ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। प्रधान प्रतिनिधि संदीप वर्मा ने दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने की बात कही। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने जोर देते हुए कहा कि एक भी मतदाता मतदान से छूटने न पाए। उन्होंने शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार ने किया। कार्यक्रम प्रभारी नोडल शिक्षक संकुल निशात रफी के अतिरिक्त शाइस्ता, मोहिउद्दीन, प्रगति गुप्ता, उज्मा तबस्सुम, प्रतिमा मौर्या, किरन वर्मा, अर्चना पटेल, कंचनलता, मोहम्मद अनवर, अरुण पांडेय, नगमा शाहीन, अजरा परवीन, साजिदा नूरी, रामसेत वर्मा, शिव नारायण, शरदचंद्र पटेल, जयप्रकाश चौधरी आदि मौजूद थे।

वोटरों को किया जागरूक

जहांगीरगंज, अमृत विचार। तहसील आलापुर विकासखंड रामनगर अंतर्गत पंडित राम अवध स्मारक इंटर कॉलेज मसेना मिर्जापुर रामनगर में मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों नुक्कड़ नाटक और लोकगीतों के जरिए छात्र-छात्राओं ने लोगों को शत-प्रतिशत मतदान को प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने खुशनुमा माहौल में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां नुक्कड़ नाटक और लोकगीतों के जरिए लोगों को मतदान करने व सभी को को मतदाता जागरूकता अभियान में सहभागी बनने के लिए किया प्रेरित किया। एसडीएम आलापुर सदानंद सरोज ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के प्रति सभी मतदाता अपनी अपनी जिम्मेदारी समझे और अपने-अपने दायित्व्यों का निर्वहन करें। उन्होंने सभी से अपील किया कि आप सभी लोग सबसे पहले मतदान फिर जलपान करें। मतदाता जागरूकता गोष्ठी के मौके पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार राज कपूर, प्रबंधक विजय नारायण पांडे, प्रधानाचार्य जयशंकर त्रिपाठी, नरेंद्र बहादुर यादव के अलावा सभी शिक्षक इंद्रेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

युवकों की पिटाई में 3 पुलिसकर्मी सस्पेंड

जहांगीरगंज, अमृत विचार। जनपद के जहांगीरगंज थाना पुलिस द्वारा तीन युवकों की पिटाई के मामले में तीन सिपाहियों को पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने निलंबित कर दिया है। आरोप है कि ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके तीन युवकों को पुलिस ने थाने में लाकर जमकर पिटाई किया और उनसे रुपए की भी वसूली किया। मामले में एसपी ने जांच के लिए एएसपी पश्चिमी विशाल पांडेय के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम गठित की है। इसमें दो क्षेत्राधिकारी भी शामिल हैं। बता दें कि जहांगीरगंज थाना की पुलिस पर तीन युवकों ने आरोप लगाया था कि बीते 4 अप्रैल की रात को वह लोग खाना खाने के लिए एक ढाबे पर रुके थे। तभी जहांगीरगंज थाने की पुलिस उन लोगों को पकडक़र थाने पर ले गई और उन लोगों की जमकर पिटाई किया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने 80 हजार रुपए जबरन ले लिए। एसपी ने पूरे मामले में आरोपी तीन सिपाही सौरभ यादव, नवनीत राणा और प्रवीण राजभर को निलंबित कर दिया है। जांच टीम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय, क्षेत्राधिकारी टांडा शुभम कुमार और आलापुर क्षेत्राधिकारी रामबहादुर सिंह को शामिल किया गया है। आरोप है कि संतकबीरनगर निवासी सुरेंद्र, प्रदीप और अंबेडकरनगर निवासी विवेक पांडेय को उक्त ढाबे पर पहुंच कर गत दिवस थाने में तैनात एक उपनिरीक्षक के अलावा सिपाही सौरभ यादव, नवनीत राणा व प्रवीण राजभर समेत अन्य एक सिपाही द्वारा बर्बरता पूर्वक पीटकर 80 हजार रुपए वसूले गए थे।

दो पीड़ितों का बयान दर्ज : मामले में पीड़ित पक्ष के संतकबीर नगर निवासी सुरेंद्र व प्रदीप का बयान दर्ज कर लिया गया है। मामले में तीन सिपाहियों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। जबकि आरोपी उपनिरीक्षक और एक सिपाही को अभी कार्रवाई से दूर रखा गया है।

एसआईटी कर रही मामले की जांच : युवकों ने जब पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ से मामले की शिकायत किया तो एसपी ने मामले की जांच सीओ आलापुर को दिया। इसके बाद एसआईटी गठित कर दी। जिसमें एएसपी पश्चिमी, सीओ टांडा और सीओ आलापुर की तीन सदस्यीय एसआईटी टीम ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

खेल से मानसिक और शारीरिक क्षमता का होता है संपूर्ण विकास : चेयरमैन

बसखारी, अमृत विचार। खेल ऐसी विधा है जो हमें टीम वर्क करने की प्रेरणा के साथ भाईचारे का संदेश देती है। खेल से मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास तो होता ही है साथ ही दिमाग की क्षमता और सामरिकता में वृद्धि भी होती है।

उक्त बातें बातौर मुख्य अतिथि टांडा विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित शुकुल बाजार में रूल आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ओंमकार गुप्ता ने कहीं। चेयरमैन ओमकार गुप्ता ने शुकुल बाजार प्रीमियम टेनिस रूल आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान चेयरमैन ने पिच पर पहुंचकर खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए शानदार बैटिंग भी की। इससे पहले शुकुल बाजार पहुंचने पर नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता का आयोजन समिति के सदस्यों ने माला पहनकर स्वागत भी किया।

इस दौरान सचिन शुक्ला, अजय शुक्ला, दिनेश, अंकित मोदनवाल, पवन जायसवाल, रतन जायसवाल, सूरज गुप्ता, राहुल पांडे, विकास अग्रहरि, अंकित शुक्ला, अमर जीत जयसवाल सहित कई अन्य क्रिकेट आयोजन समिति के सदस्य और क्रिकेट प्रेमी दर्शक मौजूद रहे। टूर्नामेंट का पहला मैच कौडाही, शुकुल बाजार पूर्वी टीमों के बीच खेला गया। जिसमें कौड़ाही की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच को 17 रन से जीत लिया।

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना संख्या 58/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित **ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों** का संचलन निम्नवत् किया जाएगा।

गाड़ी सं. 05053/05054 गोरखपुर जं.–बान्द्रा(टर्मि.)–गोरखपुर जं. सुपरफास्ट विशेष गाड़ी (साप्ताहिक)

गाड़ी सं. **05053** गोरखपुर से दिनांक **19.04.2024** से **28.06.2024** तक (शुक्रवार) को (11 फेरे) और
गाड़ी सं. **05054** बान्द्रा(टर्मि.) से दिनांक **20.04.2024** से **29.06.2024** तक (शनिवार) को (11 फेरे)

गाड़ी सं. 05053 गोरखपुर–बान्द्रा(टर्मि.)		स्टेशन	गाड़ी सं. 05054 बान्द्रा(टर्मि.)–गोरखपुर–	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	09:30	गोरखपुर जं.	06:25	---
10:08	10:10	खलीलाबाद	05:12	05:15
10:35	10:40	बस्ती	04:40	04:45
11:55	12:00	गोंडा जं.	03:25	03:30
14:00	14:02	बादशाह नगर	01:18	01:20
14:30	14:40	ऐशबाग	00:45	00:55
16:05	16:10	कानपुर सेन्ट्रल	22:45	22:50
19:05	19:10	टूण्डला	18:55	19:00
20:20	20:25	आगरा किला	17:10	17:15
22:55	23:00	गंगापुर सिटी	12:50	12:55
01:00	01:05	कोटा जं.	10:40	10:45
02:18	02:20	भवानी मंडी	09:13	09:15
02:43	02:45	शामगढ़	08:48	08:50
06:15	06:25	रतलाम जं.	06:40	06:50
10:20	10:30	वडोदरा जं.	03:02	03:12
12:23	12:28	सूरत	01:36	01:41
13:20	13:22	वलसाड	23:54	23:56
13:40	13:42	वापी	23:34	23:36
16:10	16:12	पालघर	22:33	22:35
17:10	17:15	बोरीवली	21:45	21:50
18:00	---	बान्द्रा(टर्मि.)	---	21:15

रेक संरचना: एल.एस.एल.आर.डी.–01, जनरेटर–सह–लग्गेज यान–01, साधारण द्वितीय श्रेणी–20 = कुल 22 कोच

गाड़ी सं. 05303/05304 गोरखपुर–महबूबनगर–गोरखपुर विशेष गाड़ी (साप्ताहिक)

गाड़ी सं. **05303** गोरखपुर से दिनांक **20.04.2024** से **29.06.2024** तक (शनिवार) को (11 फेरे) और
गाड़ी सं. **05304** महबूबनगर से दिनांक **22.04.2024** से **01.07.2024** तक (सोमवार) को (11 फेरे)

गाड़ी सं. 05303 महबूबनगर–गोरखपुर		स्टेशन	गाड़ी सं. 05304 गोरखपुर–महबूबनगर	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	08:30	गोरखपुर	09:00	---
09:08	09:10	खलीलाबाद	07:50	07:52
09:36	09:39	बस्ती	07:15	07:20
11:00	11:05	गोंडा	05:40	05:45
13:25	13:35	ऐशबाग	03:00	03:10
15:05	15:10	कानपुर सेन्ट्रल	01:25	01:30
16:40	16:42	उरई	22:20	22:22
18:45	18:53	वीरांगना लक्ष्मीबाई जं.	21:10	21:20
23:10	23:15	भोपाल	13:45	13:50
00:45	00:55	इटारसी	11:55	12:05
06:40	06:45	नागपुर	06:30	06:35
10:00	10:05	बल्हारशाह	03:15	03:20
10:55	10:57	सिरपूर कागजनगर	01:30	01:32
11:30	11:32	बेल्लमपल्ली	01:05	01:07
12:00	12:01	रामगुंडम	00:30	00:32
13:25	13:27	काज़ीपेट जं.	22:58	23:00
15:35	15:36	मलकाजगिरी	20:45	20:46
16:15	16:30	काचीगुडा	20:10	20:25
17:20	17:21	शादनगर	18:52	18:53
18:00	18:01	जडचर्ला	18:20	18:21
19:30	---	महबूबनगर	---	18:00

रेक संरचना: जनरेटर–सह–लग्गेजयान–01, एल.एस.एल.आर.डी.–01, साधारण द्वितीय श्रेणी–03 शयनयान–03, तृतीय वातानुकूलित इकोनॉमी श्रेणी–14 = कुल 22 कोच

मुजाधि/टी–5सी मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थों को लेकर यात्रा न करें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं:–

क्रम सं.-1, ई–प्रापण निविदा संख्याः उप मु.इं.-नि.-1-जीकेपी-जीसी-1-2024, दिनांक 10-04-2024, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय एवं संबद्ध कार्यालय के लिये जनरल कंसल्टेंसी सर्विस हेतु जनरल कंसलटेंट की नियुक्ति के प्रस्ताव के लिये अनुरोध। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹35,05,23,311.88, बयाना राशिः ₹ 19,02,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः –, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 36 महीने।

• बिड प्रारम्भ करने की तिथि दिनांक 13-05-2024 • उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि दिनांक 27-05-2024, 15:00 बजे तक, • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 27-05-2024, 15:30 बजे • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगें।

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण–1/जीकेपी, मुजाधि/डब्लू–16 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा – डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा – डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

शिक्षक परिशिष्ट बहराइच

के बी इंटर कालेज
श्री प्रकाश पटेल
प्रधानाचार्य

अशोक मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय
खुटेहना

ममता इंटर कालेज
ग्राम- कुड़वा, ब्लॉक -मिहीपुरवा, जिला- बहराइच।

इंटर कॉलेज में सुविधाएं

1. प्रशिक्षित शिक्षकों एवं प्राकृतिक वातावरण से परिपूर्ण विद्यालय परिसर।
2. छात्र-छात्राओं को लाने ले जाने की उचित व्यवस्था।
3. प्ले ग्रुप एवं स्मार्ट क्लासेस की उचित व्यवस्था के साथ एलसीडी की सुविधा।
4. बच्चों के मनोरंजन एवं शारीरिक व्यायाम हेतु उपकरणों की उचित व्यवस्था

ममता शुक्ला प्रबंधक

लक्ष्मी देवी इण्टर कालेज
मधवापुर, जनपद- बहराइच

विजय कुमार सिंह
प्रधानाचार्य

फूलबक्श सिंह इंटर कालेज
हुजूरपुर, जनपद- बहराइच

डा0 पवन कुमार सिंह
प्रधानाचार्य

श्रीमती प्रियंका सिंह
प्रबंधक

GURU KRIPA
DIVINE GRACE
PUBLIC SCHOOL
BAHRAICH

GURU KRIPA AFFILIATION NO.: 2131342

DIVINE GRACE PUBLIC SCHOOL
ESTD. 2004 BAHRAICH

(A CBSE SENIOR SECONDARY SCHOOL WITH SCIENCE, COMMERCE & HUMANITIES)
RANJITPUR, HUZOORPUR ROAD, BAHRAICH.

Chavi Raitani
Founder and Manager
Guru Kripa Divine Grace Public School
Bahraich

श्री शिव नारायन जायसवाल इण्टर कालेज
जायसवाल नगर टिकुवापारा
मो0 नं0- 7905840913, 8874404942

1. कक्षा 1 से इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग
2. बालिकाओं की स्वकेन्द्र बोर्ड परीक्षा
3. सी.सी टीवी के निगरानी में शिक्षण कार्य
4. राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा स्कालरशिप व्यवस्था,
5. कुशल व प्रशिक्षित शिक्षकों से शिक्षण कार्य

उमाकान्त जायसवाल
निदेशक

चन्द्रप्रकाश मिश्र, प्रधानाचार्य
कृपाराम जायसवाल, प्रबन्धक

जय मां काली इंटर कालेज
उर्रा सौंजहां, मिहीपुरवा बहराइच

राजितराम पाल
वरिष्ठ शिक्षक

पंकज पाल
प्रधानाचार्य

जय मां काली इंटर कॉलेज, उर्रा सौंजहां, मिहीपुरवा, बहराइच

राष्ट्र सर्वोपरि आस्था

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> आंबेडकर ने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागिरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पढ़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया। भारतीय इतिहास बोध के प्रेमी उनके ऋणी रहेंगे।

डॉ.बी.आर. आम्बेडकर वाकई भारत रत्न हैं। प्रख्यात मनीषी, संविधान सर्जक, व श्रद्धेय राष्ट्र निर्माता। वे अद्वितीय थे, प्रेरक थे, अमर थे। उन्होंने भारतीय सार्वजनिक जीवन में हस्तक्षेप किया। उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और विचार आधुनिक राजनीति को भी लगातार प्रभावित कर रहे हैं। वे अपने जीवनकाल से ज्यादा आधुनिक काल में भी प्रभावी हैं। वर्तमान जैसे विद्यमान श्रीमान है। प्रखर राष्ट्रवादी हैं। डॉ. आम्बेडकर अपने समकालीन विद्वानों, राजनेताओं के मध्य श्रेष्ठ बुद्धिजीवी थे। राष्ट्रनिष्ठ और बहुपठित थे। वे भारतीय समाज संरचना के तर्कनिष्ठ आलोचक थे। उन्होंने ऋग्वेद सहित सम्पूर्ण प्राचीन भारतीय वाड्.मय पढ़ा। उपनिषद पुराण और स्मृति ग्रंथ भी उनके प्रिय विषय रहे। उन्होंने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागीरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पढ़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया। भारतीय इतिहास बोध के प्रेमी उनके ऋणी रहेंगे।

राजनीति ने 'जाति और शूद्र' को भारतीय इतिहास का प्राचीन तत्व बनाया है। ब्रिटिश विद्वान व जातिवादी राजनीति का एक बड़ा धड़ा आर्यों को विदेशी हमलावर और शूद्रों को पराजित नस्ल बताता रहा है। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा, "यह धारणा गलत है कि आर्य आक्रमणकारियों ने शूद्रों को जीता। पहली बात तो यह कि आर्य भारत में बाहर से आए थे और उन्होंने यहां के मूल निवासियों पर आक्रमण किया, इस कहानी के समर्थन के लिए कोई भी प्रमाण नहीं है। भारत ही आर्यो का मूल निवास स्थान था, यह सिद्ध करने के लिए प्रमाण-सामग्री काफी बड़े परिमाण में है। आर्यो और दस्युओं में युद्ध हुआ, यह साबित करने के लिए कोई प्रमाण नहीं है। फिर दस्युओं का शूद्रों से कुछ लेना-देना नहीं है।" (डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर राइटिंग्स एण्ड स्पीचेज खण्ड 7 पृष्ठ 420) आर्यों को विदेशी मानने का झूठ अभी भी जारी है।

डॉ.आम्बेडकर की पुस्तक "हू वेयर शूद्राज" (शूद्र कौन थे?) (1946) पठनीय है। उन्होंने एक विद्वान अधिवक्ता की तरह पहले पाश्चात्य विद्वानों के विचार दिये हैं। उन स्थापनाओं को तर्क सहित गलत बताया है। उन्होंने ऐसे विद्वानों की 7 मुख्य स्थापनाएं बनाई - 1. जिन लोगों ने वैदिक साहित्य रचा था, वे आर्य नस्ल के थे। 2. आर्य नस्ल बाहर से आई थी और उसने भारत पर आक्रमण किया था। 3. भारत के निवासी दास और दस्यु रूप में जाने जाते थे और ये आर्यो से नस्ल के विचार से भिन्न थे। 4. आर्य श्वेत नस्ल के थे, दास और दस्यु काली नस्ल के थे। 5. आर्यो ने दासों और दस्युओं पर विजय प्राप्त की। 6. दस और दस्यु विजित होने के बाद दास बना लिए गए और शूद्र कहलाए। 7. आर्यो में रंगभेद की भावना थी। इसलिए उन्होंने चातुर्वर्ण्य का निर्माण किया। इसके द्वारा उन्होंने श्वेत नस्ल को काली नस्ल से, यथा दासों और दस्युओं से अलग किया। (वही, खण्ड 7, पृष्ठ 65) इसके बाद सातों विचार बिन्दुओं की सभी स्थापनाओं को गलत बताया। ऋग्वेद के उद्धरण दिये और लिखा "इन (शब्दो) के प्रयोग देखने से निष्कर्ष यह निकलता है कि ये शब्द नस्ल के अर्थ में कहीं भी प्रयुक्त नहीं हुए" (वही पृष्ठ 70) वे आर्यों को विदेशी बताने का तर्क काटते हैं "जहां तक वैदिक साहित्य का संबंध है, वह इस सिद्धांत के प्रतिकूल है कि आर्यो का मूल निवास भारत से कहीं बाहर था।" (वही) आर्य विदेशी होते तो भारतीय नदियों को माता कहकर प्रणाम न करते। आर्य हम सबके पूर्वज थे।

डॉ. आम्बेडकर ने रंग (वर्ण) भेद के आधार पर आर्यो और शूद्रों को अलग बताने वाली स्थापना को भी गलत बताया। उन्होंने ऋग्वेद के तमाम उद्धरण दिए और लिखा, "आर्य गौर वर्ण के थे और श्याम वर्ण के भी थे। अश्विनी देवों ने श्याव और रूक्षती का विवाह करवाया। श्याव श्याम वर्ण है, रूक्षती गौर वर्ण है।" डॉ. आम्बेडकर की स्थापना है "इन उद्धरणों से ज्ञात होता है कि वैदिक आर्यो में रंगभेद की भावना नहीं थी। ऋग्वेद के एक ऋषि दीर्घ तमस् है, वे श्याम वर्ण के, और कण्व भी श्याम वर्ण के थे।" आर्यों के दोनों अवतारी पुरुष श्रीराम व श्रीकृष्ण सांवले थे। महाभारत के प्रतिष्ठित योद्धा अर्जुन भी श्याम रंग के थे। समूचा आर्य समाज एक था। हिन्दू प्राचीन आर्य समाज की ही नई संज्ञा है।

डॉ. आम्बेडकर ने लिखा "हिन्दुओं से अछूतों को अलग करने की मांग पर मुसलमानों ने जोर दिया था। 27 जनवरी 1910 को उन्होंने सरकार के सामने एक आवेदन प्रस्तुत किया था। उनका दावा था कि देश की राजनीतिक संस्थाओं में उनके प्रतिनिधित्व का अनुपात सभी हिंदुओं की संख्या के अनुसार निश्चित न किया जाना चाहिए वरन् सवर्ण हिंदुओं की संख्या के अनुरूप ही निश्चित होना चाहिए। उनका कहना था कि अछूत हिंदू नहीं हैं।" (खण्ड 5 पृष्ठ 7) लिखा कि "1909 में मुसलमानों की ओर से आगा खां ने वायसराय मिंटो के सामने आवेदन पेश किया था-राजनीतिक संस्थाओं और सार्वजनिक सेवाओं में मुसलमानों को पृथक् और पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। 1901 में जो मर्दुमशुमारी हुई थी उसमें मुसलमान कुल आबादी का चैथाई या पांचवां हिस्सा थे। यदि हिन्दू समुदाय से अस्पशर्य अंगों को निकाल दिया जाए, जो प्रकृति पूजक हैं या छोटे-मोटे धर्म मानने वालें हैं, वे निकाल दिये जाएं, तो बहुसंख्यक हिंदुओं के मुकाबले मुसलमानों की संख्या का अनुपात पहले से बढ़ जाता है।" (खण्ड 7, पृष्ठ 311-12)

ऋग्वेद में कहीं भी 4 वर्ण नहीं है। शब्द ब्राह्मण का भी वर्ण के अर्थ में प्रयोग नहीं हुआ। डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा (भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेष, पृष्ठ 53) है, "ऋग्वेद में ब्रह्मन् शब्द बहुत बार आया है। इसका अर्थ ब्राह्मण वर्ण नहीं है। ब्रह्मन् की तरह अनेक बार ब्रह्मा का भी प्रयोग हुआ है। इसका मूल अर्थ प्रषस्तिपरक काव्य है। कवि इन्द्र से कहता है, हम तेरे लिए अभूतपूर्व स्तोत्र कहते हैं। (8.90.3) ब्रह्मन् की तरह ब्रह्मा भी कवि, गायक, स्तोता हैं। वशिष्ठ इसी अर्थ में ब्रह्मन् है। (8.90.3) इन्द्र वशिष्ठ से कहते हैं-हे वशिष्ठ, ब्राह्मन्, तू उर्वषी के मन से उत्पन्न हुआ है। (7.33.11) इन तमाम संदर्भो में स्तुति और स्तोत्र की चर्चा है। ब्राह्मणाम् का अर्थ ब्राह्मण जाति या वर्ण नहीं, कवि, ब्रह्मकार गायक है।"

राष्ट्र सर्वोपरि आस्था है। डॉ. आंबेडकर ने लिखा, "भारत एक भौगोलिक इकाई है। इस इकाई का निर्माण प्रकृति ने किया है। यह सही है कि भारतवासी आपस में झगड़ते रहते हैं,परंतु इन झगड़ों से उस एकता का नाश नहीं हो सकता जो प्रकृति के समान ही सनातन है। भौगोलिक एकता के साथ ही यहां सांस्कृतिक एकता भी है।" डॉ. आम्बेडकर के निष्कर्ष रोमांचकारी हैं। भारत प्रकृति निर्मित राष्ट्र है। राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता प्रकृति के समान सनातन है। संविधान निर्माण के आखिरी दिन (25.11.1949) उन्होंने भावुक भाषण दिया। अंत में कहा, "यहां मैं अपना भाषण खत्म कर देता किन्तु मेरा मस्तिष्क देश की भविष्य चिन्ता से परिपूर्ण है। क्या भारत अपनी स्वतंत्रता बनाये रखने में कामयाब होगा? जाति और मत-मतान्तर राजनैतिक पक्ष बन रहे हैं। क्या भारतीय मत-मतान्तरों को राष्ट्र से श्रेष्ठ मानेंगे या राष्ट्र के मत मतान्तरों से ऊपर?" डॉ. आम्बेडकर की आस्था का केन्द्र राष्ट्र था। हम सबको अपने भारतरत्न पर गर्व है।

दिल्ली: केंद्र की किंकर्तव्यविमूढ़ता

> केंद्र और उसका गृह मंत्रालय व दिल्ली के उपराज्यपाल इतने असहाय भी नहीं हैं, जैसा वे आचरण कर रहे हैं। राज्य सरकारें संधिधान के अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र द्वारा बर्खास्त की जा सकती हैं।

अधूरे प्रदेश दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 21 मार्च को शराब घोटाले में जेल भेजे जा चुके हैं,तब से वहीं पर हैं और जन तथा विधायी कार्य देखने की स्थिति में नहीं हैं। वे त्याग पत्र नहीं दे रहे हैं और वहीं से सरकार चलाने की हठ कर रहे हैं। इस बिंदु पर संविधान में कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। हर चीज पर कानून या सांविधानिक प्रावधान हो भी नहीं सकते। व्यवहारिक पक्ष और नैतिकता भी मायने रखती है।

हालांकि आजकल नैतिकता शब्द केवल डिक्शनरी तक सीमित है,व्यवहार में दृष्टिगत नहीं होता है। इसके पहले कई बार पदासीन मुख्यमंत्रियों के जेल जाने की नौबतें आई, तब उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया और जगहंसाई नहीं करवाई। केजरीवाल अद्वितीय निकले। त्यागपत्र तो नहीं ही दे रहे हैं, जेल से सरकार चलाने का भी दावा कर रहे हैं। उनका एक दुर्गुण आज उनके लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। वह यह कि उन्होंने अपने पास कोई विभाग ही नहीं रखा जिससे फिलहाल रोजमर्रा के काम नहीं रुक रहे। इस तरह फिलहाल वे चन्द्रमा पर से भी दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

दिक्कतें आएंगी, जब उनकी सदन, विधान मंडल दल और जनता में उपस्थिति जरूरी होगी, किंतु तत्काल तो वे समस्याएं पैदा ही कर रहे हैं। देश में एक केंद्र सरकार भी है। उसकी इस प्रकरण पर तीन हफ्ते से तटस्थता आश्चर्यजनक है। जब मुख्यमंत्री को कारागार भेजा है तो परवर्ती परिणामों का भी ख्याल रखना चाहिए था और उपाय कर लेना था। शायद भाजपा ने सोचा होगा कि इस्तीफा तो हो ही जाएगा और फिर विधायकों की तोड़फोड़ करके अपनी सरकार बना लेंगे जिससे दिल्ली व अन्यत्र भी लोकसभाई चुनावों में लाभ मिलेगा। गणित फेल हो गई। अब निरुपाय होकर टुकुर-टुकुर क्या देख रहे हैं? विश्व में एक नमूना कायम हो रहा है,क्योंकि दिल्ली संसार के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की राजधानी है। विश्व में यह संदेश जा रहा है कि मुख्यमंत्री या उस जैसा कोई अन्य जन प्रतिनिधि अपराधिक मामले में जेल में बंद रहकर भी पद पर बना रह सकता है।

केंद्र और उसका गृह मंत्रालय व दिल्ली के उपराज्यपाल इतने असहाय भी नहीं हैं, जैसा वे आचरण कर रहे हैं। राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र द्वारा बर्खास्त की जा सकती हैं। बशर्ते कि वहां संवैधानिक तंत्र चरमरा गया हो। यह शर्त दिल्ली में स्पष्टतया पूरी हो रही है। मुख्यमंत्री नेता सदन होता है। सदन के प्रति वह उत्तरदायी भी है। क्या जेल से वह सदन में बैठ सकेगा? वह कैबिनेट बैठकों की अध्यक्षता भी करता है। कारागार से कैसे करेगा?

जनता का दुख दर्द समस्याएं सुनना,समझना और निराकरण उसका दायित्व है। आज के हालात में वह यह सब कैसे करेगा? तब फिर केंद्र किस बात इंतजार कर रहा है? जनता की समस्याओं से मुंह क्यों फेरे हैं? शायद चुनावी नफा नुकसान! या सुप्रीमकोर्ट का डर कि कहीं राष्ट्रपति शासन लगाने की उद्घोषणा का न्यायिक पुनरीक्षण न कर ले और स्थगित न कर दे। तब चुनाव बुरी तरह प्रभावित हो जाएंगे,जो भी हो केंद्र को कदम तो उठाना ही होगा। साहसहीनता आधारित किंकर्तव्य विमूढ़ता ठीक नहीं। दिल्ली प्रांत के लिए संविधान में एक प्रावधान और है,जो राज्य सरकार को निष्क्रिय कर देगा। वह है-अनुच्छेद 239 ए बी। इसका प्रयोग भी किया जा सकता है। बहरहाल हर हाल में कदम तो बढ़ाना ही पड़ेगा।

आधुनिक भारत के शिल्पी, सर्व समाज के आदर्श बाबा साहेब

प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के संविधान की रचना करने वाले महामुनी डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के रूप बनाने का निर्णय लिया,क्योंकि इसी संविधान सभा ने 1949 में अपना काम पूरा कर लिया था,तब से हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की राष्ट्र निर्माण एवं संविधान निर्माण में अद्वितीय, अतुलनीय और अप्रतिम योगदान के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का इससे बेहतर कोई और विकल्प मेरी समझ से हो नहीं सकता था। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में संवैधानिक मूल्यों के प्रति देश के नागरिकों में सम्मान की भावना प्रबल करने और नई पीढ़ी को इन मूल्यों के प्रति जागरूक करने लिए के इस दिवस का विशेष महत्व है।

संविधान सभा की प्रारूप समिति में जिन सात लोगों को शामिल किया गया,उनमें कन्हैयालाल मुंशी,मोहम्मद सादुल्लाह,अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर,गोपाल स्वामी अय्यंगार,एन. माधव राव और टीटी कृष्णामचारी थे। इनमें से एक सदस्य बीमार हो गए,दो दिल्ली के बाहर थे,एक विदेश में थे, एक ने बीच में ही इस्तीफा दे दिया और एक सदस्य किन्हीं कारणों से नहीं आ सके। इस तरह से सात सदस्यों वाली कमेटी में अकेले डॉ. आंबेडकर के कंधों पर संविधान का मसौदा तैयार करने की सारी जिम्मेदारी थी। यह तथ्य ड्राफ्टिंग कमेटी के ही सदस्य टीटी कृष्णामाचारी ने नवंबर 1948 में संविधान सभा में कहा कि 'मृत्यु, बीमारी और अन्य व्यस्तताओं' की वजह से कमेटी के ज्यादातर सदस्यों ने मसौदा बनाने में पर्याप्त योगदान नहीं दिया। इसके चलते संविधान तैयार करने का बोझ डॉ. आंबेडकर पर आ पड़ा। इससे समझा जा सकता है कि इतने महत्वपूर्ण मसौदे को तैयार करने में कितनी शक्ति एवं विचार की आवश्यकता रही होगी।

संविधान में सर्व कल्याण की मूल भावना समाहित है,क्योंकि उसमें इस श्लोक के विचार को समाहित किया गया है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।।' मंत्र को केंद्र में रखते हुए सर्व समाज के कल्याण एवं हितों का संरक्षण करने वाले संविधान की रचना की। इस मंत्र को साकार करने के लिए संविधान में आर्टिकल 41 एवं 42 के अंतर्गत स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं कि राज्य अपनी आर्थिक क्षमता और विकास की सीमाओं के अनुसार काम पाने,शिक्षा पाने, बेकारी, बुढ़ापा, बीमारी और निःशक्तता तथा अन्य अनर्ह अभाव की दशाओं में लोक सहायता पाने के अधिकार को प्राप्त कराने, काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का प्रभावी उपबंध करेगा। इन्हीं प्रावधानों के करण पिछले 75 वर्षों से देश के सभी नागरिकों को विभिन्न प्रकार की सामाजिक कल्याण की सुविधाएं प्राप्त हो रही है और इन कल्याणकारी सुविधाओं या योजनाओं में किसी प्रकार का जाति,धर्म, क्षेत्र या वर्ग में कोई भेद नहीं है,ये प्रावधान सर्व समाज के लिए एवं देश के प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्ध हैं। हमारे आपस में दलगत राजनीति के कारण कितने ही मतभेद क्यों न हों,लेकिन जब भी देश की बात होती है तो सभी लोगों की राय एक ही रहती है कि देश चलेगा तो संविधान से ही,यह भाव इसकी सर्वग्राहता एवं सार्वभौमिकता का द्योतक है। बाबा साहब डॉ. आंबेडकर सामाज में व्याप्त भेदभाव से वाकिफ थे और इसके निवारण के लिए वे शिक्षा के प्रसार एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर जोर देते थे,उनका स्पष्ट मानना था कि समाज के हर व्यक्ति को शिक्षित होना आवश्यक है। क्योंकि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त किया जा सकता है। परिवार ने निजी तौर पर कई दुश्वारियां झेली,उनके चार-चार बच्चे काल के गाल में समा गए,लेकिन बाबा साहब इन सबको दरकिनार कर निजी दुख से विचलित हुए बिना देश के करोड़ों बच्चों के भविष्य को सवांरने की चिंता में लीन राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक कल्याण के लिए एक तपस्वी संत की भांति पूर्ण मनोयोग से समर्पित रहे। नित रोज कुछ नया करने एवं सीखने की ललक डॉ. आंबेडकर को पुस्तकों के करीब ले जाती थी। वे हर दिन घंटों अपने निजी पुस्तकालय में अध्ययन करते थे, उनके पुस्तकालय में हजारों पुस्तकें थी,उनको लिखने का बहुत शौक था। डॉक्टर आंबेडकर लगभग 65 वर्ष से भी कम समय तक हम लोगों के बीच रहे। इतने कम समय में इतनी पुस्तकों का अध्ययन व रचना करना उनके उच्च अकादमिक कैलिबर के व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है।

एक बार सांसद को संबोधित करते हुए बाबा साहब ने मजाकिया अंदाज में जिक्र किया था कि इस समाज को जब कभी दिशा देने की आवश्यकता पड़ी तो समाज ने हमको चुना। महाभारत काल में मत्स्यगंधा के पुत्र महर्षि वेद व्यास ने महाभारत ग्रंथ की रचना की,त्रेता युग में महर्षि वाल्मीकि ने रामायण रची और आधुनिक काल में यह दायित्व डॉक्टर आंबेडकर को मिला। महर्षि वाल्मीकि का चित्र वाला रामायण देश व दुनिया के करोड़ों घरों व देवालयों में स्थापित है। महर्षि वेद व्यास द्वारा रचित महाभारत भी करोड़ों घरों और देवालयों में शोभायमान है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का स्थान एक समाज के नायक, महान समाज सुधारक,महामुनि और महान तपस्वी संत से अधिक आधुनिक भारत के निर्माण के शिल्पी के रूप में युगों-युगों तक याद किया जाएगा।

वंचितों के मसीहा डॉ.आंबेडकर


डॉ. सुभाष चन्द्र
सह. पुस्तकालय अध्यक्ष एमजेपीआरयू, बरेली

भक्ति काल में वंचित एवं पिछड़ी जातियों में अनेक संतों का उदय हुआ था। उनमें मुख्यतः कबीर, रविदास, घाना, पीपा इत्यादि महान संत हुए। इसके इतर सामाजिक बुराइयों से संघर्ष करने वालों में नारायण गुरु, पेरियार, महात्मा ज्योतिबा फुले आदि शख्सियतों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ण व्यवस्था कई तरह के अन्यायों यथा- आर्थिक अन्याय, सामाजिक अन्याय, राजनीतिक अन्याय, धार्मिक अन्याय एवं सांस्कृतिक अन्याय की जननी रही है। हम सभी जानते है कि डॉ. आंबेडकर का जन्म एक अछूत जाति में हुआ था। बाल्यकाल से ही उन्हें उपरोक्त अन्यायों को सहन करना पड़ा और इन अन्यायों ने जीवन पर्यंत किसी न किसी रूप में उनका पीछा नहीं छोड़ा।

कई बार लोग कहते हैं कि आंबेडकर स्वतंत्रता आंदोलन में कहां थे? वे स्पष्ट कहते हैं कि 'इस देश को आजादी मिलनी चाहिए, जितना आप चाहते हैं, उतना ही मैं भी चाहता हूं,लेकिन मेरे मन में एक प्रश्न है कि देश की आजादी आएगी तो मेरी और मेरे मित्रों और बंधुओं की आजादी या नहीं या वे वैसे ही गुलाम बने रहेंगे'। वे कांग्रेस के नेताओं से पूछते थे कि 'क्या आप मुझे विश्वास दिला सकते हो कि आजादी मिलने के बाद मेरे इन बंधुओं की भी आजादी आ जाएगी, क्या वे स्वतंत्र होंगे'? उस समय हिंदू नारियों की अवस्था भी वंचित तबके के समान ही दयनीय थी। इस संदर्भ में हिंदू कोड बिल के माध्यम से उन्होंने जो कानूनी प्राविधान किए थे,वे ऐतिहासिक स्वरूप के हैं।

आंबेडकर ने वंचित समाज के लोगों को एक मंच दिया,मूक लोगों को वाणी दी, जैसा कि 'मूकनायक' नाम के उनके समाचार पत्र को हम जानते हैं। एक अस्तित्व दिया, आधार दिया, उनमें आत्मविश्वास पैदा किया। उन्होंने अधिकारों के लिए लोगों को जागरूक किया,संगठित किया, अनुशासित किया,संघर्ष के लिए तैयार किया। लोगों को स्वाभिमानी बनाया,शिक्षित होने का आह्वान किया,अपने अधिकार लेने के लिए लोगों को एकत्रित किया और कई सफल आंदोलन किए।

डॉ. आंबेडकर के प्रयासों से ही आजादी के उपरांत वंचित समाज के उत्थान एवं विकास के लिए आरक्षण को एक संवैधानिक प्रावधान के तहत स्वीकार किया गया। आजादी के सतहत्तर वर्षों उपरांत भी यह नीति सरकार,संविधान एवं न्याय पालिका के संरक्षण में क्रियान्वित है। कोई भी व्यक्ति या सरकारी संस्था आरक्षण के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं कर सकती। आरक्षण नीति का समाज के दलित, शोषित, वंचित समाज को बहुत लाभ भी मिला है। अधिकारों के प्रति जागरूकता का भी विकास हुआ है।

फुले, आंबेडकर और राहुल सांकृत्यायन

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

अप्रैल माह का पहला पखवाड़ा स्वतंत्रता, समता,भाईचारे का आधुनिक भारत में जिन महापुरुषों ने सपना देखा था की जयंती का है। ज्योतिराव फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को,डॉ. बी.आर आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को और महापंडित राहुल से सांकृत्यायन का जन्म 9 अप्रैल 1891 को हुआ। इन तीनों महापुरुषों में व्यक्तित्व, कृतित्व, दर्शन, विचार समान हैं, हिंदुत्ववादी व्यवस्था में संस्कारों, परंपराओं, वर्ण जाति व्यवस्था, पितृसत्ता का समर्थन करने वाले मूल्यों का खंडन किया। महात्मा ज्योतिराव फुले ने अपनी पुस्तक गुलामगिरी,डॉ. आंबेडकर ने 'जाति का विनाश' और राहुल सांकृत्यायन ने अपनी पुस्तक 'तुम्हारी क्षय' में वर्ण व जाति व्यवस्था के आधार पर समाज में व्याप्त व्यवस्था पर सच्चाई वर्णित की है। बाबा साहब आंबेडकर की जयंती के कार्यक्रम बहुत बड़े स्तर पर पूरे भारत में मनाए जाते हैं।

बरेली में भी पखवाड़े के रूप में रन फॉर आंबेडकर 11 अप्रैल को महात्मा फुले की जयंती, जनजागरण के लिए प्रभातफेरी, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम होते हैं,लेकिन महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती 9 अप्रैल को होती है। महात्मा ज्योतिराव फुले आधुनिक भारत के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने सामाजिक गुलामी, अवमानना, उपेक्षा, शोषण उत्पीड़न के शिकार शूद्रों, अंत्यजों और स्त्रियों की मुक्ति, शिक्षा, पूर्ण बराबरी का आह्वान किया,फुले की दृष्टि अत्यंत व्यापक थी। थॉमस पेन की पुस्तक 'राइट्स ऑफ मैन' का उन पर बहुत असर था। जाति व्यवस्था में अछूत समझी जाने वाली महार जाति में 14 अप्रैल 1891 को जिस बालक का जन्म रामजी सकपाल भीमाबाई दंपती के यहां हुआ वह आगे चलकर डॉ बी.आर आंबेडकर के नाम से विश्व विख्यात हुए। डॉ.आंबेडकर की पुस्तक जाति का विनाश पढ़कर महात्मा गांधी भी प्रभावित हुए और कहा आंबेडकर हिंदुत्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती है,उन्होंने यह भी कहा कोई भी समाज सुधारक इस किताब की अनदेखी नहीं कर सकता। भविष्य में आंबेडकर को किसी भी विशेषण से जोड़े,परंतु आंबेडकर ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जिन्हें भुला दिया जाए। गांधी जी का कथन पूरी तरह से सही साबित हुआ। आज आंबेडकर पराधीनता और अपमान की आग से झुलस रहे लोगों के लिए शीतल छांव बनकर उभरे और उनके मसीहा बन गए। चाहे राजनीतिक या विविध कारणों से ही सही उनसे नाइत्तेफाकी रखने वाले भी उनका नाम लेने और उन्हें स्वीकार करने को आतुर हैं। भारत की समस्याओं की भीतरी तहों को जानने वाला कोई भी व्यक्ति इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि भविष्य के किसी भी खूबसूरत भारत की रचना का रास्ता आंबेडकर से गुजर कर जाएगा।

आंबेडकर ने कहा अगर किसी एक चीज ने भारतीय समाज को एक पतनशील समाज में परिवर्तित किया तो वह जाति व्यवस्था है जिसने जिंदा कौम को मुर्दा कौम में तब्दील कर दिया। एक जगह उन्होंने कहा था,लोग जिसे धर्म कहते हैं,वह और कुछ नहीं आदर्शों और प्रतिबंधों की भीड़ है। धर्म बस आदेशों व निषेधों की सहिंता के रूप में ही मिलता है। वास्तविक धर्म वह है जिसमें आध्यत्मिक सिद्धांतों का विवेचन हो,जो वास्तव में विश्व के सभी समुदायों के लिए सर्वजनीन हो हर विषय में उपयोगी होकर तत्व नहीं पाया जाता। इतिहास ने उन्हें यह अवसर दिया जिससे सबके लिए मुकम्मल दस्तावेज लिखा,जिसे भारत का संविधान कहते हैं। संविधान में मूल अधिकार दिए जो किसी व्यक्ति की गरिमा की रक्षा के लिए आवश्यक हैं। नागरिकों के इन अधिकारों के उल्लंघन होने पर या इसको लागू करवाने के लिए सीधे उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार है। अनुच्छेद-14 के मुताबिक समता का अधिकार है। कानून के समक्ष समानता तथा सभी कानूनों से समान संरक्षण का अधिकार प्रत्येक नागरिक को है।

अदम्य साहस और इच्छाशक्ति की कहानी

अशोक पांडेय
हल्द्वानी

उसकी स्मृति में यह बात अब तक गड़ी हुई है कि अपनी मां की पहली संतान होने के कारण उसे तब तक घर वालों से अपने हक का वह स्नेह नहीं मिला जब तक कि उसके बाद दो भाई और पैदा नहीं हो गए। पिता टैक्सी चलाते थे। आर्थिक-सामाजिक रूप से बेहद निचली पायदान पर खड़े उसके परिवार के पास उसे देने को तमाम तरह के ढेर सारे कष्ट थे। दुनियाभर की तकलीफों के बीच उसके पास एक मां थी,जो उसे बहुत प्यार करती थी। वही उसका सबसे बड़ा संबल थी। यह और बात कि निर्धनता की हिंसा के बीच बचपन से ही मां को खटते देखने की तमाम स्मृतियां भी उसके जेहन से कभी नहीं गईं।

स्कूल जाती थी,लेकिन उसे बार-बार यह अहसास दिलाया जाता कि वह एक लड़की है जिसके पढ़ने-लिखने का कोई मतलब नहीं। कई बार किताबों के लिए पैसे नहीं होते थे। वह किसी सहपाठी से याचना कर किताब उधार मांग कर लाती थी। कई बार यह भी होता कि उसे स्कूल भेजने के बजाय मां के साथ घास-लकड़ी के लिए जंगल भेज दिया जाता। मां घास ढोने वाली टोकरी में उसकी किताब छिपाकर ले जाया करती। मां काम करती,वह पढ़ने की कोशिश करती,लेकिन उसके आंसू निकल आते थे कि संसार की निगाह में बेटी होना इतना बड़ा अपराध कैसे हो गया। वह बहुत कुछ करना चाहती थी, लेकिन सारे रास्ते या तो बंद थे या बंद करा दिए जाते थे। एक बार उसके दोस्त से उधार मांगी गई किताब आग के हवाले कर दी गई। उसे दोस्त से झूठ बोलना पड़ा कि किताब गुम हो गई। उस शर्मिंदगी की याद भी उसके मन से नहीं गई। जब वह दस साल की हुई, उसकी मां को आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी हासिल हो गई। घर की अनिश्चित आमदनी में आठ सौ रुपये माहवार की बढ़ोतरी हुई।

विषमतम संभव परिस्थितियों में उसने पिथौरागढ़ जिले के सल्मोड़ा गांव से फर्स्ट क्लास में हाईस्कूल पास करने में सफलता हासिल कर ली। उसे विज्ञान के विषय पढ़ने का मन था,लेकिन गांव के स्कूल में वह सुविधा न थी। उसके लिए पिथौरागढ़ जाना पड़ता-बीस रुपये रोज आने-आने के खर्च करने पड़ते जो नहीं थे। सो वहीं इंटर आर्ट्स में दाखिला ले लिया। घर पर दादी का रुतबा चलता था। उन्होंने कहा लड़कियों को पढ़ने-पढ़ाने की कोई जरूरत नहीं होती और टनकपुर में तैनात एक पुलिस वाले से उसकी शादी तय कर दी। दादी के हठ से किसी तरह उसे पिता ने बचा लिया। सातवीं क्लास से ही उसने एनसीसी में भी दाखिला ले लिया था। एनसीसी का सबसे बड़ा आकर्षण उसमें लगने वाले दो-तीन हफ्तों के कैंप होते थे। घर से बाहर रहना एक बड़ी नेमत हुआ करती थी। जीवन ने उसे यही एक सुअवसर उपलब्ध कराया था जिसे उसने दोनों हाथों से दबोच लिया। जैसे-तैसे इंटर करने के बाद कॉलेज में बीए में दाखिला ले तो लिया पर फिर से शादी का दबाव बढ़ने लगा। यह 2014 का साल था जब अठारह साल की आयु में उसने अपने पिता से तीन साल की मोहलत मांगी कि उसके बाद जो चाहो कर लेना अभी मुझे कुछ कर लेने दिया जाए। उसकी बात मान ली गई।



कॉलेज में भी एनसीसी थी। रुड़की में कैंप लगा जिसमें गणतंत्र दिवस की परेड के लिए बच्चे छांटे जाने थे। कद में छोटी होने के कारण इस परेड के लिए उसका सेलेक्शन न हो सका। उदास होकर घर वापस आना पड़ा। दो माह बाद एनसीसी की तरफ से उसके पास चिठ्ठी आई कि उसका नाम रुद्र गैरा पर्वत पर चढ़ाई करने वाले एक अभियान दल के लिए छांटा गया है। पर्वतारोहण का यह उसका पहला अनुभव था जिसमें उसके साथ पच्चीस हम उम्र लड़कियां थीं। पांच हजार आठ सौ मीटर ऊंची इस चोटी की मुश्किल चढ़ाई चढ़ने में दस दिन लगे। शिखर पर पहुंचने के बाद उसके मन में सबसे पहले जंगल में घास काटती अपनी मां की छवि आई जिसने कैसे-कैसे कष्ट सहते हुए उसे यहां तक पहुंचाने में हरसंभव मदद की थी। उसे यह अहसास भी हुआ कि वह इस जीवन में खुद कुछ कर सकती है। रुद्र गैरा अभियान में उसका प्रदर्शन देखते हुए एनसीसी की तरफ से उसे अन्य अभियानों में शामिल किया गया। 2016 में जब उसका चयन त्रिशूल चोटी के आरोहण के लिए हुआ तो स्थानीय अखबारों ने खबर छापी। पहली बार उसके माता-पिता को अहसास हुआ कि शीतल कुछ ऐसा करती है,जो महत्वपूर्ण है।

त्रिशूल अभियान के लिए उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटी शीतल को अचानक झटका लगा जब उसका नाम अचानक मुख्य सूची से हटाकर रिजर्व सूची में रख दिया गया और अंततः वह अभियान से बाहर हो गई। उसने हार नहीं मानी और जम्मू कश्मीर में एक एडवांस कोर्स के लिए अप्लाई किया। सात हजार रुपये फीस थी। घर पर इतने पैसे न थे। किस्मत से उन दिनों पिथौरागढ़ में एक डांस प्रतियोगिता हुई,जिसे उसके छोटे भाई ने जीत लिया। उसे इनाम में दस हजार रुपये मिले,जो उसने अपनी दीदी के हाथ में रख दिए।

1996 में जन्मी शीतल की इसके बाद की कहानी एक छोटी सी लड़की के अदम्य साहस और उसकी इच्छाशक्ति की दृढ़ता की कहानी है। शीतल ने मुझे बताया बचपन से ही उसे पहाड़ों में चेहरे दिखाई देते थे। जब उसका मन व्यथा से भर जाता वह अकेली उनसे बात करने लगती थी और अपनी पूरी आत्मा उनके सम्मुख उड़ेल देती थी। कभी वे जवाब देते थे कभी नहीं।

राधा मोहन पाण्डेय
जिला मंत्री उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ

---शिक्षा---

मानव जीवन के उत्थान में वही शिक्षा समर्थ है। जो उसके विवेक, पुरुषार्थ, सेवा, कृतजतादि भावनाओं को विकसित करे। शिक्षा जीवन निर्माण का कारण है। शिक्षा का आदर्श जो हमें आत्मोन्नति की मंजिल में ले जाने एवं हमारे वास्तविक लक्ष्य की पूर्ति में सहायक हो वैसा ही रखा जाये। शिक्षा से जीवन स्तर और बौद्धिक शक्ति का विकास होता है। राष्ट्र का विकास अच्छी शिक्षा से हो सकता है इसलिए शिक्षा के सर्वांगीण विकास के मूलतत्व को विकसित करना चाहिए।

विद्यालयों में ऐसा गुणक्ता पूर्ण शिक्षा होनी चाहिए जिससे विद्यार्थियों का मस्तिष्क के साथ हृदय भी विशाल एवं उदार बने । शिक्षा का मुख्य उद्देश्य दिमाग को प्रशिक्षित करना होना चाहिए

7800522022,7800622022
fulwaripublicschool@gmail.com
www.fulwaripublicschool.in

ADMISSIONS OPEN 2024-2025
PRE-NURSERY TO IX

Fulwari
PUBLIC SCHOOL

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गोण्डा
की जनपदीय इकाई की तरफ से बधाई और शुभकामनाएँ

आनंद कुमार त्रिपाठी
जिला अध्यक्ष, मण्डलीय मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, गोंडा

सर्वपल्ली राधाकृष्णन

"शिक्षा हमारे भविष्य की नींव है, जिसे हमें मजबूती से निर्माण करना चाहिए।"

विजय नारायण पाण्डेय
जिला मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, गोंडा

दिनेश कुमार सिंह
जनपदीय कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ , गोंडा

राजेंद्र प्रकाश तिवारी
वरिष्ठ उपाध्यक्ष/ अध्यक्ष झंझरी , उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ, गोंडा

अफसर हसन
जिला संगठन मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ , गोंडा

मतदान है जरूरी

वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी
संयुक्त मंत्री/ मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गोंडा

iCit
COMPUTER EDUCATION CENTRE
(An ISO 9001:2015 Certified)

ICIT COMPUTER EDUCATION CENTRE
GONDA - U.P.

Learn Something Today That Your Future Self Will Thank You For

Our Courses
- O Level
- CCC
- Tally Prime 4.0
- ADCA
- DCAA

Why Choose Us?
- Competent and Qualified Teacher.
- Daily Theory and Lab.
- Theory Classes on Digital Board.
- 24 Years Experience in Computer Education.
- 100% Placement Assistance.

ADMISSIONS OPEN

आई0सी0आई0टी0 कम्प्यूटर एजूकेशन सेन्टर की स्थापना 5 जून 2000 को श्री सन्तोष कुमार गुप्ता द्वारा मालवीय नगर, निकट ला0बा0शा0पी0जी0 कॉलेज, सिविल लाइन्स गोण्डा में की गइ थी। संस्थान की शुरुआत एक कमरे में एक कम्प्यूटर से हुई थी । एक छोटे से पौधे के रूप में शुरू हुआ यह संथान एक विशालकाय बरगद के पेड़ के रुप में स्थापित हो चुका है। संस्थान के संस्थापक श्री सन्तोष कुमार गुप्ता स्वंय कम्प्यूटर के एक अच्छे शिक्षक हैं । जो निरन्तर पिछले 30 वर्षो से कम्प्यूटर की शिक्षा देवी पाटन मण्डल में प्रदान कर रहे हैं। संस्थान में गोण्डा जिले के साथ – साथ पूरे देवीपाटन मण्डल से छात्र/छात्रायें कम्प्यूटर की शिक्षा लेने आते है। संस्थान की मान्यता नाइलिट, नई दिल्ली से है। जिसके अन्तर्गत सी0सी0सी0 और ओ–लेवल के कोर्स का अध्ययन कराया जाता हैं। संस्थान UPDESCO, Lucknow से भी मान्यता प्राप्त है। जिसके अन्तर्गत Diploma in Information Technology (DIT) कोर्स का अध्ययन कराया जाता है। जो ओ–लेवल कोर्स के समकक्ष है। संस्थान के पास 24 वर्षो से भी अधिक कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करने का अनुभव है। संस्थान के द्वारा कम्प्यूटर के नये पाठ्यक्रमों का अध्ययन कराया जाता है। जैसे Python, Web Development, IoT, Graphics Designing, Digital Marketing, etc. संस्थान के पास आधुनिक कम्प्यूटर उपलब्ध है और थ्योरी के क्लास में डिजीटल बोर्ड के मदद से कम्प्यूटर की शिक्षा प्रदान की जाती है। संस्थान के द्वारा अभी तक हजारों छात्र/छात्राओं को कम्प्यूटर की शिक्षा प्रदान की जा चुकी है और सैकड़ों छात्र/छात्राओं को संस्थान के द्वारा रोजगार प्रदान किया जा चुका है।

Usha Gupta
Vice - President

Santosh Kumar Gupta
Funder / President

7800566667 www.icites.in
Institute of Computer And Information Technology Education Society (ICIT) Gonda - U.P.

एक नजर

दो युवकों पर एससीएसटी के तहत मुकदमा दर्ज

इटियाथोक, अमृत विचार : इटियाथोक पुलिस ने दो लोगों पर एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है, जिसमें से एक युवक को गिरफ्तार कर जेल रवाना किया गया। पूरा मामला इटियाथोक थाना क्षेत्र के रानी जोत मौजा अयाह से जुड़ा हुआ है। यहां के रहने वाले देवी प्रसाद पुत्र राम लखन ने स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही दो युवकों पर मारपीट करने गाली गलौज और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। गांव के ही अरबाज व अनस पैसे के लेनदेन को लेकर गाली गुप्ता दे रहे थे। मना करने पर विपक्षी गणों ने जमकर उसकी पिटाई की हल्ला गुहार मचाने पर धमकी देते हुए फरार हो गए। इस प्रार्थना पत्र पर इटियाथोक पुलिस ने अरबाज व अनस पर एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है जिसमें एक आरोपी अनस को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

ईद मिलन समारोह में आपसी भाईचारे पर जोर

मसकनवा, अमृत विचार : विकासखंड छपिया के मल्लिकपुर खुर्दवा में रहम अली कादरी के कार्यालय पर शनिवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोंडा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मसूद आलम खां समेत दर्जनों लोगों ने शिरकत किया। रहम अली कादरी हर साल की तरह इस बार भी अपने कर्यालय पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का रईस अहमद, रहम अली कादरी, दिलीप वर्मा द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा ईद खुशी बांटने का पर्व है। सभी ने गले मिलकर आपसी भाईचारा व एकता का संदेश दिया। इस मौके पर ओमप्रकाश पांडेय, संतोष मिश्रा, फिरोज अहमद, विवेक तिवारी, अनिरुद्ध वर्मा, राहुल यादव, रविंद्र शुक्ला, अनुज शुक्ला आदि रहे।

अब खाद्यान्न के साथ लीजिए दूध, दही व अन्य घरेलू सामान

राशन की दुकानों पर मिलेगा कॉस्मेटिक का भी सामान

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: कोटे की दुकान पर अब सिर्फ खाद्यान्न ही नहीं बल्कि सभी जन उपयोगी सामान भी ग्रामीण खरीद सकेंगे। दूध दही, घी, सर्फ साबुन समेत सभी प्रकार के सामान की बिक्री की जाएगी। महिलाओं को अब किसी बड़े बाजार में जाने की जरूरत नहीं। उन्हें राशन की दुकान पर ही सौंदर्य प्रसाधन से संबंधित सभी वस्तुएं मिलेंगी।

शासन द्वारा इस आशय का आदेश जारी हो गया है। आने वाले दिनों में कोटेदार अपनी दुकान पर रोजमर्रा की जरूरत वाला सामान बेच सकेंगे। जब से खाद्यान्न वितरण में तकनीक का उपयोग होने लगा है, तब से कोटेदार द्वारा कमीशन बढ़ोतरी व मानदेय दिए जाने की मांग उठाई जा रही है। कोटेदारों की आय में बढ़ोतरी के लिए नई व्यवस्था की जा रही है। जनपद में गरीब 1392 कोटे की दुकान संचालित है जो प्रत्येक महीने छह लाख से अधिक पात्र गृहस्थी व अंत्योदय राशनकार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरित करते हैं। शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि पहले भी कोटे की दुकानों पर कई तरह के सामान की बिक्री होती थी लेकिन अब इन पर काफी संख्या में खाद्य पदार्थ बेचेंगे। उचित दर दुकानों के लिए इसके लिए कुछ नियम भी बनाए गए हैं। जिनको कोटेदारों को पालन करना होगा। इन नियमों के तहत जो भी सामान उपभोक्ताओं को दिया जाएगा उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। एक समिति का गठन होगा जिसमें एक सदस्य खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का होगा जो समय-समय पर बिक्री होने वाले सामानों की समीक्षा करते हुए रिपोर्ट देगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित उचित दर दुकानों की कमाई में इजाफा हो इसलिए अतिरिक्त वस्तुओं की बिक्री की अनुमति दी जा रही है। कोटे की दुकान पर जो अतिरिक्त सामान बेचे जाने की अनुमति दी जा रही है। उसमें दूध व उससे बने उत्पाद, ब्रेड, बिस्किट, गुड़, घी, नमकीन, सूखा मेवा, मिठाई, मसाले, दूध पाउडर, बच्चों के कपड़े, राजमा, सोयाबीन, क्रीम, धूपबत्ती, कंघी, दर्पण, झाड़ू, पोछा, ताला, छाता, रेनकोट, वॉल सिंगर, इसके साथ-साथ स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधित वस्तुएं भी कोटेदार बेच सकेगा। उनमें टूथब्रश, डिटर्जेंट पाउडर, मच्छर अगरबत्ती, बर्तन धोने वाला साबुन, इलेक्ट्रिक सामान, टॉर्च, दीवार घड़ी, माचिस नायलॉन व रस्सी, प्लास्टिक पानी पाइप, बाल्टी, मग, हैंडवॉश, बाथरूम क्लीनर, सेविंग किट, बेबी केयर उत्पाद समेत अन्य वस्तुएं शामिल हैं। जिनको बेचने की अनुमति शासन ने दी है। जिलापूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि कोटे की दुकान पर अतिरिक्त सामान बेचे जाने का आदेश हुआ है। यह वह वस्तुएं हैं जिनका दैनिक जीवन में उपयोग है। शासन की ओर से कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशअनुसार कार्रवाई की जाएगी।

किशोरी के साथ दो सगे भाइयों ने किया दुष्कर्म केस दर्ज

परसपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव के दो सगे भाइयों ने 13 वर्षीया एक लड़की को बहलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के चाचा ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी दोनों सगे भाई गुरुवार को भतीजी को बहलाकर ले गए और डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। जाते-जाते धमकी भी दी कि यदि यह बात घर पर बताएगी तो उसे व उसके भाई को मार डालेंगे। लेकिन जब उनकी भतीजी युवकों के चंगुल से छूटी तो घर आकर पूरा वृतांत सुनाया और रोने लगी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि सूचना पर मुकदमा पंजीकृत कर पीड़िता को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है।

रोडवेज बस की बैटरी ले गए चोर

परसपुर, अमृत विचार: परिवहन निगम की बस खड़ी कर ड्राइवर के खाना खाते समय चोरों ने बस की बैटरी खोल कर उठा ले गये। नगर पंचायत के राजपुर मोहल्ला निवासी हरीश कुमार मिश्रा ने बताया कि रोडवेज बस नं0 UP 43 टी 5980 का चालक है। शुक्रवार को समय लगभग रात 10 बजे परसपुर करनैलगंज मार्ग पर इलाहाबाद बैंक के पास बस खड़ी करके खाना खाने चला गया था। इतने मे अज्ञात चोर बस की बैट्री चोरी करके उठा ले गये। जब आकर बस को स्टार्ट किया तो पता चला कि बस की बैटरी ही नदारद है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

बगैर सत्यापन अंत्योदय सूची से नाम हटाना बना गले की फांस

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: अंत्योदय कार्ड के लाभार्थी का नाम सूची से हटाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आरोप है कि बगैर भौतिक सत्यापन क्षेत्र के खाद्य अधिकारी ने लाभार्थी का नाम अंत्योदय वेबसाइट से हटा दिया और ऐसा नाम जोड़ दिया जो शहर क्षेत्र का रहने वाला ही नहीं है।

नगर पालिका परिषद गोंडा अंतर्गत बड़गांव मोहल्ले के रहने वाली मालती देवी का अंत्योदय राशनकार्ड 20 वर्ष पहले बना था। उनको प्रत्येक माह खाद्यान्न भी मिल रहा था, अचानक उनका नाम सूची से हटा दिया गया है जब महिला लाभार्थी को जानकारी हुई। तो वह परेशान हो गई पूर्व सभासद के सहयोग से महिला जिलापूर्ति कार्यालय पहुंचकर बात रखी। बताया जाता है कि मालती देवी का नाम हटाते हुए जिस महिला के नाम अंत्योदय राशनकार्ड जारी किया गया है वह बड़गांव मोहल्ले में रहती ही नहीं है। वह मूल रूप से इटियाथोक क्षेत्र की है। जब यह बात सामने आई तो संबंधित क्षेत्र के खाद्य अधिकारी के हाथ पां व फूल गए। जिलापूर्ति अधिकारी की ओर से इस मामले में खाद्य अधिकारी समेत दोनों पक्षों को नोटिस दी गई है जिसमें कहा गया है। वह लोग कार्यालय में आकर साक्ष्य प्रस्तुत करें। बताया जाता है कि क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने बिना मौके पर जाकर ही रिपोर्ट लगा दी जिस पर अंत्योदय सूची से उसका नाम हटा दिया गया। बताया जाता है कि मालती देवी के ही नाम से अंत्योदय राशनकार्ड जारी हो उसको लेकर एक माननीय ने भी जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र लिखा है। बताते हैं कि जिस महिला का नाम सूची से हटाया गया है वह एक प्राइवेट स्कूल में झाड़ू पोछा का काम करती है। डीएसओ ने बताया कि अंत्योदय कार्ड की सूची से महिला का नाम हटाया गया था। शिकायत है क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी समेत दोनों पक्षों को नोटिस दी गई है। जांच हो रही है जो सही होगा उसी का नाम जुड़ेगा।

गल्ला मंडी में शुरू हुई गेहूं खरीद

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: मंडी प्रशासन की ओर से गेट पास जारी पर लगाई गई रोक को हटा लिया है। जिससे शनिवार को बहराइच रोड स्थित गल्ला मंडी में व्यापारियों ने गेहूं की खरीद की। सरकारी केंद्र पर गेहूं नहीं आ रहा था। जिसको देखते हुए मंडी की ओर से गेट पास जारी करने पर रोक लगा दिया गया था। बताया जाता है कि व्यापारी किसानों से महंगे दाम पर गेहूं खरीद रहे थे इसलिए किसान सरकारी केंद्र पर अपनी उपज को बेचने नहीं जा रहे थे सरकार की ओर से गेहूं का मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल रखा गया है। जबकि मंडी के व्यापारी व कंपनियों द्वारा 23 से लेकर 24 00 रुपया प्रति कुंतल की भाव से खरीद की जा रही थी। जब प्रशासन ने देखा कि सरकारी खरीद नहीं हो पा रही है तो मंडी गेट पास पर पाबंदी लगा दी गई। इसी दौरान मंडी के कुछ व्यापारियों ने सपा सुप्रीमो व पूर्व सीएम अखिलेश यादव को पत्र भेजकर प्रशासन द्वारा उत्पीड़न किए जाने की बात कही। जिले के व्यापारियों द्वारा भेजे गए पत्र को अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के प्लेटफार्म एक्स पर पर पोस्ट करते हुए कहा गेहूं की तरह उत्तर प्रदेश में गेहूं किसान भी पीसा जा रहा है। सोशल मीडिया पर पोस्ट हो जाने पर सरकार ने गेट पास पर लगाई गई पाबंदी हटा ली। पूर्व सीएम को भेजे गए पत्र में कहा गया था मूल्य समर्थन योजना से अधिक मूल्य पर किसानों का गेहूं खरीदा जा रहा है लेकिन सरकार जबरदस्ती कर रही है। ऐसे में व्यापार चौपट हो रहा है जो पल्लेदार आ रहे हैं वह भी परेशान हो रहे हैं। गेट पास जारी होने से अब मंडी के व्यापारी गेहूं बाहर भेज सकेंगे और उनके व्यापार में बढ़ोतरी भी होगी। इस बाबत मंडी सचिव मुकेश जयसवाल से दूरभाष पर वार्ता का प्रयास किया गया है लेकिन वार्ता नहीं हो पाई।

मंडी में गेहूं लेकर पहुंचा किसान।

बकाया मांगने पर किया हमला, केस

खरगूपुर, अमृत विचार: बकाया पैसा मांगने पर युवक पर हमला कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने पिता पुत्र पर हमला व धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के हरदैया गांव निवासी शिवनाथ पुत्र राम खेलावन ने खरगूपुर थाने पर दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि गोकरननाथ शिवाला पर दुकान कर रहे चौधरी उर्फ़ राजकुमार व उनके बेटे भोला से 24 हजार रुपये बकाया पैसे शुक्रवार देर शाम मांगने गया था। जिस पर बकाया पैसा न देकर दोनों लोगों ने लाठी डंडें से हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

प्रतिभागियों को किया सम्मानित

रुपईडीह, अमृत विचार: मतदाता जागरुकता अभियान के तहत कस्बा आर्यनगर के पार्वती देवी इंटर कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में मेहंदी में नेहा को प्रथम, मीनाक्षी को द्वितीय तथा मोहिनी को तृतीय पुरस्कार मिला। रंगोली प्रतियोगिता में रिया, सुनीता, साधना व महक शुक्ल ने प्रथम तथा आंचल ने द्वितीय तथा हिना द्विवेदी, खुशी एवं राशि ने तृतीय स्थान हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सना फातिमा एवं सुमन को तथा द्वितीय पुरस्कार वैभव पाठक को तथा तृतीय पुरस्कार कृष्ण गोपाल विश्वकर्मा को मिला।

मतदाता जागरूकता रैली को डीएम ने दिखाई झंडी

मतदाता जागरूकता रैली निकालते डीएम, सीडीओ व एसपी। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़े इसको लेकर प्रशासन लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। गांधी पार्क से एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि सभी लोग लोकतंत्र के पर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। आगामी 20 मई को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करें। उन्होंने युवाओं से अपील किया कि सभी लोग अपने आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मतदाता जागरूकता रैली विभिन्न रास्तों से होते हुए अदम गोंडवी मैदान पर पहुंची।

मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

रुपईडीह, अमृत विचार : मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कस्बा आर्यनगर के पार्वती देवी इंटर कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में मेहंदी में नेहा को प्रथम, मीनाक्षी को द्वितीय तथा मोहिनी को तृतीय पुरस्कार मिला। रंगोली प्रतियोगिता में रिया, सुनीता, साधना व महक शुक्ल ने प्रथम तथा आंचल ने द्वितीय तथा हिना द्विवेदी, खुशी एवं राशि ने तृतीय स्थान हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सना फातिमा एवं सुमन को तथा द्वितीय पुरस्कार वैभव पाठक को तथा तृतीय पुरस्कार कृष्ण गोपाल विश्वकर्मा को मिला। निर्णायक मंडल मे गंगा प्रसाद मिश्री लाल इंटर कॉलेज के प्रवक्ता इंदल एवं जनता इंटर कॉलेज के यशोदा नंदन त्रिपाठी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक सतीश कुमार शुक्ल एवं राजीव सोनी ने किया। प्रतियोगिता में सभी विजई छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार राव, प्रधानाचार्य सुशील कुमार तिवारी व कवि वीपी सिंह वत्स ने पुरुस्कृत किया। आरती, कविता, राधा, अंजलि, मीनाक्षी, रश्मि, दुर्गा, मोहिनी, शालिनी, मधु, माही, महिमा, प्रियांशी, जया, करिश्मा, काजल, सानिया, रोशनी,सप्तमी, प्रांसी, अर्चना, हिना, खुशी, राशि, स्वर्णिम आदि छात्राएं शामिल रही। उप प्रधानाचार्य राजीव रंजन मिश्र, आनंद दुबे, प्रभु प्रकाश, सरोज कुमार, इंद्रजीत मौर्य, श्रवण कुमार, रवि कुमार, आलोक कुमार, पवन सोनी, सरिता, नंदिनी, सबीहा आदि रहे।

रंगोली बनाकर जागरूक करतीं छात्राएं। अमृत विचार

सार-संक्षेप

मारपीट मामले में तीन महिलाओं समेत सात पर केस

परसपुर, अमृत विचार : मारपीट के अलग-अलग मामलों में दो लोगों को चोटें आयीं। पुलिस ने तीन महिलाओं सहित सात पर केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू की है। ग्राम उघुमगंज पूरे लाली निवासी जगराम यादव ने बताया कि उनके गांव निवासी रामतीरथ यादव, भाग रानी, सुनीता तथा खुशीराम की पत्नी मड़हे की थुनिया उखाड़ने के विवाद को लेकर गाली देते हुए लाठी से मारने लगे। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। दूसरी घटना में नगर पंचायत के मिश्रन टोला निवासी रमाशंकर मिश्रा ने बताया कि उनके पड़ोसी संतोष मिश्रा तथा उनके दो लड़के नाम अज्ञात शुक्रवार को उनको अनायास गाली गलौज देते हुए मारने लगे।

घात लगाए बैठे लोगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

करनैलगंज, अमृत विचार : तहसील से घर जा रहे एक युवक पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला करके मरणासन्न कर दिया। घटना कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत चचरी मार्ग स्थित ग्राम हरसंहाय पुरवा के पास की है। शुक्रवार को ग्राम काशीपुर निवासी शिवाकांत गोस्वामी की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद व तीन अज्ञात पर केस दर्ज किया है। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है।

बेटी को प्रताड़ित करने पर मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट

करनैलगंज, अमृत विचार : एक महिला ने अपनी मूक बधिर बेटी को ससुराल में प्रताड़ित किए जाने के साथ-साथ उसे मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देने व मारपीट कर भगा देने के मामले में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम कुंवरपुर अमरहा निवासी महिला पुष्पा देवी ने पवन कुमार व श्रवण कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि उसने अपनी बेटी पार्वती का विवाह पवन कुमार के साथ किया था। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। उसकी बेटी मूक बधिर है जो बोल एवं सुन नहीं सकती है। उसके ससुराल वाले उसे लगातार मारते पीटते रहते हैं। 11 अप्रैल को सुबह उसे डंडे और लोहे की रॉड से मारा-पीटा और गला दबाने का प्रयास किया। उसे रेलवे लाइन पर मारकर डाल देने की धमकी भी देते रहे।

प्रधानाचार्य के हत्याभियुक्त के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई

बभनान, अमृत विचार : थाना छपिया अंतर्गत तीन मार्च को सीडी यादव इंटर कॉलेज सिसहनी के प्रधानाचार्य दिनेश यादव की गोली मारकर हुई हत्या के नामजद आरोपी अजय वर्मा के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई शुरू हो गई है, जबकि दूसरा नाबालिग आरोपी गिरफ्तार किया जा चुका है। चौकी प्रभारी बभनान अंकित सिंह ने बताया फरार नामजद आरोपी अजय कुमार वर्मा की गिरफ्तारी के लिए अनेक स्थानों पर दविश दी गई। लेकिन वह नहीं मिला। इसी क्रम में शुक्रवार को न्यायालय के आदेश पर डुग्गी मुनादी के साथ बताया गया कि नामजद अभियुक्त अजय वर्मा हाजिर हो जाएं। अन्यथा कुर्की की पूर्ण विधिक कार्यवाही की जाएगी।

शिक्षित हो, संगठित हो, संघर्ष करो : विमल

गोष्ठी में डॉ. आंबेडकर के विषय में जानकारी देते लोग। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इण्टर कालेज में बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। बाबा साहेब के चित्र पर प्रधानाचार्य राजकरन वर्मा एवं उप प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण किया। प्रधानाचार्य ने कहा डा. आंबेडकर महापुरुष हैं इनके बारे विस्तृत अध्ययन करके ही अपने विचार शेयर करें। उप प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि बाबा साहेब को भारत रत्न से विभूषित होना देश के लिए गर्व है। प्रवक्ता रमेश विमल ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है। सबसे पहले देश के नागरिक भारतीय हैं।

शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर शिक्षा उन्नयन गोष्ठी आयोजित

इटियाथोक, अमृत विचार : कंपोजिट विद्यालय कलेना के प्रांगण में सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्ण शरण पांडे के विदाई समारोह के अवसर पर शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान संतोष चौरसिया ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। एआरपी कृष्ण कुमार सोनकर ने शिक्षक विदाई समारोह पर कहा कि एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता बस उसका कार्यक्षेत्र बदल जाता है। एआरपी विनोद मिश्र ने सेवानिवृत्त शिक्षक द्वारा अब तक विद्यालय में किये गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। बताते चलें कृष्ण कुमार पांडे 2011 से इस विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत रहे हैं और तब से लगातार अपने कार्यक्षेत्र विद्यालय के अग्रेतर उन्नत के लिए प्रयासरत रहे। कार्यक्रम का संचालन शब्बीर चंचल ने किया। कार्यक्रम मे शबनम आरा, रमेश सोनकर, देव प्रभाकर पांडे, दिलीप गुप्त, चंद्र प्रकाश वर्मा, अवधेश वर्मा, मो. हस्सान, शिव कुमार गुप्ता, कमल किशोर, संजीव कुमार, जगदीश प्रसाद, सुशील पांडे, कृष्ण भूषण वर्मा, अंत में प्रभारी प्रधानाध्यापक मो. ज़ैद ने आये हुए अतिथियों और शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

18 हजार भक्त देवीपाटन मंदिर में करेंगे मां का दर्शन

गोंडा कार्यालय

देवीपाटन मंदिर जाते मेलार्थी। अमृत विचार

अमृत विचार: जनपद में भुजवा मेले का आगमन 12 अप्रैल को हो चुका है। गोंडा, बाराबंकी, सुल्तानपुर सहित आसपास जिलों के श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर पैदल यात्रा कर नवरात्रि की अष्टमी को मां देवी पाटन की पूजन व दर्शन करेंगे। ये जगह-जगह रात्रि विश्राम करते हुए पैदल देवीपाटन मंदिर जाकर देवी मां के दर्शन पूजन करेंगे।

हर साल चैत्र नवरात्र में इनकी यह अत्यंत कठिन यात्रा करीब एक सप्ताह की होती है। "भुजवा का मेला" कहे जाने वाले मेलार्थी कई जिलों से आते हैं। अयोध्या जनपद के थाना क्षेत्र खंडासा के ग्राम सभा बकचुना निवासी मेला प्रमुख शत्रुहन गुप्ता के मुताबिक चैत्र नवरात्र में विशाल "भुजवा बाबा मेला" की यह कठिन यात्रा अयोध्या जनपद के ग्राम सभा बकचुना से देवीपाटन मंदिर को रवाना होती है। सबसे पहले रुदौली खैरनपुर में पहुंचकर रात्रि विश्राम व भोजन होता है। यहां से 12 अप्रैल को प्रातः करीब 5 बजे शुरू हुई। शाम को उमरी बेगमगंज में पूरी रात्रि विश्राम होगा।

इसके बाद 13 अप्रैल को प्रातः उमरी से मेलार्थी रवाना हो गए और इसी दिन शाम को बुधई पुरवा में मनोज ईंट भट्ठा के पास पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। 14 अप्रैल की यात्रा यहीं से प्रातः आरम्भ होगी। शाम को इटियाथोक थानाक्षेत्र के अयाह गांव के पास स्थित प्राचीन सगरे पर रात्रि विश्राम व भोजन होगा। यहां से अगली यात्रा 15 अप्रैल को प्रातः करीब 5 बजे शुरू होगी और इसी दिन बलरामपुर जनपद के सिसई स्कूल में शाम को पहुंचकर वहां रात्रि विश्राम होगा। यहां से 16 अप्रैल को प्रातः यात्रा आरम्भ होगी और छठवां विश्राम इसी दिन देवीपाटन (तुलसीपुर) होगा। उसके बाद देवीपाटन मंदिर में दर्शन पूजन होगा।

मेला प्रमुख ने बताया पैदल यात्रा में अनेक जाति व धर्म के महिला, पुरुष व बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसमें अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी आदि जगहों के मेलार्थी शामिल रहते हैं। यात्रा के दौरान ये लोग लम्बी कतार में गाजे बाजे के साथ चलते हैं और अपनी प्राचीन परम्परा के अनुसार पूर्व निर्धारित ग्रामीण रास्तों पर आवागमन करते हुए परम्परा के तहत पूर्व निर्धारित स्थान पर ही रात्रि विश्राम करते हैं। उन्होंने बताया कि हाईवे और मुख्य मार्ग का इस्तेमाल बहुत कम होता है, उमरी से गोंडा तक की यात्रा मुख्य मार्ग से होती है।

जगह-जगह भक्तों की होती है सेवा

यात्रा के दौरान यह मेलार्थी अनेक स्थानों पर रुकते हैं और जगह जगह इन भक्तों की सेवा स्थानीय लोग करते हैं। कहीं मुफ्त भोजन तो कहीं सर्वत आदि की सुविधा जन सहयोग से दी जाती है। गोण्डा जिले के इटियाथोक क्षेत्र अंतर्गत अयाह गांव के प्राचीन सगरे पर यह लोग हर साल आकर रात्रि विश्राम करते हैं। इनके लिए अयाह में जलपान, भोजन, दवा, जनरेटर से लाइट और मोबाइल चार्जिंग व्यवस्था ग्राम प्रधान, समाज सेवियों और ग्रामीणों के प्रयास से हर साल करवाई जाती है। यहां सीएचसी की टीम मुफ्त दवा वितरण करती है और थाने की पुलिस टीम रात में रहकर निगरानी करती है। गोण्डा और खरगूपुर नगर पंचायत द्वारा पेयजल के टैंकर यहाँ हर साल उपलब्ध कराये जाते हैं। साथ ही गांव के लोग पेयजल के लिए पम्पसेट भी यहां लगाते हैं। मेलार्थी के आगमन के पूर्व ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी टीम भेजकर सगरे के आस पास साफ सफाई कराते हैं। प्रधान प्रतिनिधि इबरार खान ने बताया कि सहयोग के लिए ब्लाक मुख्यालय, सीएचसी व थाने पर जल्द ही पत्र दिया जाएगा।

व्यवस्था — यू-डाइस के जरिए विद्यार्थियों को पैन नंबर होगा अलॉट, बिना पैन नंबर नहीं मिलेगा एडमिशन

परमानेंट एजुकेशन नंबर से फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: नए शिक्षा सत्र में परमानेंट एजुकेशन नंबर का महत्व बढ़ गया है। इसके बिना न तो अब बच्चों का एडमिशन हो पाएगा और न ही उनके नाम पर फर्जीवाड़ा हो सकेगा।

इस नंबर के जरिए नौकरी पाने वाले बच्चों का वेरीफिकेशन भी आसानी से हो सकेगा। इतना ही नहीं दूसरे की मार्कशीट लगाकर नौकरी हथियाने पर भी अंकुश लगेगा। इसलिए शासन ने कक्षा एक से कक्षा 12 तक के बच्चों के टीसी व मार्कशीट पर पैन नंबर का अंकन होगा। जिले में करीब 55 लोग फर्जी मार्कशीट या दूसरे के अभिलेख पर नौकरी करते पाए गए थे और उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया था। इस फर्जीवाड़े को रोकने के लिए परमानेंट एजुकेशन नंबर सभी स्कूली बच्चों को एलाट किया जाएगा। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने पैन कार्ड के समान छात्रों को परमानेंट एजुकेशन नम्बर देने की योजना बनाई है। कार्ड में छात्रों की शैक्षणिक सम्बन्धी सभी विवरण शामिल होंगे। यू-डाइस के जरिए ये नंबर तैयार किया जा रहा है। केवल एक नंबर के माध्यम से ही विद्यार्थी की सभी प्रकार की सूचनाएं पोर्टल के माध्यम से देखी जा सकेंगी। विद्यार्थियों की 53 प्रकार की सूचनाएं संग्रहित रहेंगी। इसमें विद्यार्थियों की हेल्थ, हाइट, ब्लड ग्रुप व वजन आदि की जानकारी भी रहेगी। नए सत्र में अभिभावकों के लिए एक स्कूल से दूसरे स्कूल में बच्चे का प्रवेश करवाना मुश्किल होता जा रहा है। इस तरह के प्रवेश के लिए ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) के साथ परमानेंट एजुकेशन नंबर भी जरूरी है। ज्यादातर स्कूल टीसी पर पेन नंबर दर्ज नहीं कर रहे, जबकि नए स्कूल में पेन के बिना प्रवेश नहीं हो रहा। ऐसे में अभिभावक टीसी मिलने के बाद भी प्रवेश के लिए चक्कर काटने को मजबूर हैं। स्कूलों में प्रवेश के लिए बीते सत्र से परमानेंट एजुकेशन नंबर अनिवार्य हो गया है। इसके लिए स्कूलों को अपने यहां पढ़ने वाले स्टूडेंट्स का रेकॉर्ड यू-डायस पर चढ़ाना होता है। इससे उनका परमानेंट एजुकेशन नंबर जनरेट होता है, लेकिन स्कूल टीसी के साथ स्टूडेंट का परमानेंट एजुकेशन नंबर नहीं दे रहे हैं। माध्यमिक विद्यालयों, सीबीएसई और सीआईएससीई स्कूलों को अभी तक टीसी पर यू-डायस कोड और पेन दर्ज करने का लिखित आदेश भी जारी नहीं हुआ है। टीसी पर पैन व आधार दर्ज करने का अलग कॉलम भी तय नहीं है। दूसरे स्कूल में प्रवेश करवाने जा रहे अभिभावकों को मुसीबतें उठानी पड़ रही हैं।

> फर्जीवाड़ा रोकने के लिए रजिस्टर्ड स्कूलों का यू-डायस और स्टूडेंट का पैन जारी किया जा रहा है। स्कूल यू-डायस पर स्टूडेंट्स का पूरा रिकार्ड आधार, कक्षा, सेक्शन, माता-पिता का नाम, पता, जन्मतिथि वगैरह दर्ज करते हैं। रेकॉर्ड दर्ज करते ही स्टूडेंट का पेन नंबर जनरेट हो जाता है। स्कूलों को टीसी के साथ पेन देने के निर्देश हैं, लेकिन नई व्यवस्था के कारण स्कूलों में गलती हो रही है। कई स्कूलों में अभी बच्चों के रेकॉर्ड यू-डायस पर अपलोड नहीं हो सके हैं। ऐसे में अभिभावक टीसी लेते समय स्कूल से पैन की मांग कर सकते हैं।
>
> -राकेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक गोंडा

मारपीट करने वालों पर केस दर्ज

करनैलगंज, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला गुड़ाही बाजार निवासी संतोष सोनी की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें मोहम्मद सफीक, सलीम, अमन निवासी मोहल्ला सदर बाजार का नाम शामिल है। तहरीर में कहा गया है कि बीते शनिवार को बच्चों के विवाद को लेकर आरोपीगण उसके घर में घुसकर उसके साथ परिवार के अन्य सदस्यों को मारने लगे। आस पास के लोग दौड़े जिस गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए तीनों चले गए। कोतवाल निर्भय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाई की जा रही है।

मतदेय स्थलों पर हों सभी व्यवस्थाएं

लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों ने की बैठक

संतकबीरनगर

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन सकुशल, निष्पक्ष सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर समस्त आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त कराए जाने से सम्बंधित एएमएफ, ईएमएफ (एंस्योर मिनिमम फैसिलिटि) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में एआरओ के साथ आयोजित हुई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश भी उपस्थित रहे। बैठक में जिला मजिस्ट्रेट ने खलीलाबाद , मेंहदावल और धनघटा विधानसभा के सम्बंधित एआरओ व उप जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत सभी मतदेय स्थलों पर सकुशल और सुव्यवस्थित मतदान के दृष्टिगत सभी आवश्यक सुविधाएं आगामी 18 अप्रैल तक हर हाल में दुरुस्त करा लें। मतदेय स्थलों तक चार पहिया वाहनों के पहुंचने का मार्ग, मतदेय स्थल पर विद्युत, पानी, रैम्प, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि एएमएफ की दृष्टि से सभी व्यवस्थाएं 18 अप्रैल तक पूर्ण करा लें।

गेहूं खरीद में लापरवाही पर कसे अधिकारियों के पेंच

संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को गेहूं खरीद के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान 43 दिनों में महज 2240 कुंतल खरीद को लेकर डीएम नाराज हो गए। जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए कहा कि गेहूं के समर्थन मूल्य में 150 रुपए प्रति कुंतल की बढ़ोत्तरी और सभी इंतजाम बेहतर करने के बाद भी गेहूं खरीद की सुस्त रफ्तार अधिकारियों की लापरवाही का परिणाम है। यह स्थिति किसी भी दशा में उचित नहीं है। जिलाधिकारी ने पाया कि अभी तक जनपद में कुल 2400 किसानों का ही पंजीकरण हुआ है। डिप्टी आरएओ को निर्देशित करते हुए कहा कि इस सप्ताह जनपद के हर ग्राम पंचायत से कम से कम 10 किसानों का पंजीकरण हर हाल में कराया जाय।

अति संवेदनशील केंद्रों का किया निरीक्षण

मेंहदावल, संतकबीरनगर। उपजिलाधिकारी अरुण कुमार ने शनिवार को मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, रैंप, मार्ग, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। एसडीएम अरुण कुमार ने संवेदनशील बूथ बेलबनवा समेत आधा दर्जन संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बूथ पर मौजूद सुविधाओं और सुरक्षा प्रबंधों की जांच किया।

पुष्पार्चन व छात्र संवाद का आयोजन

संतकबीरनगर: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शनिवार को डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय पर पुष्पार्चन और छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कालेज प्रांगण में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अभाविप के जिला प्रमुख डॉ. विजय मिश्र ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचारों में सामाजिक समरसता की जो झलक दिखाई देती है वह अन्यत्र कहीं और देखने को नहीं मिलती। प्रान्तीय सह मंत्री माधवेन्द्र तिवारी ने कहा कि समरस समाज ही राष्ट्र के पुनर्निर्माण की परिकल्पना का आधार होता है। इस मौके पर डॉ मनोज मिश्र, मनोज वर्मा, विजय बहादुर, राजेश रंजन त्रिपाठी, मारुति नन्दन पाठक, जिला संयोजक रवि शंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण करते लोग।

हर नागरिक अपने कानूनी अधिकारों की रखे जानकारी

संतकबीरनगर।

अमृत विचार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार मेहदावल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का संचालन तहसीलदार आनंद कुमार ओझा ने किया। अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हर नागरिक को अपने कानूनी अधिकारों के बारे में साक्षर होना जरूरी है। जिला प्राधिकरण में संचालित हो रहे प्री-लिटिगेशन सिस्टम और एडीआर तंत्र के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया की किसी के परिवार में किसी भी प्रकार के वैवाहिक या अन्य मतभेद हैं जिसमे वे कानूनी तरीके से समाधान करवाना चाहते हैं तो पक्षकार ऐसे मामलों को जनपद न्यायालय के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थता सेंटर में प्री-लिटिगेशन के रूप में दायर करके मामले का निस्तारण करवा सकते हैं। इस प्रक्रिया में किसी भी पक्ष का कोई शुल्क नहीं लगता। होने वाले फैसले को न्यायालय की डिग्री के समान समझा जाता है।

उत्तम शिक्षा! निश्चित सफलता!

आर.टी. अकादमी
(An Epitome of Excellence)
सेमरा हैरिंग्टनगंज अयोध्या
सम्पर्क सूत्र: 9839465901, 8005024148
हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम
नर्सरी से कक्षा 12 तक

आपकी उम्मीद से, एक कदम आगे.... हमारा स्कूल लाया है, आपके बच्चों के भविष्य को सुधारने का एक सुनहरा मौका....

हमारे संस्थान की मुख्य विशेषताएँ:-
- विद्यालय शांतिपूर्ण व प्रदूषण मुक्त क्षेत्र में स्थित है।
- अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य।
- आया द्वारा छोटे बच्चों की उचित देखभाल।
- हॉबी क्लासेज, इनडोर गेम्स, सी.सी.टी.वी. कैमरे की व्यवस्था।
- कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान।
- व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान।
- अभिभावक शिक्षक–गोष्ठी की समुचित व्यवस्था।
- सह–पाठ्यक्रम गतिविधियों पर विशेष ध्यान।
- बाल केन्द्रित शिक्षा की व्यवस्था।
- स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध।

प्रवेश प्रारम्भ 2024– 25

संस्थापक श्री राम तेज यादव मो0: 9452195410
मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुनीता यादव मो0: 8005024148
प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका शुक्ला M.A. (English), B.Ed. मो0: 8429137410

श्री रामचन्द्र सिंह एजुकेशनल ग्रुप
लोहटी सरैया- रुदौली अयोध्या द्वारा संचालित

1) बाबू रामचन्द्र सिंह इंसटीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल:– कोर्स–जी0एन0एम0/बी0एस0सी नर्सिंग कॉलेज कोड: 1530
2) बाबू रामचन्द्र सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी:– कोर्स–डी0 फार्मा /बी0 फार्मा कॉलेज कोड:2034
3) श्री रामचन्द्र सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय :– कोर्स–बी0एड0 डी0एल0एड0कॉलेज कोड–590048, बी0ए0, बी0एस0सी0 एम0कॉम, बी0एस0सी0,एम0ए0, एम0एस0सी0,बी0कॉम, एम0कॉम, बी0एस0सी0एजी0,बी0लिब0
4) शिव कुमारी महिला महाविद्यालय:–कोर्स–बी0ए0, बी0एस0सी0,बी0एस0सी0 गृहविज्ञान बी0एड0
5) श्री रामचन्द्र सिंह शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान:–कोर्स–डी0एल0एड0(BTC) कॉलेज कोड–590010
6: श्री रामचन्द्र सिंह इण्टर कॉलेज/चिल्ड्रेन एकेडमी :-कोर्स-1 से 12 तक
* बाबू राम चन्द्र सिंह कॉलेज ऑफ़ लॉ *

सर्वजीत सिंह
अध्यक्ष
पुर्व ब्लॉक प्रमुख
मो0 9415049136

शिल्पी सिंह
प्रबन्धक
ब्लॉक प्रमुख रूदौली

THE SUNRISE OF GOLDEN FUTURE ...
estd. 2010
T.R. PUBLIC SCHOOL AYODHYA स्वर्णिम भविष्य का सूर्योदय
TULSIRAM DUBEY INTER COLLEGE
ADMISSION OPEN
T R PUBLIC SCHOOL
प्रवेश द्वार
T.R. PUBLIC SCHOOL
T.R.D. INTER COLLEGE
Aimi Alapur, Rasulabad, Ayodhya
contact us
9919092966,9956741000
AJAY DUBEY MANAGER
D.M.TRIPATHI PRINCIPAL

एक नजर

एनबीडब्ल्यू के वारंटी को भेजा जेल

बहराइच,अमृत विचार : दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि नन्दन उर्फ नन्नन पुत्र अजय निवासी गुलामअलीपुरा थाना दरगाह शरीफ के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू वारंट जारी था। शनिवार को पुलिस टीम ने अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

खेत में फंदे से लटकता मिला ग्रामीण का शव

बहराइच, अमृत विचार : जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मरौचा के मजरा लालापुरवा निवासी मुकेश श्रमिक था उसके यहां शुक्रवार को तिलक कार्यक्रम का आयोजन था। ग्रामीणों के मुताबिक मुकेश का शुक्रवार रात को अपने बड़े भाई के रिश्तेदार से जमकर विवाद हुआ। परिवार के लोगों ने बीच बराव कराया, इसके बाद सभी अपने-अपने घर चले गए। मां शांति देवी ने बताया कि शनिवार सुबह घर से 500 मीटर की दूरी पर स्थित खेत में बेटे मुकेश का शव फंदे से लटकते मिला। उसका कहना है कि मौत संदिग्ध है। जिस पर उसने पोस्टमार्टम करवाने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बालक के साथ नाबालिग ने किया कुकर्म

मटेरा, बहराइच, अमृत विचार : मटेरा थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी बालक के साथ बीती आठ अप्रैल को उसके पट्टीदार के बालक पर कुकर्म करने का आरोप लगा है। पीड़ित के पिता ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। मटेरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बालक के साथ उसके ही पट्टीदार जाकिर ने कुकर्म किया। पिता का आरोप है कि तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इस पर पीड़ित के माता पिता शनिवार को एसपी कार्यालय पहुंचे और केस दर्ज किए जाने की मांग की।

पत्रकार को मातृ शोक

बहराइच : सीमा जागरण मंच के जिला संपर्क प्रमुख / प्रबंधक एसपीवी इंटर कॉलेज सेमरहना (मिहींपुरवा) पत्रकार अनिल कुशवाहा की माताजी का देहांत शनिवार सुबह नौ बजे हो गया। यह समाचार मिलते ही क्षेत्र के लोगों में शोक दौड़ गई। शोक जताने के लिए काफी संख्या में लोग उनके घर पहुंचे।

बहराइच से जरवल रोड रेलमार्ग का सर्वे पूरा

जरवलरोड, बहराइच

जरवल रोड में स्थित सर्वे कार्य की मशीन। अमृत विचार

2027 तक कार्य पूरा होने की उम्मीद

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि सर्वे कार्य पूरा होने और जमीन का अधिग्रहण कार्य होने पर सितंबर 2024 से निर्माण शुरू होने की उम्मीद है यह प्रोजेक्ट वर्ष 2027 तक पूरा हो सकता है। फाइनल लोकेशन सर्वे का कार्य चल रहा है। सर्वे के बाद डी पी आर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार किया जाएगा।

-पंकज कुमार सिंह, पीआरओ

अमृत विचार : आजादी के बाद से उठ रही मांग पर अब विराम लगने वाला है। बहराइच सांसद के प्रयास से जरवल रोड बहराइच रेलवे का सर्वे कार्य पूरा होने को है। इस रेल प्रखंड पर तीन स्टेशन के साथ एक हॉल्ट का भी निर्माण होगा। जिससे बहराइच रेल मार्ग से सीधे लखनऊ से जुड़ जायेगा।

बहराइच जिला मुख्यालय से लखनऊ जाने के लिए सीधी रेल सेवा नहीं है। इसकी मांग जिले के लोगों द्वारा अरसे से की जा रही है, लेकिन लोगों को मायूसी ही हाथ लगती थी। बहराइच सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने रेल मंत्री से एक वर्ष पूर्व मुलाकात कर बहराइच के सीधे लखनऊ के जुड़ने से होने वाले लाभ और विकास के बारे में चर्चा की थी। रेल मंत्री ने जरवल रोड से बहराइच के मध्य रेल लाइन के सर्वे कार्य को मंजूरी दे दी थी। बिहार की एक संस्था द्वारा सर्वे का कार्य कराया जा रहा है। सर्वे कार्य में जरवल रोड और बहराइच के मधु तीन रेलवे स्टेशन और एक हॉल्ट बनाने पर निर्णय लिया गया है। जिसमें जरवल कस्बा कैसरगंज और फखरपुर में स्टेशन का निर्माण होगा जबकि परसेंटेज शुगर मिल को हाल्ट बनाया जाएगा। रेलवे के इस कार्य को लेकर जिले के लोगों में खुशी है। सभी को रेल सेवा से जुड़ने और सर्वे कार्य अंतिम चरण जानकारी हुई। इसको लेकर जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। मालूम हो कि जिले में बड़ी और छोटी रेल लाइन संचालित है। लेकिन जिला मुख्यालय से लखनऊ तक की सीधी रेल सेवा नहीं है। इसको देखते कई बार रेल आंदोलन समिति की ओर से धरना प्रदर्शन भी किया गया है।

वादकारियों से शालीनता से पेश आएं उप निरीक्षक

पुलिस लाइन में उपनिरीक्षकों के साथ बैठक करतीं एसपी।

बहराइच, अमृत विचार: पुलिस लाइन में शनिवार को पुलिस अधीक्षक ने नवनियुक्त उप निरीक्षकों से वार्ता की उन्होंने कहा कि थाने या चौकी पर आने वाले वादकारियों से शालीनता से पेश आए।

शहर के रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रो से प्रशिक्षण पूर्ण कर जनपद में आए 76 नवनियुक्त प्रशिक्षणधीन उपनिरीक्षकों में से उपस्थित 74 उपनिरीक्षकों के साथ गोष्ठी। जिसमे सर्वप्रथम सभी उपनिरीक्षकगण से परिचय प्राप्त करने के बाद उन्हें समाज में घटित होने वाले महिला अपराध की संवेदनशीलता और उसकी विवेचना तथा अन्य प्रमुख अपराधो की विवेचना के विशेष बिंदुओं के बारे में बताया। एसपी ने समाज एवं विभाग के प्रति उनके उत्तरदायित्वो के बारे को बताते हुए सभी उप निरीक्षकगण को रुचि के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए बताया। अपने कार्यों में कुशलता प्राप्त कर एक कर्मठ, ईमानदार व जनता के प्रति अच्छा व्यवहार रखने की प्रेरणा दी गई। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, रामानंद कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी लाइन हीरालाल कनौजिया, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत, 7 घायल

हरदी में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक दूसरी बाइक से भिड़ी

संवाददाता, बहराइच

जिला अस्पताल में इलाज के लिए आया घायल। अमृत विचार

अमृत विचार : जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे हो गए। जिसमें अज्ञात समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि सात लोग घायल हुए हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद बाइक सवार लोग दूसरे बाइक से टकरा गए। रात में हुए हादसे में एक बाइक पर सवार हरदी थाना क्षेत्र के जंगलपुरवा गांव निवासी श्रमिक मनोज कुमार (21) काशी राम की मौत हो गई। जबकि गांव निवासी अंकित और नीरज घायल हो गए। जबकि दूसरे बाइक पर सवार छीटनपुरवा गांव निवासी राहुल (22), टेढ़े और सुनील घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात में ही राहुल पुत्र रमेश की मौत हो गई। उधर पयागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बहराइच - बलरामपुर मार्ग के मलावा के पास पैदल जा रहे अज्ञात व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे शुक्रवार देर रात को मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए शव 72 घंटे के लिए मर्चरी में रखवा दिया है। वहीं अभी तक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पयागपुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत हुई है। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि अज्ञात की पहचान कराई जा रही है। उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष के आसपास है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे गोंडा की तरफ से आ रहे प्रमोद कुमार दुबे पुत्र ताराचंद दुबे व प्रवेश कुमार दुबे पुत्र ध्रुव चंद दुबे निवासी बरुआ माफी थाना मोतीगंज जनपद गोंडा आ रहे थे, दूसरी तरफ सामने से बबलू पुत्र सलीम निवासी बड़कागांव थाना पयागपुर को गंभीर चोटें आई, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा चोटिल को एंबुलेंस से लादकर इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां गंभीर रूप से चोटिल प्रमोद कुमार दुबे का प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय रेफर दिया गया है।

डीएम ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

बहराइच : लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला सूचना विज्ञान केन्द्र में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सम्पन्न हुए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के प्रथम रेण्डमाइज़ेशन के पश्चात जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ राजनैतिक दलों की मौजूदगी में जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि रैण्डमाईज़ेशन के पश्चात इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों का विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार पृथ्थकीकरण का कार्य किया जायेगा। वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, पयागपुर के दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकल दीक्षित, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, मोतीपुर (मिहींपुरवा) के संजय कुमार, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, भाजपा के प्रशासनिक प्रमुख श्रवण कुमार शुक्ला, बसपा के जिलाध्यक्ष अजय कुमार गौतम व जिला प्रभारी अशर्फी लाल गौतम, अपना दल सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

जनप्रतिनिधियों को चूड़ियां भेंट करेगी हिजामं वीरांगना वाहिनी

एसओ और पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: हिन्दू जागरण मंच वीरांगना वाहिनी की जिला संयोजिका बेबी श्रीवास्तव एडवोकेट ने हरदी थाना क्षेत्र में दलित नाबालिग के साथ हुए कुकर्म, धर्म परिवर्तन, निकाह एवं गो हत्या पर जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा संज्ञान न लिये जाने पर उन्हें चूड़ियाँ भेंट करने का निर्णय लिया है।

बैठक में जिला संयोजिका ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा सरकार में निरंकुश बेलगाम और बेहया जिला प्रशासन है ये सिर्फ और सिर्फ कहने को राष्ट्रवादी सरकार है। जहां प्रशासन एक दलित नाबालिग को दबंगों से सुरक्षा नहीं प्रदान कर सकती ऐसे प्रशासन के मुखिया को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिये।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले में सात में से पांच विधायक सत्तापक्ष के हैं दोनों सांसद नगर पालिका अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य भी भाजपा के हैं बावजूद इसके दलित नाबालिग पीड़िता से मिलने और उसे न्याय दिलाने की हिम्मत किसी में नहीं है। उन्होंने बताया कि इसी से क्षुब्ध होकर हिन्दू जागरण मंच वीरांगना वाहिनी ने यह निर्णय लिया है सत्तापक्ष के विधायकों और सांसदों को चूड़ियां भेजकर उनको पहनने का आग्रह करेंगे जिससे हमारे जिले की जनता को यह पता चल सके कि जनपद में कोई भी जनप्रतिनिधि ऐसा नहीं है जो पीड़िता को न्याय दिलाने में सक्षम हो। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि थाना हरदी के प्रभारी निरीक्षक एक विपक्षी सफेदपोश से मैच फिक्सिंग कर दबंगों से मिले हुए हैं ऐसे में तत्काल हरदी के थाना इंचार्ज को बर्खास्त किया जाए और उनके अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को भी सस्पेंड किया जाए। श्रीवास्तव ने कहा कि अविलम्ब अपराधियों को गिरफ्तार कर उस सफेदपोश को भी बेनकाब किया जाए जो दबंगों से मिले हैं और पीड़िता को एक करोड़ की आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी की व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने कहा कि मांगे न माने जाने पर एक हजार महिलाएं जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगी।

एसपी व डीएम से की आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

बहराइच, अमृत विचार : रिसिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग की मां ने डीएम और एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। उसका कहना है कि दुष्कर्म का केस और कलमबंद बयान दर्ज होने के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही है। रिसिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय नाबालिग को निविया हुसैनपुर गांव निवासी मुबारक अली उर्फ गुल पुत्र नसीब अली ने पिता नसीब अली, शहजाद अली पुत्र वारिस अली और महिला नक्का बेगम पत्नी हकीम निवासी गोंदौरा की मदद से शादी का झांसा देकर अपहरण कर मुंबई लेकर चला गया था। नाबालिग के पिता का कहना है की बेटी घर से 50000 नगदी और सोने चांदी का जेवरात भी लेकर गई। आरोपी ने मुंबई स्थित एक होटल में एक सप्ताह तक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने वहीं पर नाबालिग को छोड़ दिया और वह फरार हो गया। किसी तरह नाबालिग एक संस्था के सदस्यों के हाथ लग गई। संस्था के पदाधिकारियो ने मुंबई पुलिस को सूचना दी। मुंबई पुलिस ने बहराइच के रिसिया पुलिस से संपर्क कर बेटी को वापस घर पहुंचाया। नाबालिग के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुबारक अली के विरुद्ध दुष्कर्म और अपहरण का केस दर्ज किया, इसके बाद नाबालिग का कोर्ट में 164 का बयान भी दर्ज करवाया। लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। जबकि आरोपी धमकी दे रहे हैं। ऐसे में एसपी और डीएम से न्याय की गुहार लगाई है।

सार-संक्षेप

मतदाताओं से संपर्क करें पन्ना प्रमुख

कैसरगंज में भाजपा की बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी।

जरवल, बहराइच, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक सरदार पटेल इंटर कॉलेज कैसरगंज में हुई। बैठक में विधानसभा कैसरगंज के सभी मंडल अध्यक्ष मंडल, प्रभारी शक्ति केंद्र प्रमुख एवं विधानसभा संचालन समिति स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी शिवभूषण सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गौरव वर्मा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि सिंह ने पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पन्ना प्रमुख ,बूथ अध्यक्ष और अपने बूथ के मतदाताओं से सम्पर्क स्थापित करके उनको सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दें। मतदाताओं से मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जिताने की अपील करें। गौरव वर्मा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सभी लोग चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिए लग जाए। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक सुबेद वर्मा, ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह, रणवीर सिंह,मुन्ना सिंह, बुद्धिसागर गुप्ता, प्रभात सिंह, मीडिया प्रभारी नीरज श्रीवास्तव, विस्तारक सौरभ, संजय राव,मंडल प्रभारी प्रमोद गुप्ता, रोहित अवस्थी, गजेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, ओमप्रकाश अवस्थी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडे, शिव सहाय सिंह, अजय सिंह हीरालाल मोर्य, डॉ अरविंद सिंह, बृजेश सिंह,हरीश मिश्रा समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सड़क पर अनियंत्रित ट्रक पलटने से लगा जाम

सड़क पर पलटा ट्रक।

जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार : लखनऊ-बहराइच मार्ग पर मुर्गी का दाना लेकर आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके चलते सड़क पर जाम लग गया। बौद्ध परिपथ के यात्रियों को आवागमन में दिक्कत हुई। जरवल रोड थाना क्षेत्र के घाघरा घाट स्थित एक ढाबे के सामने लखनऊ-बहराइच मार्ग पर ट्रक संख्या हर 58 डी 7040 अनियंत्रित होकर पलट गई। सड़क मार्ग पर ट्रक पलटने से जाम लग गया। जाम शनिवार दोपहर तीन बजे तक लग रहा है। थानाध्यक्ष बृज प्रसाद ने बताया कि ट्रक शुक्रवार सुबह 3:30 बजे पलटी थी वह मुर्गी का दाना लेकर जिला मुख्यालय बहराइच की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि ट्रक पर सवार परिचालक कपिल कुमार सिंह पुत्र देवी दयाल सिंह निवासी गुराड़ी थाना मिल एरिया रायबरेली बाल बाल बच गया जबकि चालक अमेठी जिले के मोहनगंज थाना क्षेत्र के आर डी गांव निवासी महफूज खान पुत्र मोहम्मद साबिर चोटहिल हो गया। चालक को मुस्तफाबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया है। शाम से आवागमन सामान्य हो गया है। वहीं ट्रक सड़क पर पलटने और दाना बिखरने से जाम की स्थिति बन गई। बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती और नेपाल आने जाने वाले यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा।

लोकतंत्र सेनानी सन्त स्वरूप ने शिक्षा में दिया था अमूल्य योगदान



बहराइच, अमृत विचार : कैसरगंज क्षेत्र में मांटेसरी पद्धति की शिक्षा की अलख जगाने वाले समाजसेवी व लोकतंत्र सेनानी स्व.सन्त स्वरूप श्रीवास्तव बड़े ही दृढ़ निश्चयी व दूरगामी सोच के प्रणेता थे। स्व.संत स्वरूप श्रीवास्तव का जन्म 10 अक्टूबर 1948 को हुआ था। बचपन से ही उनकी शिक्षा के प्रति विशेष रूचि थी। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कैसरगंज में हुई। ततपश्चात उच्च शिक्षा उन्होंने अलीगढ़ में व विधि की शिक्षा लखनऊ में प्राप्त की। क्षेत्र में गुणवत्ता परक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य उन्होंने सबसे पहले कैसर गंज क्षेत्र में सन 1974 में कंचन शिशु मंदिर नाम से एक मांटेसरी पद्धति के विद्यालय की स्थापना की। यह क्षेत्र का मांटेसरी पद्धति का पहला विद्यालय है। तत्पश्चात क्षेत्र में अंग्रेजी शिक्षा की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने सन 1993 में एक अंग्रेजी माध्यम का प्रथम विद्यालय कंचन कॉन्वेंट स्कूल नाम से एक विद्यालय की शुरुवात की। स्व.श्रीवास्तव का सामाजिक कार्यो में भी बड़ी रुचि थी। इमरजेंसी के दौरान उन्हें 11 माह के लिए जेल भी जाना पड़ा। किन्तु उन्होंने कभी अपनी हिम्मत नही हारी। सदैव सामाजिक हितों व शैक्षिक उन्नयन के लिए सदैव प्रयासरत रहे। शिक्षा की अलख जगाने के कारण लोग उन्हें आचार्य जी के नाम से सम्बोधित करते थे। स्व0 सन्त स्वरूप श्रीवास्तव जी का निधन 14 अप्रैल सन 2001 को हो गया। किन्तु आज भी उनके आदर्शों व वैचारिक उन्नयन को चरितार्थ करते हुए उनके संचालित की गई संस्थाएं पिछले 49 वर्षों से क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। उनकी पुण्यतिथि पर कंचन कन्वेंट स्कूल में एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुआ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है सभी सफल प्रतिभागियों को सिल्वर मेडल देकर विद्यालय प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव की ओर से पुरस्कृत भी किया जाएगा।

आंबेडकर जयंती के लिए तैनात हुए मजिस्ट्रेट

बहराइच, अमृत विचार : डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन का अनुपालन कराने तथा आंबेडकर जयन्ती के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा थानावार मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के लिए उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा को मजिस्ट्रेट व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को पुलिस अधिकारी नामित किया गया है। इसी प्रकार कोतवाली देहात के लिए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम राम दयाल व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात, थाना दरगाह शरीफ हेतु तहसीलदार सदर अभयराज पाण्डेय व थानाध्यक्ष दरगाह शरीफ, पयागपुर के लिए उप जिलाधिकारी पयागपुर, दिनेश कुमार व थानाध्यक्ष पयागपुर, थानाक्षेत्र रानीपुर हेतु उप जिलाधिकारी (न्यायिक) राकेश कुमार मौर्य व थानाध्यक्ष रानीपुर, थानाक्षेत्र विशेश्वरगंज के लिए नायब तहसीलदार पयागपुर व थानाध्यक्ष विशेश्वरगंज, थानाक्षेत्र रिसिया के लिए नायब तहसीलदार रिसिया सुरेन्द्र कुमार वर्मा व थानाध्यक्ष रिसिया, कैसरगंज के लिए उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित व थानाध्यक्ष, जरवलरोड के लिए नायब तहसीलदार प्रवीन्द्र प्रताप गिरी, फखरपुर के लिए नायब तहसीलदार बृजेश कुमार व थानाध्यक्ष, हुजूरपुर के लिए नायब तहसीलदार महबूब अंसारी व थानाध्यक्ष को क्रमशः मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी नामित किया गया है।

आज से 16 तक बंद रहेगी बहराइच से गोरखपुर जाने वाली ट्रेन

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: बहराइच से गोरखपुर जाने और आने वाली ट्रेन 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक निरस्त रहेगी इसकी सूचना शुक्रवार रात को पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से जारी कर दी गई है ऐसे में इस रूट के यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

बहराइच से गोरखपुर के मध्य विशेष ट्रेन का संचालन होता है। यह ट्रेन बहराइच से गोरखपुर के मध्य गोंडा होते हुए आवागमन करती है। लेकिन 14 अप्रैल से गोरखपुर गोंडा के मध्य नान इंटरलॉकिंग का कार्य शुरू होगा। इसके चलते रेलवे की ओर से बहराइच से गोरखपुर जाने वाली विशेष ट्रेन संख्या 05132 को 14 अप्रैल और गोरखपुर से बहराइच जाने वाली ट्रेन संख्या 05131 को भी इसी दिन से निरस्त कर दिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल तक बहराइच से गोरखपुर आने और जाने वाली ट्रेन निरस्त रहेगी उन्होंने बताया कि नान इंटरलॉकिंग कर पूरा होने के बाद 17 अप्रैल से पुनः ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। तीन दिन ट्रेनों का संचालन बंद होने से इस रूट के यात्रियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। मालूम हो कि जिले से काफी संख्या में लोग पूर्वांचल की यात्रा करते हैं।

शिक्षामित्रों ने की मानदेय बढ़ाने की मांग

संवाददाता, बहराइच

सांसद प्रत्याशी का स्वागत करते शिक्षामित्र। अमृत विचार

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ का प्रतिनिधि मण्डल प्रांतीय प्रवक्ता शिवश्याम मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा सांसद प्रत्याशी डॉक्टर आनंद गौड़ से मुलाकात की। सभी ने शिक्षामित्र की वर्तमान समस्या से अवगत करा करके समाधान करने के लिए अपील की। इस दौरान शिक्षामित्र ने सांसद प्रत्याशी को समर्थन देते हुए कहा शिक्षामित्र सदैव सरकार के साथ है, उनकी समस्या का भी समाधान होना चाहिए।

प्रांतीय प्रवक्ता शिव श्याम मिश्र ने कहा कि शिक्षामित्र 20 वर्षों से मामूली मानदेय पर जीवन यापन करने के लिए मजबूर है। प्रांतीय प्रवक्ता ने कहा कि शिक्षामित्र को भी मोदी गारंटी में शामिल होना चाहिए। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके उनके बच्चों की पढ़ाई बेटियों का विवाह संपन्न हो सके। इस दौरान महामंत्री राहुल पांडे, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अध्यक्ष रिसिया राघवेंद्र प्रकाश सिंह, अध्यक्ष बलहा रिजवान अली, अध्यक्ष चित्तौरा शेष राज तिवारी, अध्यक्ष शिवपुर जीत कुमार यादव, जिला महिला प्रभारी तृप्ति सिंह, पुष्पा श्रीवास्तव, अध्यक्ष तजवापुर प्रदीप अवस्थी, डॉक्टर विनोद, हितेश मिश्रा, अध्यक्ष हुजूरपुर गिरीश जायसवाल, कोषाध्यक्ष महसी लोकेश मौर्य, जफीर अहमद, अध्यक्ष फखरपुर अनुराग यादव, इस्लामुद्दीन, सतीश कुमार यादव, श्यामू, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

ईवीएम का प्रथम रैण्डमाइज़ेशन हुआ

बहराइच : लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला सूचना विज्ञान केन्द्र में जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार प्रथम रेण्डमाइज़ेशन का कार्य किया गया।उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, पयागपुर के दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, मोतीपुर (मिहींपुरवा) के संजय कुमार, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, भाजपा के प्रशासनिक प्रमुख श्रवण कुमार शुक्ला, बसपा के जिलाध्यक्ष अजय कुमार गौतम व जिला प्रभारी अशर्फी लाल गौतम, अपना दल (सोनेलाल) के जिलाध्यक्ष गिरीश पटेल, सपा के जिला उपाध्यक्ष ज़फरउल्लाह खॉ 'बन्टी', भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष गोपीनाथ, आईटी टीम के सदस्य विजय द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

बैठक

काले रंग का चश्मा नहीं लगा सकते प्रत्याशी, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक, निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में दी जानकारी

18 अप्रैल से शुरू होगा लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन

संवाददाता, बहराइच

जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम। अमृत विचार

अमृत विचार : लोकसभा सामान्य के लिए नामांकन पत्र, उनकी संवीक्षा, नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटन का समस्त कार्य कलेक्ट्रेट स्थित न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, बहराइच कक्ष संख्या-02 में सम्पन्न होगा। आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार 18 से 25 अप्रैल तक पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक प्रतिदिन जमा किये जायेंगे। नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि 26 अप्रैल, नाम वापसी के लिए अन्तिम तिथि 29 अप्रैल निर्धारित है। मतदान की तिथि 13 मई तथा मतगणना की तिथि 04 जून निर्धारित है। नामांकन के समय प्रत्याशी के लिए 03 वाहन अनुमन्य हैं, जो नामांकन कक्ष के 100 मीटर की दूरी तक आ सकेंगे। जबकि नामांकन कक्ष में अधिकतम 05 व्यक्ति आ सकते हैं।

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी की आयु 25 वर्ष होनी चाहिए। प्रत्याशी का नाम किसी भी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में सम्मिलित होना चाहिए, यदि अभ्यर्थी अपने से भिन्न निर्वाचन क्षेत्र में नाम निर्देशन प्रस्तुत करता है तो सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची के उद्धरण की प्रमाणित प्रतिलिपि जो जिला निर्वाचन कार्यालय से निर्गत की गयी हो, प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय दल के अभ्यर्थी हेतु एक प्रस्तावक तथा पंजीकृत अमान्यता प्राप्त दल के अभ्यर्थी अथवा निर्दलीय अभ्यर्थी हेतु 10 प्रस्तावकों का होना अनिवार्य है। प्रस्तावक/प्रस्तावकों का उसी लोक सभा में समाष्टि विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित होना चाहिए जिस लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी द्वारा निर्वाचन लड़ने हेतु नामांकन पत्र भरा जा रहा हैं। काले रंग का चश्मा भी न लगाया जाय।

डीएम ने बताया कि नो ड्यूज से सम्बन्धित शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। डीएम ने बताया कि आपराधिक मामलों का विवरण आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप सी-1 में प्रकाशित किया जायेगा। ऐसे प्रकाशन के लिए निर्दिष्ट अवधि निम्नलिखित तीन चरणों प्रथम नाम वापसी के पहले चार दिनों के भीतर, द्वितीय अगले पांचवे से आठवें दिनों के भीतर तथा प्रचार के 9वें दिन से आखिरी दिन तक प्रकाशित किया जायेगा जिससे मतदाताओं को ऐसे अभ्यर्थियों की पृष्ठभूमि के बारे में जानने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने की तारीख से कम से कम एक दिन पूर्व पृथक बैंक खाता अभ्यर्थी को खोलना होगा। कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी सुविधा पोर्टल ''सुविधा डाट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन'' के माध्यम से भी आनलाइन नामांकन कर सकते हैं। डीएम ने यह भी बताया कि केन्द्र/राज्यों के मंत्रियों, सांसद, विधानसभा सदस्यों, विधान परिषद सदस्यों तथा राज्य का सुरक्षा कवर प्राप्त किसी अन्य व्यक्ति को निर्वाचन अभिकर्ता के रूप में नियुक्त नहीं किया जायेगा।

एक नजर

रास्ते के विवाद में भाई बहन को पीटा, मामला दर्ज

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भरथुआ में गुरुवार की रात गांव निवासी सनोज व मनोज मिलकर विकास की जमीन से रास्ता लेने की बात कह कर गाली गलौज देने लगे। जब गाली देने से विकास ने मना किया तो दोनों लात घूंसा डंडे से पिटाई कर दिया। बचाव करने विकास की बहन पूनम दौड़ी तो दोनों मिलकर उसकी भी पिटाई कर दी। शुक्रवार को विकास ने सनोज कुमार व मनोज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मेड़ काटने को लेकर मारपीट, चार पर केस दर्ज

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटघरा पट्टी बनपुरवा निवासी धर्मराज निषाद व जगदीश निषाद के खेत का एक मेड़ है, जिसे जगदीश ने गिरा दिया था। धर्मराज का भाई राम शब्द जब जगदीश से गुरुवार की शाम पूछने गया तो उसे जगदीश, पिंटू, राजबहादुर व भांजा लाल जी मारने के लिए दौडा. लिया। राम शब्द अपने घर में भागा। वहां पहुंच कर डंडे से पिटाई करने लगे। बचाव में धर्मराज दौड़े तो उसकी भी पिटाई कर दी। शुक्रवार को धर्मराज ने चारों के खिलाफ केस दर्ज कराया।

रंजिश को लेकर हुई मारपीट में एक घायल

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के राईबीगो गांव के काली प्रसाद की विपक्षियों से पुरानी रंजिश चली जा रही थी। शनिवार की दोपहर काली प्रसाद अपने मवेशी को चराकर घर वापस आ रहे थे। आरोप है कि तभी विपक्षियों ने रास्ते में लाठी डंडे से उन्हें मारा पीटा। जिससे उन्हें काफी चोट आई है। उनका सिर भी फट गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने राधेश्याम शर्मा, सतीश एवं कुलदीप के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

चार दशक बाद भी पूरी न हो सकी ग्राम पंचायत चंदौर की चकबंदी

एमएलसी ने जिलाधिकारी को सौंपा पत्र, पारदर्शी चकबंदी कराए जाने की मांग

धनपतगंज, सुलतानपुर

अमृत विचार: विकासखंड के ग्राम पंचायत चंदौर की चकबंदी 40 वर्ष बाद भी पूरी नहीं हो सकी। किसानों ने चल रही चकबंदी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करते हुये डीएम को प्रार्थना पत्र दिया है। एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने भी ग्राम पंचायत में चकबंदी को लेकर एक पत्र डीएम को सौंपा है।

मामला बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंदौर से जुड़ा है। जहां उम्मीदों की डोर थामे लोग बुढ़ापे की दहलीज पर आकर खड़े हो गए। फिर भी विरासत मे नाम दर्ज होने का सपना आज भी पूरा नहीं हो सका। बताते चलें कि वर्ष 1984 में जब चकबंदी शुरू हुई तो लोगों को खुशी थी कि दूर दराज तक बिखरे उनके खेत एक गाटे में दर्ज हो जाएंगे। साथ ही अपने खेतों तक पहुंचने के लिये चकमार्ग मिल जाएगा। विकास के लिए गांव के रास्ते सेक्टर मार्ग बनाया जायेगा। लेकिन ग्रामीणों का यह सपना पूरा न हो सका। ग्रामीणों का आरोप है की शुरुआती दौर में ही भूमाफिया ने सारी चकबंदी प्रक्रिया को अधिकारियों की मिलीभगत से मुट्ठी में कर लिया। चकबंदी के शुरुआती दौर में ही कुछ लोगों को नाजायज लाभ देने के लिए अधिकारियों ने मूल नक्शा और

जिलाधिकारी को देने वाला प्रार्थना पत्र को दिखाते ग्रामीण। अमृत विचार

खतौनी को नष्ट कर दिया। ग्रामीणों के विरोध पर चकबंदी कार्य रुक गया। लंबी लड़ाई के बाद वही मनचाहा नक्शा और कागजात के आधार पर प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2011 में आकर पत्र 23 बना डाला। इसकी जानकारी जब काश्तकारों को हुई तो ग्रामीणों ने इसकी शिकायत चकबंदी आयुक्त से की तो आयुक्त ने मूल खतौनी

> ग्राम पंचायत चंदौर के राजस्व रिकार्ड बनाया जा रहा है। सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए इसका दुरुस्तीकरण चल रहा है। स्थलीय निरीक्षण कर जल्दी ही चकबंदी प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।
> **-अजय तिवारी,** चकबंदी अधिकारी सुलतानपुर

नक्शा के माध्यम से सत्यापन और इंद्राज के मिलान का विभाग को आदेश दिया। साथ-साथ बंदोबस्त दोयम के इंद्राजों से मिलान के बाद पुष्टीकृत नक्शा बनाने और धरातलीय परीक्षण करते हुये गाटा की जांच करने के बाद चकबंदी का फाइनल रिकॉर्ड 41/45 तथा फाइनल नक्शा उसी के आधार पर बनाने का निर्देश दिया। ग्रामीणों का आरोप है की चकबंदी आयुक्त के आदेशों को दरकिनार कर अधिकारियों ने चकबंदी आयुक्त के जारी पिछले आदेश के उन सभी बिंदुओं की जांच और सत्यापन और सुधार किए बगैर दोबारा बंदोबस्त नक्शा और 41-45 बनाया जा रहा है। विभागीय अनियमितता की एक बार फिर भनक लगते ही ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह के माध्यम से जिला अधिकारी से जांच कर अभिलेख दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप- भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी प्रक्रिया

धर्मपुर निवासी चंद्रिका प्रसाद का कहना है कि पूरी चकबंदी प्रक्रिया ही भ्रष्टाचार के दलदल में फसी है। मेरे गांव तक पहुंचने के लिए नक्शे में कोई मार्ग ही नहीं दर्शाया गया है। सब विभाग मनमाने ढंग से कर रहा है। चक मार्ग तक नहीं निकाला गया है नक्शे में, कोई सुनने वाला नहीं है। गांव के ही अमरनाथ तिवारी कहते है कि सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिस चकबंदी को महज 5 वर्षों में पूरा हो जाना चाहिए, वह 40 वर्षों में भी पूरी नहीं हो सकी। आखिर कुछ तो गड़बड़ है। हमारा चक 5 बीघे कम है। सेक्टर रोड हमारे चक मे बना दिया गया है। गांव के पूर्व प्रधान रहे राज सिंह का कहना है कि धरातल पर आकर विभाग पुष्टीकृत नक्शे से गाटा मिलान, सेक्टर रोड, चकमार्गो का मिलान काश्तकारों के समक्ष करने से क्यों कतरा रहा है। बहुत बड़ा खेल चकबंदी में चल रहा है। चकबंदी पूरी न होने से ग्रामीणों को तमाम योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

आग से जला गरीब का आशियाना

- **सब कुछ जल जाने के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, तहसीलदार बोले- लेखपाल से मांगी गई है रिपोर्ट**

सुलतानपुर

अमृत विचार: गेहूं की कटाई के लिए खेत गए गरीब के आशियाने में अचानक आग की लपटें उठने लगी। जब तक ग्रामीण व परिजन पहुंचते आशियाना खाक हो चुका था। पुरुष जहां आग बुझाने में जुट गए वहीं महिलाएं दहाड़ मारकर रोने लगी। हालांकि, सब कुछ जल जाने के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसा इनायतपुर गांव निवासी बबलू के आवासीय छप्पर में शनिवार सुबह क़रीब 10 बजे आग की लपटे निकलने लगी। आग की उठती लपटों को देख पहुंचे स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचित किया। सूचना पर पहुंचे परिजन व कुछ ग्रामीण आग बुझाने में जुटे, लेकिन तब तक आग ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया था। वहीं, सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझा आगे बढ़ने से रोका। मिली जानकारी के मुताबिक बब्लू

गोसाईगंज के इनायतपुर में लगी आग। अमृत विचार

व उनके परिवार वाले मजदूरी पर गेहूं काटने गए थे। आवासीय छप्पर में आग लगने की जानकारी पर पहुंचे थे। आग ने छप्पर में रखी हुई साइकिल मजदूरी के लिए रखा हुआ ठेला व गृहस्थी का सामान जलाकर खाक कर दिया था। ग्रामीणों ने बताया कि बबलू का सारा सामान जलकर खाक हो चुका है। तहसीलदार सदर ने बताया कि संबंधित लेखपाल से आग से हुए क्षति का आकलन कर रिपोर्ट मांगी गई है।

विजय हत्याकांड की विवेचना एसओ बल्दीराय करेंगे

सुलतानपुर, अमृत विचार: बहुचर्चित विजय नारायण सिंह हत्याकांड में नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय को विवेचना से हटा दिया गया है। एसपी सोमेन बर्मा ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर बल्दीराय थाना प्रभारी राम विशाल सुमन को इस हत्याकांड की विवेचना सौंपी है। मृतक विजय नारायण सिंह के बड़े भाई सतीश नारायण सिंह ने नगर कोतवाल पर आरोपियों के अनुचित प्रभाव में विवेचना करने व साक्ष्य मिटाने आदि के आरोप लगाए थे। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने बताया कि वादी की शिकायत पर विवेचना अधिकारी को बदल गया है।

मनरेगा मजदूरों के सामने काम के लाले

करौंदीकला, सुलतानपुर

अमृत विचार: मनरेगा मजदूरों के सामने काम के लाले पड़ गए हैं। रोजगार की तलाश में अब मजदूर शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर हो चुके हैं। गांव में काम न मिलने के चलते इनके घरों में चूल्हा नहीं जल पा रहा है।

सरकार द्वारा मजदूरों की स्थिति सुधारने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना संचालित की जा रही है। लेकिन करौंदीकला विकासखंड में यह योजना लालीपाप साबित हो रही है। विकासखंड के कुल 43 ग्राम पंचायत है। आचार संहिता लगने के पश्चात बीडीओ द्वारा 22 मार्च को पत्र जारी करते हुए मनरेगा योजना द्वारा स्वीकृत नए

अनदेखी

- **रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन बना मजबूरी**

> मनरेगा के तहत अधिसूचना से पहले जो कार्य संचालित थे, उन्हीं कार्यों को होना है। स्वीकृत हुए कार्य अधिसूचना खत्म होने के बाद ही संचालित होंगे। **-अनवर शेख,** डीसी मनरेगा सुलतानपुर

कार्यों पर रोक लगा दी गई है। जिससे ग्राम पंचायतों में कार्य ठप हो गया है। कार्य नहीं होने से मनरेगा मजदूरों को काम के लिए भटकना पड़ रहा है। काम की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर है या फिर विभिन्न प्रांतों में काम के लिए पलायन कर रहे हैं। क्षेत्र के ग्राम पंचायत भटौता तुलसी पट्टी, कटघर पूरे चौहान, वांगर खुर्द, सकरदे, हरीपुर, अमिलिया, पहाड़पुर कला, हाजीपुर बरुआर सहित दर्जनों गावों में मजदूर काम के अभाव में बेहाल है।

मनरेगा मजदूरों ने बयां किया दर्द

बांगर खुर्द के सुरेन्द्र प्रजापति ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत काम नहीं मिल रहा है। रोजी रोटी चलाना मुश्किल हो गया है। हाजीपुर गांव के सूर्यमणी ने बताता की गांव में काम नहीं मिल रहा है, जिस कारण मुंबई जाने की तैयारी कर रहे है। सकरदे गांव के सुरजीत निषाद ने बताया की गांव में काम बंद हो गया है, जिससे काम के लिए भटकना पड़ रहा है।

जलियांवाला कांड इतिहास की काली घटना

- **शहीदों की स्मृति में राणा प्रताप महाविद्यालय में आयोजित की गई संगोष्ठी**

संवाददाता, सुलतानपुर

संगोष्ठी को संबोधित करते डा. प्रभात कुमार श्रीवास्तव। अमृत विचार

अमृत विचार: जालियांवाला कांड भारत की आजादी के इतिहास में काली घटना के रूप में दर्ज है। इस घटना में अंग्रेजों की प्रताड़ना से जो वीर शहीद हो गए, उन्हें नमन करते हुए हम प्रतिवर्ष श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहीं।

विभाग द्वारा शहीदों की स्मृति में आयोजित विद्यार्थी संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। असिस्टेंट प्रोफेसर विनय कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि आज आजाद भारत में हम जो सांस ले रहे हैं, वह उन्हीं शहीदों की देन है। डॉ. प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शहीदों की यादों को संजोए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जलियांवाला में बना स्मारक राष्ट्र की अमूल्य निधि है। डॉ. शिव भोले मिश्र ने बताया कि जालियांवाला की घटना से क्षुब्ध होकर रवीन्द्रनाथ टैगोर ने नाईट हुड की उपाधि वापस कर दी थी।

900 ग्राम गांजे के साथ आरोपित गिरफ्तार

सुलतानपुर, अमृत विचार: शुक्रवार की रात गोसाईगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक प्रमोद मिश्रा हमराहियों के साथ बरौसा-बेलहरी मार्ग पर वाहनों की चेकिंग अभियान चलाए थे। इसी दौरान एक युवक मोटरसाइकिल से आता दिखा। पुलिस को देख घबरा गया तो पुलिस कर्मियों ने तलाशी लेनी शुरु की। तलाशी के दौरान उसके मोटरसाइकिल की डिग्गी से गांजा बरामद हुआ। तौल में गांजा 900ग्राम पाया गया वही पकड़े गए युवक की पहचान प्रदीप निवासी भदैया थाना लम्भुआ के रुप में हुई। गोसाईगंज थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि युवक के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

युवती को पति समेत अन्य परिजनों ने पीटा, केस दर्ज

- **जलाने के प्रयास का आरोप, बचाव में आए विवाहिता के पिता को भी पीटा**

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार: बच्चों के साथ घर लौटी युवतीको घर के सामने ही पति ने परिजनों के साथ पिटाई कर दी। साथ ही जलाने का भी प्रयास किया। बीच बचाव में आए युवती के पिता को भी पीट दिया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित अन्य आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर कोतवाली के महुअरिया निवासी सुरेखा वर्मा पत्नी अविनाश वर्मा ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है। सुरेखा ने बताया कि ट्रेन से उतर कर जब अपने घर महुअरिया पहुंची तो पति अविनाश वर्मा, ननद नीलम वर्मा, सास आशा देवी कुछ अन्य लोगों के साथ मार पीटा। साथ ही छेड़छाड़ करते हुए जलाने की नियत से सिलिंडर खोल दिया। बीच बचाव में पहुंचे पिता को गाली गलौज देते हुए पिटाई कर भाग गए। आरोप है कि पति के बड़े भाई अभिषेक वर्मा दहेज के लिए कई बार धमकी दे चुके हैं। वहीं पति छोटी बच्चियों व मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। युवती ने नगर कोतवाल से जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाई है। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि युवती की तहरीर पर पति समेत अन्य आरोपियों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

सार-संक्षेप

33 जीवन दाताओं ने किया रक्तदान

सुलतानपुर, अमृत विचार : शनिवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में मोस्ट कल्याण संस्थान की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। कुमार दिवाकर बौद्ध ने नेतृत्व किया। रक्तदान करने वालों में कुमार दिवाकर मोस्ट ब्लॉक संयोजक दोस्तपुर, नन्दलाल बौद्ध, रामधारी, अमरजीत गौड़, अर्पित कुमार, अनिल कुमार, हरिशंकर बौद्ध, रणजीत निषाद, सुरेश निषाद, नीलम कनौजिया, राजेश कनौजिया समेत 33 लोगों ने रक्तदान किया।

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान करती शिक्षिका।

शौच को गये अधेड़ की नदी में गिरने से मौत

धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के मुड़ुवा गांव में शनिवार को भोर शौच के लिए पुरानी गोमती पर गये गांव निवासी अविवाहित अधेड़ रघुवीर (51) की पैर फिसलने से नदी में गिरने से मौत हो गयी। मृतक अपने भाई ललित कुमार के साथ रहता था। थाना प्रभारी पंडित त्रिपाठी ने बताया कि परिवारी जनों की सूचना पर पंहुच शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

महिला व उसकी बेटियों को पीटा, चार पर मुकदमा दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कादीपुर कस्बे के पटेल नगर मोहल्ले में सुनीता के बेटे पर कबाड़ चुराने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार की देर शाम विपक्षियों ने गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारा पीटा। जिसमें सुनीता एवं उनकी बेटी अंशिका तथा खुशी को काफी चोट आई। पीड़िता सुनीता की तहरीर पर पुलिस ने हरिकेश, महेंद्र, कमलेश एवं बृजेश के विरुद्ध मारने पीटने का केस दर्ज कर लिया है।

अज्ञात कारणों से सीएचसी के पैथालॉजी में लगी आग

अमृत विचार, मोतिगरपुर, अमृत विचार : शुक्रवार की रात करीब 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर की पैथालॉजी में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। स्वास्थ्य केंद्र पर लगा फायर अलार्म भी काफी दिनों से खराब बताया जा रहा है, जिससे किसी को कोई संकेत नहीं मिला। जब पैथोलॉजी के कमरे में लगे दरवाजे के नीचे से तेजी से धुंआ उठने लगा, तब जाकर सीएचसी के स्टॉफ को आग लगने की खबर हुई। काफी धुंआ उठने ने सीएचसी में अफरा तफरी मच गई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अवनीश मिश्र ने अन्य स्टॉफ की मदद से तत्काल पैथालॉजी का दरवाजा खुलवाकर अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना चिकित्साधिकक को दी गई। आग से पैथोलॉजी कक्ष में रखा प्रिंटर, यूपीएस, डायलुट, लायज, सीवीसी मशीन, जेएसबी स्टेन जैसे उपकरणों के अलावा विभिन्न बीमारियों की जांच के लिए रखी किटें जलकर राख हो गई। जलकर राख के उपकरणों की कीमत करीब चार लाख रुपये बताई जा रही है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हादसा, आठ घायल

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : तहसील बल्दीराय क्षेत्र से गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 88.8 पर शुक्रवार की देर रात लखनऊ से गाजीपुर की तरफ जा रही मैजिक में पीछे से आ रही कार अचानक अनियंत्रित होकर भिड़ गई। हादसे में कार सवार आजमगढ़ जनपद के चिरैयाकोर्ट निवासी सवार शास्त्री यादव (35), इंद्रजीत यादव (45), अंजली यादव (21), नीलम यादव (16), आदित्य यादव (19) घायल हुए हैं। उधर, मैजिक चालक रोहित श्रीवास्तव व प्रताप निवासी लखनऊ, इंद्रपाल निवासी सीतापुर, संतोष निवासी आजमगढ़ को गंभीर चोटें आई मौके पर यूपीडा कर्मियों ने पहुंचकर सभी घायलों को एंबुलेंस द्वारा निकट सौ शैय्या पिठला कुमारगंज जनपद अयोध्या इलाज के लिए भिजवाया। वहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए ट्रामा सेंटर दर्शन नगर अयोध्या के लिए रेफर किया गया।

अध्यक्ष को माला पहनाते वरिष्ठ पत्रकार रमाकांत बरनवाल। अमृत विचार

अंबरीश बने अध्यक्ष तो प्रदीप दुबे महामंत्री

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत की कादीपुर तहसील इकाई की बैठक डाक बंगले पर हुई। बैठक में कार्ड वितरण, कार्यकारिणी का गठन व कार्यशाला आयोजित करने पर सदस्यों ने चर्चा किया। बैठक में उपस्थित जिला कोषाध्यक्ष पंकज पांडेय व सूर्य प्रकाश तिवारी ने पूर्व की कार्यकारिणी को पुनः कार्य करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकार किया। तहसील कार्यकारिणी में पुनः अम्बरीश मिश्र अध्यक्ष, प्रदीप दूबे महामंत्री, कृष्ण कुमार चौबे कोषाध्यक्ष, आनन्द तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों को पुनः मनोनीत किया गया।

विभिन्न स्थानों से 46 लीटर शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

सुलतानपुर, अमृत विचार: शुक्रवार की शाम नगर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक हरिशचंद हमराही सिपाहियों के साथ रोडवेज बस स्टेशन के पास थे। आने जाने वाले संदिग्ध वाहनों व लोगों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच आबकारी निरीक्षक सुभाष चन्द्र सिंह भी हमराहियों के साथ आ गए। तभी सूचना मिली कि पुराने गोलाघाट पुल के पास एक व्यक्ति अवैध शराब के साथ खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम मोहित निवासी सैफुल्लागंज थाना गोसाईगंज बताया। पकड़े गए युवक के पास से 19 लीटर अवैध शराब बरामद हुई।

इसी रात नगर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक हरेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक शैलेंद्र गोलघाट पर मौजूद थे। तभी सूचना मिली कि पुराने पुल के समीप एक व्यक्ति शराब बेचने के लिए खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से 17 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। उसने अपना नाम विजय कुमार निवासी नगर कोतवाली बल्लीपुर बताया। वहीं करौंदीकला में तैनात उपनिरीक्षक शैलेन्द्र प्रताप ने भी 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पंकज यादव निवासी शेखपुर कादीपुर को पकड़ने में सफलता पाई है। सभी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

शिवशंकर बने लंभुआ नपं कांग्रेस के अध्यक्ष

सुलतानपुर, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के स्वीकृत से कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने लोकसभा चुनाव में धार देने हेतु जिले के नगर पंचायत अध्यक्षों की सूची जारी कर दी। जनपद के नगर पंचायत लंभुआ से शिव शंकर अग्रहरी (बाबा), कोइरीपुर से श्रीराम यादव, दोस्तपुर से मेहंदी हसन और कादीपुर से सुरेंद्र सिंह को नगर पंचायत अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जनपद के नगर पंचायत अध्यक्षों की सूची जारी करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि पार्टी द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का आप लोग शत प्रतिशत अनुपालन करेंगे।

सभ्य मनुष्य काल्पनिक तौर पर है चिंतन

- **केएनआई में हुआ सामाजिक न्याय विषयक व्याख्यान का आयोजन**

संवाददाता, सुलतानपुर

संगोष्ठी को संबोधित करते उप प्राचार्य प्रो. राधेश्याम सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार: कमला नेहरू संस्थान के समाजशास्त्र विभाग की ओर से शनिवार को सामाजिक न्याय विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता संस्थान के उपप्राचार्य प्रो. राधेश्याम सिंह ने कहा कि सामाजिक न्याय मात्र एक यूटोपिया है। वह आज तक केवल मात्र गुण दोष की व्याख्या के आधार पर सामाजिक न्याय की व्याख्या करता है। सभ्य मनुष्य काल्पनिक तौर पर समाज का चिंतन करता है। वह धरातल पर कितना आत्मसात होता है, यह समय काल और परिस्थिति पर निर्भर रहता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में सामाजिक न्याय की अवधारणा बदलते हुए विविध समूह की महत्वाकांक्षा के आगे अपनी परिणीति को प्राप्त करने में उतना सफल नहीं हो सका, जितना बुद्धिजीवी परिकल्पना करते थे। आज जहां वृद्धों, प्रवासियों, ट्रांसजेंडर, लिविंग रिलेशनशिप आदि की समस्या ने सामाजिक न्याय के लिए नई चुनौतियां पेश की हैं। वहीं, विविध समस्याओं में सामाजिक न्याय की अवधारणा मात्र स्वप्नलोक बनके रह गई है। आज नारी मुक्ति के लिए सामाजिक न्याय की मांग करने वाले आंदोलन विकृत होकर यौन मुक्ति की मांग कर रहा है। इस अवसर पर जयभद्र सिंह, सत्यम, मो सरफराज, आशीष पांडेय, महीन, रेशमा व रुचि ने अपना विचार व्यक्त किया।

शिक्षक समस्याओं पर बीएसए से मिलेगा महासंघ

सुलतानपुर, अमृत विचार: शनिवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मासिक बैठक जनपदीय कार्यालय पृथ्वी भवन केएनआई बांध पर हुई। अध्यक्षता जिला संयोजक अशोक कुमार सिंह ने किया। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं यथा गर्मी को देखते हुए विद्यालय समय परिवर्तन, दंडात्मक कार्रवाई में बाधित वेतन, निलंबन, सत्यापन संबंधी समस्या, चयन वेतनमान, अवशिष्ट वेतन भुगतान/अन्य देयक आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधि मंडल बीएसए एवं वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा से मिलकर वार्ता करेगा।

लोकसभा चुनाव विकास भवन के प्रेरणा सभागार में स्टेट मास्टर ट्रेनर्स ने द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया

वीवी पैट के ड्रॉप बॉक्स से निकली पर्ची काले लिफाफे में करें सील

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: शनिवार को 80 मास्टर ट्रेनर्स को प्रेरणा सभागार में स्टेट मास्टर ट्रेनर्स ने द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान स्टेट मास्टर ट्रेनर्स सत्यदेव पांडेय ने माकपोल की जानकारी देते हुए बताया कि वीवी पैट के ड्रॉप बॉक्स से निकली पर्ची काले लिफाफे में सील की जायेगी।

स्टेट मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने 49 ओ, 49 एम, टेंडर वोट, चैलेंज वोट पर विस्तार से चर्चा की। स्टेट मास्टर ट्रेनर संतराम यादव ने लिफाफों व भरे जाने वाले प्रपत्रों पर चर्चा की। उन्होंने मतदान के दौरान तैयार किए जाने वाले लिफाफों व पीठासीन की डायरी पर डेमो दिया। सीडीओ अंकुर कौशिक ने सभी मास्टर ट्रेनर्स एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि जिले पर तैयार पीपीटी को ध्यान से देख लें। साथ ही सभी प्रतिभागियों से ईवीएम व वीवीपेट के कनेक्शन, सील करने, प्रपत्रों, एएसडी मतदाता, ईडीसी, पोस्टल बैलेट, मतदान अधिकारियों के कार्य आदि पर प्रश्न-उत्तर किया। एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला ने मतपत्र लेखा व पीठासीन अधिकारी की डायरी को भरने की बारीकी पर चर्चा करते हुए कहा कि निष्पक्ष व शांति पूर्ण ढंग से मतदान कराना हम

स्टेट मास्टर ट्रेनर्स ने दिया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण। अमृत विचार

सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए हम सभी को मतदान से संबंधित पत्र, पीठासीन अधिकारी की पुस्तिका आदि का नियमित अध्ययन करते हुए पूरी मतदान प्रक्रिया को अनिवार्य रूप से जान लेना चाहिए। डीडीओ ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल से लेकर मतदेय स्थल तक पहुंचने पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी पोलिंग पार्टी निर्धारित वाहन से ही मतदान केंद्र पर जायेंगे। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. संतोष गुप्त ने पीठासीन अधिकारी रिपोर्ट भाग 1 से लेकर भाग 5 तक प्रपत्रों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण की व्यवस्था देख रहे डा जनार्दन राय ने बताया कि द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में कुल 80 मास्टर ट्रेनर्स, सभी एस डी एम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार को प्रशिक्षित किया गया। निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में सभी प्रतिभागियों को ईवीएम का हैंडस ऑन कराया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने ईवीएम को कनेक्शन करने व सील करने की प्रक्रिया को भी करके सीखा। प्रथम प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स की ली गई परीक्षा का प्राप्तांक भी उन्हें बताया गया।

एक नजर

एसएसबी ने नेपाल एपीएफ के जवानों को दिया मिष्ठान

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। भारत नेपाल सीमा चौकी बजहा अन्तर्गत गौरी सीमा पर नेपाल के नव वर्ष पर एसएसबी द्वारा नेपाल एपीएफ के जवानों को मिष्ठान देकर एक-दूसरे को बधाई दिया गया। तत्पश्चात भारत में संसदीय चुनाव को लेकर शांति व्यवस्था बने रहने के लिए सीमा पर पैदल गस्त किया गया। दोनों देश के जवानों ने राम नगर से पोखरभिटवा नोमशलैंड पर गस्त किया। सीमा पर आने जाने वालों संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

संदिग्ध हालात में लटका मिला युवक का शव

उसका बाजार, अमृत विचार। थानाक्षेत्र के मदनपुर गांव में शुक्रवार की देर रात एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। भोर में लगभग 4 बजे सूचना मिलने पर पहुंची उसका पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत युवक इसी गांव के निवासी शिवराम पासवान का पुत्र गिरिराज पासवान (25) है। शिवराम ने पुलिस को लिखित सूचना दी है कि रात में परिवार के लोग सो गए थे। भोर में तड़के उठे तो देखा कि घर के बरामदे में बनी सीढ़ी के छड़ में बेल्ट के सहारे बेटे गिरिराज का शव लटका है। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। शिवराम ने बताया कि गिरिराज अविवाहित था। घर पर भी ऐसी कोई बात नहीं हुई जिससे ऐसा कहा जाए कि उसने आत्महत्या की है। एसओ रोहित उपाध्याय ने बताया कि जांच की जा रही है। शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

गांवों, सार्वजनिक स्थलों व स्कूलों में चलाया अभियान

संतकबीरनगर। मिशन शक्ति 4 अभियान के तहत महिला आरक्षियों ने विभिन्न गांवों, कस्बों, सार्वजनिक स्थलों और स्कूलों में व्यापक अभियान चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। पुलिस कर्मियों ने बताया कि किसी भी घटना को छोटी समझ कर नजरंदाज न करें। नारी शक्ति को अपनी ताकत पहचानने की आवश्यकता है।

सिंहेश्वरी देवी के दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

सिद्धार्थनगर

सिंहेश्वरी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

अमृत विचार। चैत्र नवरात्र के मौके पर जनपद मुख्यालय स्थित सिंहेश्वरी देवी मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। हर दिन भोर होते ही भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर देवी की पूजा-अर्चना करते हैं।

बताया जाता है कि आदिकाल में यह स्थान जंगलों से आच्छादित था। धीरे-धीरे जंगलों की कटान होती गई और गांव उपनगर बन गए। किवदंतियों के अनुसार मां यहां सिंह की सवारी करते हुए विचरण करती थी। कई भक्तों को उन्होंने साक्षात दर्शन भी दिए थे। इसी कारण इस मंदिर का नाम सिंहेश्वरी मंदिर पड़ा। वैसे तो यह मंदिर विगत कई वर्षों से पुजारी को लेकर काफी विवादों में रहा है, किंतु विवाद थम चुका है। इस विवाद में कपिलवस्तु विधायक के भाई का नाम भी आया था। फिलहाल लोग यहां बच्चों का मुंडन संस्कार, शादी-विवाह तक के आयोजन कराते हैं। इस मंदिर पर प्रत्येक दिन मेला जैसा दृश्य रहता है, खासकर सोमवार को सैकड़ो लोग पहुंचकर मां का दर्शन पूजा अर्चन करते हैं। बताया जाता है की मां सिंहेश्वरी के दरबार में जो भी भक्त लगातार सात सोमवार को अपनी मनौती को लेकर पूरी आस्था के साथ मां का पूजा अर्चन करता है, मां सिंहेश्वरी उसकी मनोकामना को अवश्य पूरा करती हैं। इस नवरात्र के दौर में जनपद मुख्यालय ही नहीं बल्कि आसपास के सैकड़ो देवी भक्ति मां के दरबार में पहुंचकर अपने हाजिरी लगाते हुए मां का पूजा दर्शन करते हैं, शाम को मां की विधिवत आरती होती है। इस नवरात्र में पुरुषों से अधिक संख्या महिलाओं की देखी जा रही है, जो 9 दिन का व्रत रखकर पूजा अर्चना कर रही हैं।

शोहरतगढ़ कस्बे के पश्चिम समय माता भिरण्डा मंदिर पर मां भगवती जागरण में पहुंचे सांसद जगदंबिका पाल।

जागरण में मां के भजन सुनने को रातभर बैठे रहे श्रद्धालु

सरताज आलम, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। नवरात्र के अवसर पर शोहरतगढ़ कस्बे के पश्चिम समय माता भिरण्डा मंदिर पर मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने भक्ति कार्यक्रमों से भक्तों को देर रात तक भक्ति रस से सराबोर करते रहे। जय माता दी जागरण परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल व विशिष्ट अतिथि अयोध्या धाम दशरथ गद्दी महंत बृजमोहन दास जी महराज, चेयरमैन शोहरतगढ़ उमा अग्रवाल आदि शामिल रहे। जगदम्बिका पाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों से मनुष्य के पापों का हरण होता है। ऐसे कार्यक्रमों में लोगों को बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वन्दना की प्रस्तुति से की गई। सुजीत सैनी और कोमल मौर्या ने चलो बुलावा आया है.... कि शानदार प्रस्तुति पर भक्ति रस में डूबकर लोगों ने खूब जयकारे लगाए। इसी तरह दर रात तक कलाकार अपनी प्रस्तुति से भक्तों को भक्ति रस से सराबोर करते रहे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पाण्डेय उर्फ पहलवान, मनोज वर्मा, दीपक वर्मा, अभिषेक उपाध्याय, प्रेम शंकर कसौधन, अनुप कसौधन, नीलू रूंगटा, मदन कश्यप, नीलेश वर्मा, उमेश अग्रहरि, कमलेश गुप्ता, प्रेमशंकर कसौधन, रवि कसौधन, अमन कसौधन, देवेश कसौधन, आदर्श मद्धेशिया आदि मौजूद रहे।

नौगढ़ से सोनौली बार्डर तक बस सेवा जल्द होगी शुरू

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। नौगढ़ से सोनौली बार्डर तक बस चलाने के लिए परिवहन विभाग ने कवायद शुरु कर दी है। नौगढ़ से सोहांस व लोटन होते हुए सोनौली बार्डर तक सर्वे पूरा हो गया है। बस संचालित होने से यात्रियों को सहुलियत होगी।

महराजगंज में स्थित सोनौली बार्डर पर प्रतिदिन सैकड़ों विदेशी पर्यटक आते हैं। इससे सिद्धार्थनगर के लिए बस का संचालन होने से जिले में भी पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, जिले के लोटन ब्लॉक से प्रतिदिन सैकड़ों लोग तहसील व जिले के कार्यों के लिए आते हैं। लेकिन बस का संचालन नहीं होने से यात्रियों को प्राइवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ता हैं। गौतम बुद्ध से जूड़े कई पर्यटक भी भम्रण करने के लिए विदेशी नागरिक भी आते रहते हैं। रोडवेज बसों का संचालन होने से जिले में पर्यटकों को भी आने में आसानी होगी। बस का संचालन नौगढ़ से सोहास, लोटन, कोल्हुई बाजार होते हुए सोनौली बार्डर तक होगा। इससे नेपाल जाने वाले नागरिकों को भी सुविधा मिलेगी। एआरएम वीके गंगवार ने बताया कि लोटन होते हुए सोनौली तक बस संचालन का सर्वे लगभग पूरा हो गया हैं। जल्द ही बस का संचालन शुरू करा दिया जाएगा।

37 किसानों को 3.9 लाख रुपए के राहत चेक वितरित

अगलगी की घटनाओं में पीड़ितों को मिला मुआवजा

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में अगलगी की घटनाओं में किसानों की नुकसान हुई फसल का मुआवजा प्रशासन ने वितरित करना शुरू कर दिया है। शनिवार को तहसीलदार और मंडी सचिव ने 37 किसानों में 3.9 लाख रुपए के राहत चेक वितरित किए।

डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर रमवापुर, बभनी, रमवापुर जगतराम, शाहपुर, परसा, सेखुइ सेनापति आदि में आगजनी की घटनाएं हुईं थीं। इस पर एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने आगजनी से पीड़ित किसानों को ऑनलाइन आवेदन कर सहायता राशि प्राप्त करने के लिए कहा था। इसी क्रम में गांव के लोगों की ओर से ऑनलाइन आवेदन किए गए। जिसका निस्तारण तहसीलदार डुमरियागंज संतरा सिंह बघेल और मंडी सचिव के माध्यम से करवा कर उप जिलाधिकारी ने 3.9 लाख रुपये की राहत चेक के माध्यम से कृषकों को वितरित किया। साथ में तहसीलदार डुमरियागंज तथा मंडी सचिव को निर्देशित किया। यदि किसी किसान की फसल आगजनी आदि के कारण नष्ट हो गई है तो उसे जल्द से जल्द ऑनलाइन आवेदन करवाएं व जांच करा कर किसानों को राहत राशि दिलवाएं। ताकि आगजनी से पीड़ित कोई भी किसान इस लाभ से वंचित न रह जाए। इस दौरान नायब तहसीलदार महबूब आलम आदि मौजूद रहे।

सीएचसी और पीएचसी पर बनाए गए ओआरएस कॉर्नर

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। लू के प्रकोप को देखते हुए सीएचसी और पीएचसी पर ओआरएस कॉर्नर बनाया गया है। यहां पर लू के प्रकोप और उल्टी दस्त से पीड़ित मरीजों को ओआरएस घोल पिलाने के साथ ही घर पर पीने के लिए पाउडर भी दिया जाएगा। अप्रैल लगते ही तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है।

मौजूदा समय में पारा 40 के पार पहुंच चुका है। ऐसे में लू लगने की संभावना बढ़ गई है। लू लगने से उल्टी दस्त के साथ ही शरीर में तेजी से पानी की कमी होती है। इससे मरीज की स्थिति और बिगड़ जाती है। तापमान में लगातार हो रहे वृद्धि को देखते हुए जिले के 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 59 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ओआरएस कॉर्नर बनाया जा रहा है। यहां स्वास्थ्यकर्मी तैनात रहेंगे, वे ओआरएस की घोल तैयार करके रखेंगे। लू से पीड़ित मरीजों को मौके पर घोल पिलाएंगे। इसके साथ ही उन्हें पाउडर भी देंगे। बताएंगे कि एक दिन में कितनी बार पीना है। यह इसलिए किया जा रहा है कि लू और उल्टी, दस्त के मरीजों के शरीर में पानी की कमी तेजी से होती है। इससे मरीज की हालत तेजी से बिगड़ती है। घोल पिलाने से पानी की कमी दूर होने से मरीजों की सेहत में तेजी से सुधार होता है, ऐसा चिकित्सकों का मानना है।

यात्री सुविधा के लिए विशेष गाड़ियों के बढ़ाए फेरे

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा के लिए विभिन्न रेलगाड़ियों के फेरों को बढ़ाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत 04068/04067 दिल्ली-दरभंगा-दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन दिल्ली से 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को तथा दरभंगा से 27 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को 19 फेरों के लिये किया जायेगा।

04062/04061 दिल्ली-बरौनी-दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन दिल्ली से 28 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक रविवार को तथा बरौनी से 29 अप्रैल से 01 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को 10 फेरों के लिये किया जायेगा। 04028/04027 आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनल ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन आनन्द विहार टर्मिनल से 29 अप्रैल से 24 जून तक प्रत्येक सोमवार को तथा सहरसा से 1 मई से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को 09 फेरों के लिये किया जायेगा। 04010/04009 आनन्द विहार टर्मिनल-जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनल ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन आनन्द विहार टर्मिनल से 30 अप्रैल से 25 जून तक प्रत्येक मंगलवार को तथा जोगबनी से 2 मई से 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार को 09 फेरों के लिये किया जायेगा। 04004/04003 नई दिल्ली-सीतामढ़ी-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन नई दिल्ली से 26 अप्रैल से 28 जून तक तथा सीतामढ़ी से 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को 19 फेरों के लिये किया जायेगा। 04058/04057 आनन्द विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन आनन्द विहार टर्मिनल से 29 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को तथा मुजफ्फरपुर से 30 अप्रैल से 28 जून, तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को 18 फेरों के लिए किया जायेगा।

इसके अलावा 04310/04309 देहरादून-गोरखपुर-देहरादून ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन देहरादून से 23 अप्रैल से 25 जून तक प्रत्येक मंगलवार को तथा गोरखपुर से 24 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को 10 फेरों के लिये किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

गर्मी में सभी रेलवे स्टेशनों पर लगवाए जा रहे वाटर कूलर

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए अत्यधिक गर्मी को देखते हुए सभी स्टेशनों पर शुद्ध पेय जल की उपलब्धता की व्यवस्था की है। इस रेलवे के तीनों मंडलों के विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों के लिये शीतल पेय जल की व्यवस्था के लिए कुल 237 वाटर कूलर उपलब्ध कराये गये हैं। जिसमें से वाराणसी मंडल के अंतर्गत 85, इज्जतनगर मंडल के अंतर्गत 77 एवं लखनऊ मंडल के अंतर्गत 75 वाटर कूलर लगाये गये हैं। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों ने शनिवार से इज्जतनगर रेलवे स्टेशन से निःशुल्क जल सेवा शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन प्रत्येक वर्ष 15 अप्रैल से लेकर जून माह तक किया जाता है। इसी प्रकार की व्यवस्था अन्य स्टेशनों पर भी की जा रही है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

सार-संक्षेप

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं, अभिभावक व शिक्षक।

मतदान में हर कोई करे प्रतिभाग

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने रैली निकाली। प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्विवेदी ने सभी लोगों से अपील की कि जिनके घर के लोग दूसरे शहर और राज्य में नौकरी करने गए हैं, उन्हें भी बुलाकर मतदान करने को कहें। छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने घर-परिवार, पड़ोस यहां तक कि मोबाइल से रिश्तेदारों को भी वोट करने के लिए प्रेरित करें, जिससे जनपद सिद्धार्थनगर का वोटिंग प्रतिशत बढ़ सके। 25 मई को जनपद में मतदान के दिन लोग जाकर एक-दूसरे को वोट करने के लिए कहें। इस दौरान विद्यालय के पंकज कुमार द्विवेदी, युगुल किशोर मिश्रा, अंगद प्रसाद, लक्ष्मी सिंह, अरुण लाल श्रीवास्तव, श्याम सुंदर मल्ल, परिचारक दुर्गेश, मुनीराम लोधी, राजन कुमार गौड़, विशाल पाठक उपस्थित रहे।

पुलिस ने फर्जी दरोगा को गिरफ्तार कर भेजा जेल

गोरखपुर, अमृत विचार। कैंट पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया है। ग्राम कदराई थाना खजनी के रहने वाले दुर्गेश कुमार पासी ने अपनी पत्नी और ससुराल वालों को बताया कि उसका दरोगा भर्ती में चयन हो गया है। उसकी ट्रेनिंग सीतापुर में चल रही है, जिसके लिए काफी पैसा खर्च होगा। ट्रेनिंग के नाम पर ससुराल वालों से पैसा लिया और पत्नी पूजा को साथ लेकर सीतापुर में चार माह रहा। उसके बाद पत्नी को बताया कि मेरी पोस्टिंग हापुड़ में हो गई है। तुम मायके चली जाओ, इस प्रकार पत्नी को घर पहुंचा दिया और फर्जी वर्दी और आई कार्ड लेकर क्षेत्र में घूमकर रौब दिखा रहा था। शनिवार को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी राकेश कुमार ने एक कार को रोका। गाड़ी के डैशबोर्ड पर पुलिस की टोपी रखी थी। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह दरोगा है हापुड़ में पोस्टेड है। जांच पड़ताल में आरोपी दुर्गेश कुमार पासी के फर्जी दरोगा होने की बात सामने आ गई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना का खुलासा एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने अपने कार्यालय पर किया। आरोपी ने पूजा नामक महिला से कोर्ट मैरिज किया था। जिससे एक बच्चा भी है, आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

वैशाखी के पर्व के मौके पर गुरुद्वारा खलीलाबाद में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

गुरुद्वारा खलीलाबाद में धूमधाम से मना वैशाखी पर्व

संतकबीरनगर। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा खलीलाबाद में शनिवार को खालसा पंथ स्थापना दिवस वैशाखी पर्व के रूप में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रातः पाठ साहब की समाप्ति के बाद गुरुद्वारा के ग्रंथी द्वारा अपनी वाणी से गुरु के शबद "खालसा मेरो रूप है खास खालसा में हो करो निवास""दिन वैशाखी ते खालसा पंथ सजाया" सुनाकर वातावरण भक्ति मय कर दिया। अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर देर शाम तक चलता रहा। अपने संबोधन में गुरुद्वारा के अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि 1699 ईसवी में सिक्ख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने वैशाखी वाले दिन खालसा पंथ की स्थापना किया और पांच प्यारे तैयार किया था। जिसमे भाई दयाराम, भाई धर्मदास, भाई मोहकम चंद, भाई साहिब चंद और हिम्मत राय को सिंह सजाया और कहे कि आज से तुम लोग सिंह कहलाओगे। आज से तुम सभी अत्याचार और अन्याय के खिलाफ लड़ोगे। इनको अमृत पान कराकर पांच चीजें केश, कड़ा, कच्छ, कंघा और कृपाण धारण करने का आदेश दिया। वैसाखी का पर्व किसान खेती करके फसल को काटता है और अच्छे अनाज की पैदावार होने से उसके घरों में खुशहाली आती है। यही कारण है कि वैसाखी खुशियों के त्योहार के रूप में मनाते हैं।

भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी जोरों पर

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मटियरिया रामनगर से नेपाल, कपड़े की तस्करी में खासा इजाफा हुआ है। इण्डो नेपाल बार्डर पर बैठी एजंसियों व पुलिस चौकी प्रभारी मुकदर्शक बने देख रहे हैं। एसएसबी द्वारा कुछ सामान पकड़ कर खाना पूर्ति कर दिया जाता है। लेकिन कस्टम व पुलिस तमाशबीन बनी हुई हैं। नेपाल में भारतीय कपड़े की बढ़ती मांग को देखते हुए भारत से नेपाल कपड़े की तस्करी खासी बढ़ी है। पर्दे के पीछे तस्कर इस काम को कैरियरों के जरिए कर रहे हैं। भारत-नेपाल के बीच खुली सीमा तस्करों के लिए वरदान है। तस्करी के लिए वे बार्डर पर स्थित गांवों में सामान छुपाकर रख देते हैं और जब शाम होने लगती है। तब नेपाल सामान पहुंचा देते हैं। बार्डर पर स्थित ग्रामीणों ने बताया कि तस्कर रात में अंधेरे का लाभ उठाकर नेपाल की ओर कपड़ों के गट्ठर लेकर फरार हो जाते हैं।

जितनी बिजली जलाएंगे, उतना ही आएगा बिल

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। विद्युत उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। मीटर की गड़बड़ी व अधिक बिजली बिल आने की समस्या जल्द ही दूर होगी। साथ ही जितनी बिजली जलाएंगे, उतना ही बिल आएगा। माह की दर से तय बिल नहीं लिया जाएगा। यह सब होगा स्मार्टमीटर से। जिले में 82 करोड़ की लागत से उपभोक्ताओं के यहां बिजली के मीटर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही विद्युत ट्रांसफार्मर पर कैपेसिटर बैंक लगाया जाएगा, जिससे लाइन लॉस भी दूर होगी। मीटर लगाए जाने के लिए सर्वे का काम आखिरी दौर में है। इसके बाद बाद मीटर लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा।

बिजली हर व्यक्ति की जरूरत हो गई है। क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक सामान का उपयोग हर कोई कर रहा है। विभिन्न योजनाओं के जरिए लगभग हर गांव टोला, और मजरे तक बिजली पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा समय में जिले में 3.96 लाख विद्युत उपभोक्ता हैं। विद्युत मीटर के लगने के बाद बिजली बिल में लगातार गड़बड़ी की शिकायत आ रही हैं। मीटर लगने के बावजूद नियमित दर से कई गुना बिजली का बिल आ रहा है। जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। बढ़े हुए बिजली बिल को सही कराने में कार्यालय का चक्कर लगाकर उपभोक्ताओं के जूते घिस जा रहा है। मीटर में गड़बड़ी

योजना

▸▸82 करोड़ की लागत से लगेंगे स्मार्ट विद्युत मीटर, लाइन लॉस की समस्या भी होगी खत्म

करके बिजली के बिल के सुधार के नाम पर उपभोक्ताओं की शिकायतें लगातार सामने आती हैं। शासन की ओर से इन शिकायतों पर विराम लगाने की कवायद शुरू हो गई है। बिजली बिल में होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। 82 करोड़ रुपये की लागत से मीटर और ट्रांसफार्मर पर कैपेसिटर लगाया जाएगा। इसके सर्वे कार्य आखिरी चरण में हैं। इसके बाद मीटर लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। मीटर सभी 3.96 लाख उपभोक्ताओं के घरों पर लगेगा।

स्मार्टमीटर में एक और खासियत है। इसमें लोकेशन लगा हुआ है। अगर उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो घर जाकर कनेक्शन काटने की जरुरत नहीं है। कार्यालय में बैठकर विद्युतकर्मी मीटर का नंबर डालेंगे, इसके बाद किसी ट्रांसफार्मर और पोल से कनेक्शन है और लोकेशन क्या है। इसकी जानकारी वहीं से लेकर बिजली कनेक्शन काट देंगे। बिजली विभाग भाग के अनुसार जिले में 50 हजार से अधिक ट्रांसफार्मर पर कैपेसिटर बैंक लगाया जाएगा। इससे एकाएक अधिक बिजली आपूर्ति होने और बिजली लॉस होने की समस्या दूर

पुराने विद्युत मीटर को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा। इसके साथ ही बिजली लॉस और लो और हाईवोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए लगभग 50 हजार ट्रांसफार्मर में कैपेसिटर बैंक लगाया जाएगा। लगभग 82 करोड़ रुपये की लागत से दोनों काम होंगे। सर्वे कार्य आखिरी चरण में हैं। इसके बाद मीटर लगाए जाने का कार्य शुरू हो जाएगा।

-एसके पासवान, एसई विद्युत वितरण निगम सिद्धार्थनगर

होगी। वहीं, हर उपभोक्ता को बराबर बिजली मिलेगी। लो और अधिक वोल्टेज की समस्या दूर होगी। इसके कारण होने वाले उपकरण की क्षति में कमी आएगी।

पॉक्सो एक्ट के आरोपी के घर कुर्की का नोटिस

धनघटा, संतकबीरनगर। महुली पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में फरार अभियुक्त विवेक चौहान पुत्र मुराली चौहान निवासी ग्राम काली जगदीशपुर थाना महुली जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध 82 सीआरपीसी की कार्यवाही की गई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त के घर शनिवार को धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा की गई और डुगडुगी बजवाकर अभियुक्त के निवास स्थान ग्राम काली जगदीशपुर में नोटिस चस्पा कराकर मुनादी कराई गई है। यदि फरार अभियुक्त समय सीमा के भीतर न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होता है तो उनके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

कार्यक्रम महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में आयोजित व्याख्यान में बोले सेवानिवृत्त वारंट ऑफिसर निर्मल सी. रॉसन

सैन्य सेवा के लिए जुनून, अनुशासन व आत्मविश्वास जरूरी

गोरखपुर

शैक्षणिक व्याख्यान का दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत करते अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचार। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) 102 यूपी बटालियन के कैडेट्स के लिए शनिवार को शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। रक्षा क्षेत्र में भविष्य की संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर वायु सेना के सेवानिवृत वारंट ऑफिसर निर्मल सी. रॉसन ने कैडेट्स का मार्गदर्शन किया।

श्री रॉसन ने कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में अनंत संभावनाएं हैं। सैन्य सेवा के लिए ऊंचा लक्ष्य, जुनून, अनुशासन, आत्मविश्वास और समय का पाबंद, मूल मंत्र है। कैडेट्स अभी से अपने जीवन के लक्ष्य के प्रति सजग और जागरूक रहें। लक्ष्य के प्रति सदैव तत्पर रहें। आपकी उत्सुकता ही आपको जीवन में लक्ष्य के प्रति प्रेरित करेगी। सैन्य सेवा के आत्मविश्वास से सैनिक कभी रिटायर नहीं होता, सामाजिक सेवा से राष्ट्र सेवा का जज्बा सदैव जिंदा रहता है। एनसीसी का प्रशिक्षण सैन्य सेवा के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि एनसीसी सैन्य अनुशासन और साहसिक प्रशिक्षण की प्रेरणा देता है। एनसीसी प्रशिक्षण न केवल आपको जीवन में एक अधिक अनुशासित और जिम्मेदार व्यक्ति बनाता है बल्कि आपके व्यक्तित्व, चरित्र व गुण का भी विकास करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर ने स्कूली शिक्षा से विद्यार्थियों को सैन्य सेवा के लिए तैयार करने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया है। सैन्य सेवा के लिए एनडीए, आईएमए, नेवल एक्डेमी, शॉर्ट्स सर्विस कमीशन, टेक्निकल ग्रेजुकेशन कोर्स, आर्मी कैडेट कॉलेज, टेरीटोरल आर्मी, आर्मी मेडिकल कोर्प्स, आर्मी पोस्टल सर्विस, एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम, आईटीबीटी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ आदि में कैडेट्स को सुनहरा मौका मिलता है।

एक नजर

छात्रवृत्ति तत्काल दिए जाने की मांग

बलरामपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर की एमएलके पीजी कॉलेज इकाई द्वारा शनिवार को छात्रवृत्ति में गड़बड़ी को लेकर सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के कुलपति को सम्बोधित ज्ञापन एमएलके पीजी कॉलेज के मुख्य नियंता को सौंपा गया। कॉलेज इकाई मंत्री शिवम दूबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति से एमएलके महाविद्यालय के हजारों की संख्या में स्नातक परास्नतक के छात्र अभी तक वंचित हैं। विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अम्बुज भार्गव ने बताया कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के छात्रवृत्ति फार्म में मास्टर डाटा को लॉक और रिज़ल्ट को मैच नहीं किया गया है। बीएड के छात्र राजन मिश्र ने बताया कि हम छात्रों के साथ अन्याय हो रहा है। इस दौरान राजन मिश्र, रितिका, राज, विकास, आनन्द सहित भारी संख्या विद्यार्थी उपस्थित रहे।

एसएसबी ने ग्रामीणों को किया जागरूक

बलरामपुर, अमृत विचार। पचपेड़वा ब्लॉक के रेहरा प्राथमिक विद्यालय मे एस एस बी के सहायक सेनानायक होशियार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम वासियों के साथ शनिवार को एक बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों को जंगल से सटे कई इलाकों में इस भीषण गर्मी के कारण ज्वलनशील चीजों से सतर्क रहने की सलाह दी गई जिससे जंगल में आग ना लगे। तेंदुआ आदि जंगली जानवरों से सतर्क रहने की सलाह दी गई। संक्रामक बीमारियों से बचने की सलाह भी दी गई। इस अवसर पर एस एस बी के उपनिरीक्षक गिरीश सिंह नेगी, सहायक उपनिरीक्षक सूरज रंबा, सिपाही सुनील कश्यप तथा समरपाल व गांव के प्रधान अशोक चौधरी प्रधानाध्यापक अशफाक अहमद, द्वारिका प्रसाद, दिनेश ,मनीराम, जगन्नाथ व रामलाल समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

चुनाव में बूथों पर सक्रिय हो कार्यकर्ता : जिलाध्यक्ष

बलरामपुर। पचपेडवा में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा गैंसडी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, विधानसभा प्रभारी अजय सिंह पिंकू, विधानसभा संयोजक रवि मिश्रा, निवर्तमान विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, ब्लाक प्रमुख पचपेड़वा मनोज तिवारी, ब्लाक प्रमुख गैसड़ी जगदम्बा सिंह शक्ति, सभी मंडल अध्यक्ष/मंडल प्रवासी, शक्ति केंद्र संयोजक/प्रभारी व वरिष्ठ पदाधिकारी विनय त्रिपाठी पूर्व ब्लाक प्रमुख भोला जायसवाल आदि लोगों ने कार्यकर्ताओं को बूथों पर सक्रिय होकर पार्टी तथा प्रत्याशी के प्रचार प्रसार करने का संकल्प दिलाया। जिला अध्यक्ष ने आगामी लोकसभा/गैंसडी विधानसभा चुनाव में क्षेत्र में कैसे कार्य करना है इसकी बिंदुवार जानकारी देते हुए आज से ही बूथों पर लग जाने का आह्वान किया।इस अवसर पर दयाराम प्रजापति ज़िला उपाध्यक्ष मदन लाल जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गैंसडी, कामेश्वर प्रसाद मिश्रा, हेमेंद्र थारू व राजेंद्र ओझा समेत दर्जनों भाजपा वर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बार एसो. ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति को सौपा मांग-पत्र

बलरामपुर। जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्थानीय मांगों संबंधित एक मांग पत्र प्रशासनिक न्यायमूर्ति को सौंपा। अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह व महामंत्री संजय तिवारी ने बताया कि परिवार न्यायालय व एम. ए. सी.टी न्यायालय को नवीन दीवानी परिसर स्थानांतरित करने, उतरौला तहसील में स्थानांतरित अपर सिविल से जूनियर डिवीजन/जे.एम उतरौला जनपद बलरामपुर को बलरामपुर न्यायालय वापस भेजे जाने, उतरौला न्यायालय क्षेत्र से थाना रेहरा, गैंडास बुजुर्ग, श्री दत्तगंज को जनपद मुख्यालय से संबद्ध किए जाने, तुलसीपुर ग्राम न्यायालय से 2021 से व उससे पूर्व दायर वादों को जनपद मुख्यालय पर स्थानांतरित करने सहित 12 बिंदुओं की और ध्यान आकृष्ट कराते हुए एक मांगपत्र सौपा गया है।

मॉल में धार्मिक चित्र वाला डोर मैट बेचने को लेकर हंगामा

बलरामपुर, अमृत विचार। उतरौला नगर के वी बाज़ार मॉल में धार्मिक चित्र वाला डोर मैट बेचने को लेकर मुस्लिम समुदाय में आक्रोश व्याप्त हो गया। गत शुक्रवार रात डोर मैट बेचने की जानकारी जैसे ही मुस्लिम समुदाय के लोगों में हुई तो वी बाजार के सामने इकठ्ठा होने लगे। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में लोग विरोध प्रदर्शन करने लगे। भीड़ ने माल के सेल्समैनों से हाथापाई की और पत्थर भी फेंके। विरोध प्रदर्शन के दौरान हंगामा बढ़ता देख जिले के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई और भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कोतवाली पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। एसपी केशव कुमार ने बताया कि वास्तव वह प्रोडक्ट डोरमैट नहीं था। कई आनलाईन मार्केटिंग ऐप जैसे अमेजॉन व फ्लिपकार्ट पर भी यह प्रोडक्ट मौजूद है कुछ लोगों ने जानबूझकर इसे डोरमैट बताते हुए सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचना वायरल कर दी। धारा 144 के तहत लोगों ने हंगामा काटा यह ठीक नहीं है। पुलिस ने वी बाजार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वालों तथा मौके पर पहुंचकर धारा 144 के तहत उपद्रव करने वालों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

निरीक्षण में गायब मिले चिकित्सा अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी

बलरामपुर, अमृत विचार। शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरिहरगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण में चिकित्सक समेत कुल दो कर्मी अनुपस्थित पाए गए। चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकल्प मिश्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरिहरगंज अनुपस्थित पाए गए।

सीएचसी शिवपुरा में डेंटल हाईजेनिस्ट आशीष कुमार अनुपस्थित पाए गए।सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने दिया। सीएमओ ने निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को बाहर से ना कोई दवा लिखी जाए ।और ना ही कोई जांच कराई जाए । उन्होंने यह भी कहा की सभी मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ निर्धारित ड्रेस कोड में ही ड्यूटी पर उपस्थित हो। जो भी गर्भवती महिलाएं प्रसव के लिए चिकित्सालय आ रही हैं, उन्हें जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जो सेवाएं और सुविधाएं प्रदान की जानी है सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें वह निशुल्क प्राप्त हो। प्रसूता महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाली चौदह सौ रुपए की धनराशि यथाशीघ्र उनके बैंक खाते में स्थानांतरित करने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र 48 घंटे के अंदर लाभार्थियों को देने की भी व्यवस्था किया जाए।

उन्होंने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवपुरा डॉ. प्रणव पाण्डेय को निर्देशित किया चिकित्सालय भवन व परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था ठीक किया जाए। शौचालयों आदि की साफ सफाई नियमित रूप से किया जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सीएमओ ने विकास खण्ड शिवपुरा के ग्राम गनवारिया में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व टीकाकरण सत्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एएनएम प्रतिमा पटेल टीकाकरण कर रहीं थी। उनके द्वारा कुल सोलह महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण किया गया था। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पाण्डेय, डॉ. प्रणव पाण्डेय , डॉ. श्याम जी श्रीवास्तव, वीनस आनन्द, आशा संजू सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रेमा देवी आदि मौजूद रहे।

कार्रवाई

- दोनों का वेतन रोक सीएमओ ने मांगा स्पष्टीकरण

बलरामपुर में सीएचसी शिवपुरा का निरीक्षण करते सीएमओ व अन्य। अमृत विचार

देवीपाटन मंदिर पहुंची पीर रतन नाथ की शोभायात्रा

तुलसीपुर नगर में श्रद्धालुओं ने नेपाल से आई शोभायात्रा का किया स्वागत

परम्परा

- प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि को देवीपाटन पीर रतन नाथ की शोभायात्रा पहुंचती है

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

पीर रतन नाथ यात्रा के दौरान तुलसीपुर में नेपाली सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

अमृत विचार। सदियों से नेपाल से आने वाली पीर रतन नाथ योगी की भव्य शोभा यात्रा शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंच गई। देवी पाटन महंत मिथलेश नाथ योगी ने की शोभा यात्रा की अगवानी की।गाजे बाजे के साथ हजारों की संख्या में नेपाली व भारतीय श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए।

प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि को देवीपाटन पीर रतन नाथ की शोभायात्रा पहुंचती है। नवरात्रि की पंचमी तिथि से नवमी तिथि तक नेपाली पुजारी मां पाटेश्वरी की पूजा अर्चना करेंगे ।मां की पूजा अर्चना के साथ साथ पीर रतन नाथ के प्रतीक पात्र देवता की भी पूजा की जाएगी ।सदियों से चली आ रही है यह परंपरा हर साल भव्य होती जा रही है ।ऐसी मान्यता है कि रतन नाथ मां पाटेश्वरी के परम भक्त थे। प्रतिदिन नेपाल के दांग चौखड़ा से देवीपाटन आकर वह मां पाटेश्वरी की पूजा अर्चना करते थे। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर मां ने उन्हें यह आशीर्वाद दिया था की चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि से माता रानी के साथ-साथ उनकी भी पूजा की जाएगी।

शनिवार सुबह दांग चौखड़ा से तुलसीपुर पहुंची पीर रतन नाथ की शोभायात्रा का नगर वासियों ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। स्वागत के बाद पीर रतन नाथ के पात्र देवता को देवीपाटन मंदिर में माता रानी के बगल स्थापित किया गया है ।नवमी तक नेपाल के पुजारी मां पाटेश्वरी के साथ-साथ पीर रतन नाथ की भी पूजा अर्चना करेंगे। यात्रा के दौरान नेपाली कलाकारों ने तरह-तरह के सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया ।यात्रा की अगुवाई एसडीएम तथा सीओ तुलसीपुर ने भी की।यात्रा की सुरक्षा में स्थानीय पुलिस के साथ साथ पंजाब पुलिस को भी लगाया गया था। यह यात्रा दोनों देशों के मैत्री संबंधों को मजबूती प्रदान करने का काम कर रही है।

यात्रा का इतिहास

देवीपाटन मंदिर के पौराणिक इतिहास के अनुसार पीर रतन नाथ योगी के आराधना से प्रसन्न होकर मां पाटेश्वरी से उन्हें पंचमी से नवमी तक मंदिर आकर पूजन करने का वरदान दिया था। रतन नाथ अपने जीवन काल मे पंचमी से नवमी तक यहां आकर मां की पूजा करते थे। उनके शरीर छोड़ने के उपरांत उनके शिष्यों के द्वारा आज भी पात्र देवता के रूप में उनको यहां पर लाया जाता है। यह यात्रा सदियों से यहां चली आ रही है। जनपद व गैर जनपद के हजारों लोग नवरात्रि में इस यात्रा का इंतजार करते हैं और यात्रा दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने कहा कि भारत और नेपाल का सांस्कृतिक धार्मिक और आत्मीय संबंध सदियों से प्रगाढ़ रहा है।

देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर में पीर रतन नाथ योगी यात्रा के पुजारी पात्र देवता के साथ।

सार-संक्षेप

हर्षोल्लास से मनाया गया बैसाखी का त्योहार

बलरामपुर के गुरुद्वारे में बैसाखी पर्व पर लंगर खाते लोग। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। सिक्खों का प्रमुख त्योहार बैसाखी शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारे में ज्ञानी ने शबद कीर्तन कर गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान गुरुद्वारे में लोगों ने लंगर भी खाया। बैसाखी को लेकर गुरुद्वारे में बीते 11 अप्रैल से श्री अखंड पाठ साहिब शुरू हुआ। ज्ञानी अनिल सिंह व रविंदर सिंह ने गुरुवाणी का गायन किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बैसाखी का महत्व बताया। कहा कि एक समय आक्रमणकारी हिंदुओं को जबरदस्ती धर्म परिवर्तन को विवश कर रहे थे। तब सिखों के नवें गुरु तेग बहादुर ने अपना बलिदान दिया था। 13 अप्रैल 1699 के दिन एक सम्मेलन कर पंच प्यारे तैयार किए गए। उन्हें शिष्य का दर्जा दिया गया।

पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

मां विजलेश्वरी देवी के पिंडी स्वरूप का दर्शन पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

बलरामपुर। वासंतिक नवरात्रि के पांचवें दिन मंदिरों तथा घरों में श्रद्धालुओं ने मां जगदंबा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना की ।लोगों ने सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा ।विभिन्न मंदिरों में मुंडन ,जनेऊ व कर्णछेदन आदि संस्कारों की धूम रही। देवीपाटन शक्तिपीठ में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। देश विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने मां पाटेश्वरी के साथ- साथ उनके भक्त पीर रतन नाथ योगी की भी पूजा अर्चना की। दर्शन पूजन के बाद लोगों ने परिसर में लगे राजकीय मेले में घूम कर सर्कस, झूले आदि का आनंद लिया। बिजलीपुर के बिजलेश्वरी मंदिर में पंचमी के दिन हजारों श्रद्धालुओं ने मां के पिंडी स्वरूप का पूजन अर्चन किया। यहां पर तमाम लोगों ने बच्चों का मुंडन संस्कार कराया। घरों में भी लोगों ने स्कंदमाता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा ।जरवा क्षेत्र में स्थित रहिया माता मंदिर, उतरौला स्थित ज्वाला देवी मंदिर तथा पेहर बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में तमाम लोगों ने पूजा अर्चना की।

शत-शत प्रतिशत मतदान कराने की सौपी गई जिम्मेदारी

बलरामपुर के उतरौला में भाजपा की बैठक मे मौजूद पार्टी पदाधिकारी।

बलरामपुर, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को इमलिया बनघुसरा में स्थित श्री राम तीरथ चौधरी पीजी डिग्री कॉलेज में विधानसभा उतरौला बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी एवं बूथ अध्यक्षों को शत-शत प्रतिशत मतदान कराने की जिम्मेदारी सौपी गई ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है। कोई भी चुनाव कार्यकर्ताओं के दम पर ही जीता जा सकता है। लोकसभा का चुनाव नजदीक है इसलिए सभी कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ लग जाय। चुनाव में कार्यकर्ताओं के साथ-साथ शक्ति केंद्र संयोजक प्रभारी एवं बूथ अध्यक्षों की जिम्मेदारी अधिक बढ़ जाती है। उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के पीएम बनने जा रहे हैं। देश की जनता मोदी की गारंटी पर विश्वास कर रही है। देश के विकास में डबल इंजन की सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर उतरौला विधानसभा प्रभारी बृजेंद्र तिवारी विधानसभा संयोजक सुधीर श्रीवास्तव उतरौला नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता जिला उपाध्यक्ष रामकरण मिश्रा जिला मंत्री मनोज श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अब नाना की विरासत संभालने उतरे साकेत

सौरभ ओझा, श्रावस्ती

साकेत मिश्र। अमृत विचार

अमृत विचार। नाना जी देशमुख तथा अटल जी की कर्मस्थली पर भाजपा के साकेत मिश्र कमल खिलाने उतरे है। नौकरशाह से नेता बने साकेत मिश्र पर अपने नाना की विरासत को आगे ले जाने की जिम्मेदारी भी है।

प्रधानमंत्री मोदी के कैबिनेट सचिव रहे श्री राम जन्म भूमि निर्माण समित के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के पुत्र व पूर्व नौकरशाह साकेत मिश्र के नाना पंडित बदलूराम शुक्ल देवीपाटन मंडल के वरिष्ठ अधिवक्ता होने के साथ ही कद्दावर नेता भी थे। जो 1971 से 1977 तक बहराइच के सांसद रह चुके है। अब नौकरी छोड़ कर राजनीतिक पारी खेलने उतरे साकेत मिश्र न सिर्फ पूर्वांचल विकास समित के सलाहकार है। बल्कि एमएलसी भी है। अपने काम और मोदी के नाम के बल पर लोकसभा चुनाव के लिए उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और नाना जी देशमुख की कर्मस्थली को चुना है। जिस पर न सिर्फ उन्हे कमल खिलाने की जिम्मेदारी है। बल्कि अपने नाना की विरासत को भी आगे ले जाने की जिम्मेदारी है। फिलहाल जहा वह क्षेत्र में लगातार दौरा कर मतदाताओं को रिझाने में जुटे है। वही एसपी बीएसपी की ओर से अबतक प्रत्याशी न घोषित किए जाने से उन्हें चुनावी रण में खुला मैदान भी मिला हुआ है।

निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैयारी तेज

बलरामपुर, अमृत विचार। जिले में लोकसभा चुनाव तथा गैसड़ी विधानसभा का उपचुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स का फ्लैग मार्च लगातार जारी है।

एसपी केशव कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान लोग किसी भी तरह की भ्रामक खबरों पर ना तो ध्यान दें और ना ही उसे फैलाएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुलिस की पैनी नजर है। नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भी एस एस बी के साथ पुलिस लगातार निगरानी कर रही है ।चुनाव के दौरान किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि क्षम्य नहीं होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति को चुनाव के संबंध में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिले तो तत्काल डायल 112 तथा नजदीक के थाने व पुलिस चौकी में सूचना दें।

मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका बज रहा : कमलेश

कार्यशाला में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

श्रावस्ती, अमृत विचार। भाजपा जिला इकाई द्वारा नुकड़ सभा अभियान को बढ़ावा देने एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को इसके लिए प्रशिक्षित करने के दृष्टिगत जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला कार्यशाला में मुख्यअतिथि के रूप में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, व सदस्य विधान परिषद पदमसेन चौधरी, लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय उपस्थित रहे।

भाजपा जिला कार्यालय भिनगा में आयोजित नुकड़ सभा अभियान की जिला कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कमलेश मिश्रा ने कहाकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनायें सीधे जरूरतमंद लोगो तक पहुंची है, जनहित में चलायी जा रही योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचा कर जनता से अपना वादा पूरा किया। चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर केन्द्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनानी है।

दिशा-निर्देश | जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का लिया जायजा

पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर सभी व्यवस्थाएं कर ली जाएं दुरूस्त

पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का निरीक्षण करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा अमृत विचार

श्रावस्ती, अमृत विचार। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में बनाये गये पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा सभी व्यवस्थाओं को पहले से ही दुरूस्त करने का निर्देश दिया।

इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि दोनों विधान सभाओं हेतु पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल व ईवीएम मशीनों को स्ट्रांगरूम में जमा करने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं ताकि मतदान कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके अलावा उन्होने रवानगी स्थल के आस-पास साफ-सफाई, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया है।

पहले चरण के रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का डीएम ने लिया जायजा

श्रावस्ती, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में मतदान कार्मिकों के पहले चरण का रेंडमाइजेशन कराये जाने हेतु चल रही प्रक्रिया का डीएम ने एनआईसी पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान ईपीडीएस सॉफ्टवेयर पर कार्मिकों के फीड डाटा के अनुसार पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय के रूप में चिन्हित किये गये कर्मचारियों का मिलान परीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया रेंडमाइजेशन के बाद जिन कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगी है, उनके पहले चरण के प्रशिक्षण का कार्य शुरू हो जाएगा। पहले चरण का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद दूसरे चरण का रेंडमाइजेशन कर फिर से कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद अंतिम चरण का रेंडमाइजेशन कर मतदान कर्मियों को ड्यूटी भेजी जाएंगी। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निगम प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी के आशुलिपिक एसपी सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर अवर अभियंता नीरज सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत- बल्देवनगर विकास खण्ड-हरैया सतधरवा, जनपद-बलरामपुर

निविदा/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2024-25 में गौशाला मरम्मत एवं गौशाला में संरक्षित पशुओं को खिलाने हेतु भूसा/चूनी चोकर / दाना हरा घास इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 18/4/2024 तक अपनी दरें लेटर हेड पर संलग्न कर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

जो दिनांक 15/04/2024 से दिनांक 18/4/2024 तक प्राप्त एवं जमा किया जायेगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 19/4/2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान / सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जायेगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विशिष्टयों के अनुसार परिमंडल गोण्डा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएंगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

अंकित मिश्रा, सचिव **ममता देवी , ग्राम प्रधान**

ग्राम पंचायत- बल्देवनगर विकास खण्ड-हरैया सतधरवा, जनपद-बलरामपुर

चुनावी गतिविधियां

- **मतदान के लिए तैयारी तेज, 19 को पहले चरण का मतदान :** प्रदेश में पहले व दूसरे चरण की आठ-आठ सीटों के लिए मतदान की तैयारी तेज हो गई है। पहले चरण में मतदान 19 अप्रैल व दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। पहले चरण में रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना सीटों पर मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि मतदाताओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही, बीएलओ के जरिये मतदाताओं को सूचना पर्ची समय पर पहुंचाने को कहा गया है। इसके साथ ही, सुरक्षा बलों की तैनाती के लिए इंतजाम किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ ही, प्रदेश के पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ मतदान केंद्रों पर भी सुरक्षा व अन्य सुविधाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ,जिससे की इस बार प्रदेश का मतदान प्रतिशत पिछली बार से और अधिक बढ़ाया जा सके।

किसान हित की योजनाओं का असर दिखेगा चुनाव में

मिशन 80 साधने में न सिर्फ केंद्र बल्कि प्रदेश सरकार की भी होगी परीक्षा

2.68 करोड़ को पीएम किसान सम्मान निधि में मिले 68,139 करोड़ रुपये

निजी नलकूपों से सिंचाई को मुफ्त बिजली का राज्य सरकार ने दिया तोहफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में किसान का मुद्दा खूब हावी है, लेकिन किसान कहीं जाति में बंटे नजर आ रहे हैं, तो कहीं चुप्पी साधे हुए हैं। विपक्ष महंगी हो रही खेती के मुकाबले आय कम होने से एमएसपी के मुद्दे को गरमा रहा है, जबकि भाजपा गठबंधन के नेता कांग्रेस और सपा सरकारों की याद दिलाकर किसानों की न सिर्फ सुधरी हालत, बल्कि दबंगई और गुंडागर्दी समेत नौकरी में उनके बच्चों से वसूली की मुद्दे पर माहौल बना रहे हैं। लेकिन असली परीक्षा डबल इंजन सरकार की किसान हित की योजनाओं की होने वाली है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लकेर राजग के सभी बड़े-छोटे नेता डबल इंजन सरकार में पीएम किसान सम्मान निधि से लेकर राज्य सरकार की ओर से नलकूपों से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और गन्ना मूल्य के भुगतान से लेकर नई चीनी मिलों की स्थापना पर वोट मांग रहे हैं। देखना होगा मिशन-80 सीटों के लक्ष्य को पूरा करने में कितना ट्रंप कार्ड साबित होगी। भाजपा के मुताबिक किसानों को निजी नलकूपों से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली का ऐलान करके अपने संकल्प को पूरा किया है।

न्यूनतम आय सहायता के रूप में 6 हजार रुपए प्रति वर्ष

अन्नदाता किसानों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं को भी प्रदेश में कुशलता के साथ लागू किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत केंद्र सरकार ने किसानों को न्यूनतम आय सहायता के रूप में 6 हजार रुपए प्रति वर्ष प्रदान करने की पहल की, जिसके तहत देश में कुल 12 करोड़ और प्रदेश के 2.68 करोड़ अन्नदाता किसान लाभान्वित हो रहे हैं। फरवरी 2024 तक प्रदेश भर में पात्र किसानों को 68,139 करोड़ डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजे जा चुके हैं।

गन्ना किसानों को मिली मजबूती

भाजपा प्रवक्ता का कहना है कि गन्ना किसानों के लिए भी सरकार ने बड़े कदम उठाए हैं, जिससे उनकी आय में गुणात्मक वृद्धि हुई है। इसके तहत राज्य सरकार द्वारा 2017 से अब तक लगभग 2.50 लाख करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान कराया गया है। सरकार ने 7 वर्षों में गन्ना समर्थन मूल्य में 55 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। मार्च 2017 से अब तक 3 नई चीनी मिलों की स्थापना हुई है, जबकि 5 चीनी मिलों के पुर्नसंचालन एवं 38 चीनी मिलों में क्षमता विस्तार से कुल 107100 टीसीडी की अतिरिक्त पेराई क्षमता का सृजन हुआ। इससे लगभग 117810 लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है।

मायावती आज मुजफ्फरनगर से शुरू करेंगी चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पश्चिम उप्र में छह दिन में 13 जिलों में संबोधित करेंगी रैलियां

अमृत विचार : उप्र. में बसपा सुप्रीमो मायावती कल रविवार से लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करने निकलेंगी।

पहले चरण के चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रचार अभियान की की शुरूआत पश्चिमी उप्र. से करेंगी और छह दिन में 13 रैलियां संबोधित करेंगी। पहली चुनावी रैली 14 अप्रैल को मुजफ्फरनगर में दारा सिंह प्रजापति और उसी दिन सहारनपुर में प्रत्याशी माजिद अली के समर्थन में संबोधित करेंगी।

लोकसभा चुनाव में हरिदार से प्रचार शुरू करने वाली मायावती उप्र. में पहले चरण में 14 से 16 अप्रैल के मध्य छह सीटें और फिर 21 से 24 अप्रैल के मध्य सात सीटों में सभाएं करेंगी। पहले दिन की रैलियों के बाद अगले दिन 15 अप्रैल को रामपुर में जीशान खां और उसी दिन मुरादाबाद में मो.इरफान सैफी के लिए के लिए संभाएं होगी। इसके बाद नगीना सुरक्षित सीट पर सुरेन्द्र पाल सिंह और बिजनौर में बिजेंद्र सिंह के समर्थन में 16 अप्रैल को चुनावी रैली संबोधित करेंगी।

पांच दिन विश्राम के बाद मायावती 21 अप्रैल को गाजियाबाद, बागपत और अमरोहा में कुल तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगी। अगले दिन 22 अप्रैल को गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर और अंत में 23 अप्रैल को मेरठ और हापुड में प्रचार अभियान जारी रखेंगी।

गोंडा सांसद के भाग्य का फैसला करेंगे जिले के 4.26 लाख मतदाता

लाल जी सिंह, बलरामपुर

- गोंडा संसदीय क्षेत्र में शामिल है जिले की उतरौला विधानसभा
- पांचवें चरण में 20 में को इस विधानसभा क्षेत्र में होगा मतदान

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान बलरामपुर जिले में दो चरणों में मतदान होगा। पांचवें चरण में यहां उतरौला विधानसभा क्षेत्र के 4.26 लाख मतदाता गोंडा संसदीय क्षेत्र के सांसद का चुनाव करेंगे। छठवें चरण में श्रावस्ती सांसद के लिए वोट डाले जाएंगे। छठवें चरण में बलरामपुर सदर, तुलसीपुर, तथा गैंसड़ी के मतदाता वोट डालेंगे।

बताते चलें कि वर्ष 2009 में परिसीमन के दौरान बलरामपुर संसदीय क्षेत्र का अस्तित्व ही समाप्त हो गया। जिले की चार विधानसभाओं को दो संसदीय क्षेत्रों में बांट दिया गया। गोंडा संसदीय क्षेत्र में जिले की सर्वाधिक मतदाता वाली विधानसभा उतरौला को शामिल कर दिया गया। शेष तीन विधानसभा बलरामपुर सदर, तुलसीपुर, और गैंसड़ी को श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में शामिल कर दिया गया। आगामी लोकसभा चुनाव में गोंडा संसदीय क्षेत्र के लिए पांचवें चरण में मतदान होगा। उतरौला विधानसभा के मतदाता पांचवें चरण में मतदान करेंगे ।भाजपा ने गोंड़ा संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को अपना उम्मीदवार बनाया है। सपा ने यहां से बाराबंकी के बाबू बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। यह पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा की बेटी है।

बसपा तथा अन्य दलों ने अभी इस क्षेत्र में अपना पता नहीं खोला है। उतरौला विधानसभा क्षेत्र मुस्लिम और वर्मा बाहुल्य माना जाता है । यहां से भाजपा के वर्तमान विधायक राम प्रताप वर्मा अपनी बिरादरी में अच्छी खासी पकड़ रखते हैं। वही पिछले वर्षों में गोंडा संसदीय क्षेत्र से जीत का परचम लहरा चुके बाबू बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा भी एम के वाई(मुस्लिम, कुर्मी, यादव) समीकरण के सहारे एक बार फिर चुनावी वैतरणी पार करने की फिराक में है। अब देखना यह है कि मनकापुर राज परिवार के उत्तराधिकारी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया अपनी जीत की हैट्रिक लगा पाते हैं। या फिर श्रेया वर्मा उनकी राह में रोड़ा अटका सकती हैं। कीर्तिवर्धन सिंह को भाजपा के परंपरागत वोटों पर पूरी तरह विश्वास है। मतदाता अभी खामोश है ।मतदाताओं की चुप्पी ने प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों की धड़कनें बढ़ा रखी है।

विधानसभा क्षेत्र वार मतदाताओं की संख्या

विधानसभा	कुल मतदाता	महिला	पुरुष	अन्य
1-मेहनौन	378547	175126	203414	07
2-गोंडा सदर	360423	168753	191639	31
3-मनकापुर	338771	158730	180035	00
4-गौरा	333641	154046	179588	07
5-उतरौला	426913	195767	231116	30

जातीय गणित से तय होता है कबीर की धरती का चुनाव परिणाम

भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब

सपा-बसपा में उम्मीदवार चयन को लेकर असमंजस

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर

अमृत विचार। कबीर की धरा पर चुनाव की सरगर्मी धीरे-धीरे बढ़ रही है। छठवें चरण में यहां मतदान होना है। इसी महीने के अंतिम सप्ताह से नामांकन भी शुरू हो जाएगा।

भाजपा ने काफी पहले ही अपने वर्तमान सांसद प्रवीण निषाद को एक बार फिर मैदान में उतार दिया है। वहीं सपा और बसपा के सुप्रीमो जातीय समीकरण में उलझकर उम्मीदवार के चयन को लेकर असमंजस में हैं।

इस बात से सबसे ज्यादा हैरान कार्यकर्ता हैं। उन्हें अभी यह समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर उम्मीदवार को लेकर पेंच कहां फंस रहा है। सोशल मीडिया पर लोग अपने-अपने उम्मीदवार को टिकट दिला रहे हैं, लेकिन अब देखने की बात होगी कि पार्टी किस पर दांव लगाती है।

27 साल पूर्व हुआ था जनपद का सृजन

संतकबीरनगर। लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से एक है। पहले यह क्षेत्र बस्ती जिले का हिस्सा था। लेकिन बाद में 5 सितंबर 1997 को संत कबीर नगर के रूप नए जिले की स्थापना कर दी गई। संत कबीर नगर को महान संत कबीर दास की धरती के रूप में जाना जाता है। 2002 में बने परिसीमन आयोग की सिफारिश पर 2008 में संतकबीरनगर लोकसभा सीट अस्तित्व में आई। इसके एक साल बाद यहां पहला लोकसभा चुनाव लड़ा गया।

संतकबीर नगर लोकसभा क्षेत्र की खास बातें

संतकबीरनगर। संतकबीर नगर उत्तर प्रदेश का लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। इसका मुख्यालय खलीलाबाद है। यहां के मगहर में संतकबीरदास का विश्व प्रसिद्ध स्मारक है। यह उत्तर में सिद्धार्थ नगर और महाराजगंज जिलों से पूर्व में गोरखपुर जिले से दक्षिण में अम्बेडकर नगर जिले से और पश्चिम में बस्ती जिले की सीमा से घिरा है। तामेश्वरनाथ महादेव मंदिर, भंगेश्वरनाथ मंदिर बखिरा, हशेश्वरनाथ मंदिर हैंसर बाजार, कुबेर नाथ मंदिर मेंहदावल और बखिरा झील यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। दिल्ली से संत कबीर नगर की दूरी 728 .6 किलोमीटर है और लखनऊ से 237 .1 किलोमीटर है।

संतकबीरनगर लोकसभा सीट का जातीय समीकरण

संतकबीरनगर। लोकसभा सीट में कुल 19,44,454 मतदाता हैं। जिसमें महिला वोटरों की संख्या 8,87,227 है। वहीं पुरुष वोटर की संख्या 10,57,144 है। एक अनुमान के मुताबिक, जाति के आधार पर क्षेत्र में निषाद मतदाताओं की तादाद करीब डेढ़ लाख, मुस्लिम मतदाता सवा छह लाख, यादव मतदाता 1 लाख 30 हजार, कुर्मी मतदाता 1 लाख 20 हजार, ब्राह्मण मतदाता 3 लाख, क्षत्रिय मतदाता सवा लाख, भूमिहार मतदाताओं की संख्या 50 हजार और दलित मतदाताओं की संख्या करीब साढ़े चार लाख है।

जिले की लोकसभा का हाल

संतकबीरनगर। संत कबीर की निर्वाण स्थली मगहर इसी क्षेत्र में है। संत कबीर नगर लोकसभा सीट से 2014 में भाजपा के शरद त्रिपाठी ने जीत हासिल किया था। उसके बाद भाजपा के ही प्रवीण निषाद यहां से चुने गए। घाघरा और राप्ती के बीच बसा संत कबीर नगर बस्ती मंडल का हिस्सा है। इस सीट पर वर्ष 2009 में बसपा के भीष्मशंकर उर्फ कुशल तिवारी चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे थे। 2014 में भारतीय जनता पार्टी के शरद त्रिपाठी ने यहां पर जीत हासिल किया। डेमोग्राफी, विधानसभा और मुद्दे इस लोकसभा सीट में विधानसभा की पांच सीटों में खलीलाबाद, धनघटा, मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर के विधानसभा क्षेत्रों के अलावा अम्बेडकर नगर जिले की आलापुर और गोरखपुर जिले का खजनी विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। कभी बुनकरों और जूट उद्योग के लिए प्रसिद्ध संतकबीरनगर में औद्योगिक स्थिति बदहाल है। चुनाव में यह एक अहम मुद्दा होगा। यहां की औसत साक्षरता दर 55 .6 फीसद है।

आईना : संतकबीरनगर लोकसभा सीट





रायबरेली का सलोन विधानसभा क्षेत्र अमेठी संसदीय क्षेत्र का है हिस्सा

रायबरेली के मतदाता भी चुनते हैं अमेठी का सांसद

1967 में अस्तित्व में आए अमेठी लोकसभा क्षेत्र में रायबरेली जिले का सलोन विधानसभा क्षेत्र भी शामिल किया गया था

सभी राजनीतिक दलों की नजर सलोन विधानसभा क्षेत्र के मतदातओं पर विशेष रूप से रहती है

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार। रायबरेली जिले के मतदाता अमेठी का भी सांसद चुनते हैं। जी हां, रायबरेली का सलोन विधान सभा ऐसा क्षेत्र है जो रायबरेली का नहीं बल्कि अमेठी का सांसद चुनता है। जिले का सलोन विधान सभा अमेठी संसदीय क्षेत्र में शामिल है यही वजह है कि यहां के मतदाता अमेठी का सांसद चुनने के लिए वोट करते हैं।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोक सभा में रायबरेली जिले का सलोन विधान सभा भी शामिल किया गया था। जिससे रायबरेली के लोग भी अमेठी का सांसद चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दलों की नजर सलोन विधान सभा पर जरूर रहती है।

सलोन आंकड़ों पर एक नजर

सलोन में कुल ब्लॉक	03
कुल नगर पंचायत	03
कुल मतदान केंद्र	227
कुल मतदेय स्थल	369
कुल जोन	03
कुल सेक्टर	30



महत्वपूर्ण पदों पर भाजपा का है कब्जा

वर्तमान समय में सलोन विधानसभा के महत्वपूर्ण पदों पर भाजपा का ही कब्जा है। विधायक अशोक कुमार भाजपा के हैं। सलोन ब्लॉक प्रमुख अंजू कुशवाहा, डीह ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश, छतोह ब्लॉक प्रमुख संगीता भाजपा की है। नगर पंचायत सलोन के अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी, परशदेपुर के अध्यक्ष विनोद कौशल भाजपा में शामिल हो गए है। नसीराबाद के अध्यक्ष मोहम्मद अली भी भाजपा के ही कार्यक्रमों के देखे जाते हैं। सलोन में चार, डीह में तीन व छतोह में दो जिला पंचायत सदस्य हैं। इसमें भी ज्यादातर भाजपा से ही जुड़े हैं। कुछ निर्दलीय हैं। जबकि सलोन तृतीय से अयोध्या प्रसाद कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य हैं।

राजनीतिक दलों की चुनावी रणनीति में सलोन विधान सभा प्रमुख रूप से शामिल रहता है। इस बार सलोन विधान सभा में कुल 3,61,227 मतदाता अमेठी का सांसद चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं इस बार भी लोक सभा चुनाव में रोचक मुकाबला भी देखने को मिलगा। फिलहाल कांग्रेस ने यहां पर अपना पत्ता नहीं खोला है, जिससे यहां के मतदाता अभी मौन हैं।

मायावती सरकार ने बदला नाम

मायावती सरकार ने जब अमेठी को छत्रपति शाहूजी महाराज नगर के नाम से जिला बनाया था तब रायबरेली जिले की सलोन और तिलोई को भी जिले में शामिल किया था। सत्ता परिवर्तन होने के बाद अखिलेश यादव सरकार ने जिले का नाम बदलकर अमेठी कर दिया था। सलोन विधान सभा को वापस रायबरेली में जोड़ दिया गया था। मामला कई वर्षो तक कोर्ट में भी चला था।

अस्तित्व खो रही भाजपा व रालोद की समन्वय समिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊः लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों को जिताने के लिए रालोद और भाजपा की गठित सात सदस्यीय चुनाव समन्वय समिति पहले ही चरण में ही महत्ता खोती जा रही है। भाजपा के चार और रालोद के तीन पदाधिकारियों की समिति को लेकर पार्टी द्वारा हर सीट पर प्रत्याशियों के समर्थन में ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने व दिक्कतों को दूर करने का दावा किया गया था।

रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय का कहना है कि समन्वय समिति द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर व्यवहारिक दिक्कतों को दूर कराया गया है। क्षेत्रीय स्तर पर चुनाव प्रचार में आवश्यक विषयों पर चर्चा की जा रही है। वहीं व्यापार प्रकोष्ठ के रोहित अग्रवाल का कहना है समन्वय समिति का गठन चुनाव के दौरान आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए हुआ था, मगर अभी तक कोई समस्या उभरकर नहीं आयी है। समिति के पदाधिकारियों द्वारा हर समस्या का समाधान पार्टी स्तर पर किया जा रहा है।

अखिलेश के तीन यार- आजम अतीक और मुख़्तारः केशव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपमुख्यमंत्री ने कहा - सपा गुंडे, अपराधियों, माफियाओं और दंगाईयों की फैक्ट्री

अमृत विचार: भाजपा के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सपा पर तीखा हमला बोला। कहा कि अखिलेश यादव के तीन यार- मोहम्मद आज़म खान, अतीक अहमद और मुख़्तार अंसारी। हालांकि इनमें से दो चले गए। कहा कि सपा गुंडे, अपराधियों, माफियाओं, दंगाईयों की फैक्ट्री है। अपराधियों की रहनुमाई के कारण सपा अब सफा हो गई है। दावा किया कि जिन्होंने राममंदिर के निमंत्रण को ठुकराया है उनको रामभक्त ठुकरा देगें।

वे शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सपा की सरकार के समय प्रसिद्ध नारा था जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। हर सपाई का था नारा, खाली मकान-प्लॉट हमारा। अखिलेश की सरकार के समय प्रदेश का हर जिला अपराध से पीड़ित था और दंगों की आग में झुलस रहा था। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के विरोधी हैं। इनका पीडीए परिवार डिवेलप्मेंट अथॉरिटी है। इंडी गठबंधन के सभी नेता एक दूसरे के परिवारों का ही हित साधने में ही बिजी हैं। इनकी सरकार में सर्वाधिक उत्पीड़न पिछड़ों, दलितों का ही हुआ है।

मौर्य ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने राममंदिर के निमंत्रण को ठुकराया है उनको रामभक्त ठुकरा देगें। अपने विधायकों को राम लला के दर्शन नहीं करने दिये इसीलिए उनकी पार्टी में अंतर कलह हो गई और सपा विधायक राज्यसभा चुनाव में भाजपा का साथ दिए। सहारनपुर से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के बयान पर मौर्य ने कहा कि वह जिन वोटों की ओर देख रहे हैं, वह उन्हें नहीं मिलेंगे।

उत्तराखंड में चुनौती तो दूर प्रचार से ही बाहर नजर आ रही कांग्रेस

अरविंद मलिक, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड में पहले चरण में 19 अप्रैल मतदान होगा। ऐसा पहली बार है कि मतदान में सिर्फ एक हफ्ता बचा है, लेकिनर विपक्षी दल कांग्रेस का प्रचार कहीं नहीं दिख रहा है। दूसरी ओर भाजपा के प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो जनसभाएं रुद्रपुर व ऋषिकेश में हो चुकी हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी के दौरे भी हो गए हैं। 13 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हल्द्वानी आ रहे हैं। इसी दिन कांग्रेस के पक्ष में स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा की रामनगर में जनसभा प्रस्तावित है। इस चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उभरती युवा सनातनी नेता की छवि ने मतदाताओं के बीच मोदी-धामी का 'मैजिक' प्रभावी बना दिया है।

उत्तराखंड में केंद्र सरकार की लाभार्थी योजनाएं तो चल ही रही हैं साथ ही मोदी सरकार ने यहां एक लाख 25 हजार करोड़ की बड़ी योजनाएं भी दी हैं, जिनमें चार धाम की विकास, ऑल वेदर रोड, कर्णप्रयाग-ऋषिकेश रेल प्रोजेक्ट, मानसखंड प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी को शंख भेंट करते मुख्यमंत्री धामी। फाइल फोटो

आचार संहिता से पहले हर सीट का दौरा कर चुके सीएम धामी

- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के समान नागरिक संहिता कानून लागू करने, लैंड जिहाद पर प्रभावी कारवाई करने, धर्मांतरण कानून लागू करने, दंगा विरोधी कानून लाने, गो हत्या, गो तस्करी के खिलाफ गैंगस्टर लगाने जैसे कार्यों उनकी छवि को सनातनी बनाने के साथ छवि जनता में सख्त हिंदू प्रशासक की भी बना दी है। भाजपा को इस छवि का लाभ लोकसभा चुनाव में मिलता दिख रहा है। युवाओं के लिए नकल विरोधी कानून लाकर नौकरियों में पारदर्शिता लाने से भी भाजपा को फायदा मिल रहा है। मुख्यमंत्री धामी हर रोज तीन जनसभाएं कर रहे हैं। चुनाव की घोषणा से पहले वह सभी विधानसभाओं के दौरे कर चुके थे। वहीं कांग्रेस, वामपंथी दल और क्षेत्रीय नेता एकजुट होकर भी मोदी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज मुखर नहीं कर पाए हैं।

1.25
लाख करोड़ की बड़ी योजनाएं भी दी मोदी सरकार ने

- मोदी-धामी मैजिक से राज्य में जीत की हैट्रिक की उम्मीद
- प्रधानमंत्री मोदी की रुद्रपुर व ऋषिकेश में हो चुकी दो सभाएं
- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी हर रोज कर रहे हैं तीन जन सभाएं
- कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई रैली या सभा नहीं हुई

नैनीताल सीट

नैनीताल ऊधमसिंह नगर सीट पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट दूसरी बार किस्मत आजमा रहे हैं। उनका मुकाबला दो बार विधानसभा चुनाव हार चुके प्रकाश जोशी से है। इस सीट से पूर्व में कृष्णा चंद्र पंत, नारायण दत्त तिवारी, भगत सिंह कोश्यारी जैसे बड़े नेता सांसद बन चुके हैं। यहां कुल दस प्रत्याशी मैदान में हैं। पिछली बार अजय भट्ट ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को 3,39,096 वोटों से धूल चटाई थी। इस बार कांग्रेस ने ठाकुर के बजाय ब्राह्मण उम्मीदवार उतारा है। लेकिन कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं। बसपा ने अख्तर अली को प्रत्याशी बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यहां जनसभा हो चुकी है। कांग्रेस की तरफ से कोई बड़ा नेता अभी नहीं आया है।

अल्मोड़ा (सुरक्षित) सीट

इस आरक्षित सीट पर एक बार फिर भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा और कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप टम्टा के बीच मुकाबला है। 2019 चुनाव में भाजपा के अजय टम्टा को 4,44,651 और कांग्रेस को 2,11,665 वोट मिले थे। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत व बागेश्वर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली इस लोकसभा सीट पर मुख्यमंत्री धामी ने चुनाव घोषित होने से पहले ही चार बड़ी जनसभाएं करके भाजपा की राह आसान कर दी। कुछ माह पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पिथौरागढ़ व्यास घाटी आदि कैलाश व जागेश्वर में शिव आराधना कर सभा कर गए हैं। कांग्रेस प्रचार से बाहर नजर आ रही है।

पौड़ी गढ़वाल सीट

भाजपा ने यहां पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का टिकट काटकर अपने राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी को टिकट दिया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के गणेश गोदियाल से हो रहा है। अनिल बलूनी नया युवा चेहरा हैं।पिछली बार 2019 में यहां भाजपा को 5,06,980 और कांग्रेस के मनीष खंडूरी को 2,04,311 वोट मिले थे। मनीष खंडूरी अब भाजपा में हैं उनके अलावा बद्रीनाथ के कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी और तीन पूर्व विधायक भी भाजपा का दामन थाम चुके हैं। यहां कुल 13 प्रत्याशी हैं। एक सीट है, जहां कांग्रेस चुनाव प्रचार में ताकत लगाए है।

टिहरी सीट

इस सीट पर टिहरी राज परिवार का कब्जा रहा है। भाजपा ने इस बार भी महारानी माला राज लक्ष्मी को उम्मीदवार बनाया है। टिहरी राज परिवार ने यहां से 12 बार लोकसभा चुनाव जीता है। 2019 में यहां महारानी को 5,65,333 कांग्रेस के प्रीतम सिंह को 2,64,747 वोट मिले थे। इस बार कांग्रेस ने यहां जोत सिंह गुनसोला को टिकट दिया है। टिहरी राजघराने के प्रति जनता में आदर भाव रहता आया है। राजमहल से ही भगवान बद्री विशाल के द्वार खुलने और बंद होने की तिथि घोषित होने की परंपरा है। कुल 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में है।

हरिद्वार सीट

यहां भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र रावत से है। कांग्रेस में अंर्तकलह के चलते कई नेता व कार्यकर्ता पार्टी को अलविदा कह चुके हैं। यहां से खानपुर के विधायक उमेश कुमार निर्दलीय प्रत्याशी हैं, जबकि बसपा ने मौलाना जमील अहमद को टिकट दिया है। पिछली बार यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को 6,65,674 वोट मिले थे, कांग्रेस को 4,06,945 और बसपा को 1,73,528 वोट मिले थे। यहां मुस्लिम वोटों की संख्या भाजपा के लिए थोड़ा चिंता का सबब है। हरिद्वार से कुल 14 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं।

बारामती लोकसभा सीट

ननद सुप्रिया की जीत का चौका भाभी सुनेत्रा बनाने में लगीं कैच का मौका

मुंबई। महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा सीट इस बार पूरे देश में चर्चा के केंद्र में है। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का है। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले 2009 से लगातार तीन चुनाव इस सीट से जीत चुकी हैं और वह इस बार चौका लगाने की तैयारी कर रही हैं, लेकिन उनकी राह में उनके चचेरे भाई उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा ही दीवार बनकर खड़ी हो गई हैं। सुप्रिया जहां एनसीपी शरद पवार गुट से मैदान में हैं तो अजित पवार के नेतृत्व वाली (एनसीपी) ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में इस बार ननद सुप्रिया के सामने उनकी भाभी कड़ी चुनौती पेश करती नजर आ रही हैं। सुप्रिया की जीत सुनिश्चित करने के लिए शरद पवार जहां मतदाताओं से वर्षों पुराने रिश्ते की दुहाई दे रहे हैं तो उनकी बहू सुनेत्रा पीएम मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रही हैं। भाजपा के साथ ही शिवसेना शिंदे गुट भी सुनेत्रा की जीत सुनिश्चित करने में जुटी हुई है। फिलहाल शरद पवार के लिए इस बार उनकी पारंपरिक सीट बारामती में सियासी राह कठिन नजर आ रही है। शरद पवार पार्टी और सिंबल पर अधिकार की लड़ाई में भतीजे अजित पवार के हाथ पहले ही शिकस्त खा चुके हैं, अब वह बारामती में बेटी की शकस्त झेलने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में उनके सामने बहू के खिलाफ चुनाव लड़ रही बेटी को जिताना प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है।

यूं ही नहीं कोई शहर बीजेपी के लिए बुलंद बन जाता है

भाजपा की हैट्रिक रोकने के लिए हाथी को जहां पहली जीत की तलाश, वहीं अर्से बाद हाथ बाजी पलटने को दिख रहा तैयार

मनोज त्रिपाठी

बुलंदशहर यानी भाजपा का मजबूत गढ़। 2014 में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार रहे नरेंद्र मोदी ने यहीं से अपने चुनावी अभियान का शंखनाद किया था, तो 2024 में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दो दिन बाद बुलंदशहर से ही 400 पार की हुंकार भरते हुए एक बार फिर लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पहुंचे प्रधानमंत्री ने इससे पहले जिले में 19,000 करोड़ से ज्यादा की तमाम विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करके पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर एनसीआर और हरियाणा तक की दो दर्जन से अधिक लोकसभा सीटों पर राम का नाम और मोदी के काम का चुनावी संदेश फैला दिया।

बुलंदशहर वह जगह है, जिसे भाजपा चुनावी बिगुल के लिए शुभ मानती है। 2014 में यहां से अभियान शुरू करने पर पार्टी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम बाहुल्य समेत सभी 14 सीटों पर क्लीन स्वीप किया था, जबकि 2019 में सहारनपुर से प्रचार शुरू करने पर भाजपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सात सीटों पर नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसे में यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि इस बार यूपी में मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा क्या इस बार भी 2014 की तरह बुलंदशहर के तीर से पश्चिम यूपी की सभी सीटों पर कमल खिला पाएगी।

भोला सिंह, भाजपा।

गिरीश चंद्र, बसपा।

शिवराम ,कांग्रेस।

2009 का जनादेश

दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत	वोट प्रतिशत
सपा	कमलेश कुमार	2,36,257	35 .34
भाजपा	अशोक प्रधान	1,70,192	25 .46
बसपा	राजकुमार गौतम	1,42,186	21.27

नगीना के सांसद यहां से मैदान में

बुलंदशहर लोकसभा सीट पर वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है और वह यहां इस बार चुनावी जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है। मुकाबले में छह प्रत्याशी हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी डा. भोला सिंह को इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि, बसपा के टिकट पर मैदान में उतरे सांसद गिरीश चंद्र के अलावा ऋषिवादी कर्मशील युवा परमार्थी पार्टी के राजेश तुरैहा समेत निर्दलीय सोनम भारती व प्रदीप कुमार चुनौती दे रहे हैं। यह लोकसभा क्षेत्र मुस्लिम, दलित, जाट, ब्राह्म बहुल गिनी जाती है। हालांकि वैश्य, त्यागी, गुर्जर, राजपूत के अलावा अन्य ओबीसी मतदाता अच्छी संख्या में हैं। सीट आरक्षित होने के बाद जहां पिछले तीन चुनावों में सपा एक बार यहां से जीत चुकी है, वहीं बसपा का खाता नहीं खुला है। जीत की तलाश में ही बसपा ने इस बार यहां नगीना सुरक्षित सीट के सांसद गिरीश चंद्र जाटव को मैदान में उतारा है।

2014
में नरेंद्र मोदी ने यहीं से किया था चुनावी अभियान का शंखनाद तो 2024 में बुलंदशहर से ही भरी 400 पार की हुंकार

लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था
भाजपा का कमल

- बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र में पांच विधान सभा सीटें अनूपशहर, बुलंदशहर, डिबाई, शिकारपुर और स्याना शामिल हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में इन सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कमल खिला था। किसान आंदोलन के बावजूद भी सपा-रालोद का गठबंधन यहां फेल साबित हुआ था।

भाजपा के बाद बसपा लगातार बढ़ा रही अपना प्रभाव

- बुलंदशहर में सपा ने 2009 में जीत भले दर्ज की हो, लेकिन जिले की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के साथ बहुजन समाज पार्टी का वर्चस्व बढ़ता हुआ नजर आता है। दरअसल, मुस्लिम और दलित मतदाताओं का गठजोड़ जहां बसपा के पक्ष में खड़ा दिखता रहा है, वहीं ठाकुर, लोध, ब्राह्मण और वैश्य समाज भाजपा के साथ लामबंद है। कांग्रेस अब यहां चौथे नंबर की पार्टी बन चुकी है। कल्याण सिंह के बाद यहां किसी नेता का ऐसा कोई आधार नहीं रही कि वह वोट किसी के पक्ष में ट्रांसफर करा सके। जातीय आधार पर जरूर वोट इधर से उधर होते रहे हैं। दो-तीन विधानसभा क्षेत्रों में रालोद का अच्छा असर है। वह इस बार भाजपा को समर्थन देकर उसकी जीत की राह आसान कर रहा है।

2019 लोकसभा जनादेश

60.64 % भाजपा	34.82 % बसपा	02.63 % कांग्रेस
6,81,321 मत	3,91,264 मत	29,465 मत
डॉ. भोला सिंह	योगेश वर्मा	बंशी सिंह

2014 का जनादेश



दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
भाजपा	डॉ. भोला सिंह	6,04,449
बसपा	प्रदीप कुमार जाटव	1,82,476
सपा	कमलेश	1,28,737

चार लाख से ज्यादा ब्राह्मण और क्षत्रिय पर ओबीसी-दलित लिखते हार-जीत की पटकथा

- बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की संख्या 18 लाख के करीब है। इनमें पुरुष मतदाता 9 लाख 50 हजार और महिला मतदाता साढ़े आठ लाख हैं। ट्रांसजेंडर वोटर 127 हैं। इस लोकसभा सीट पर ओबीसी और अनुसूचित जाति के मतदाता जीत-हार का फैसला करने में आगे रहते हैं। जातीय आधार पर आकलन के मुताबिक इस लोकसभा क्षेत्र में 3 .10 लाख मुस्लिम मतदाताओं के बाद 2 .20 लाख ब्राह्मण, 2 लाख क्षत्रिय मतदाता हैं। जाटव बिरादरी के 2 .25 लाख और लोध बिरादरी के दो लाख मतदाता हैं। जाट मतदाताओं की संख्या करीब 1 .65 लाख है। इनके अलावा खटिक, वाल्मीकि, गुर्जर, त्यागी, कश्यप, प्रजापति, पाल जाति के मतदाताओं की संख्या चार लाख के आसपास है।

भाजपा के छत्रपाल लगातार चार बार जीते

वर्ष 1952 से 1971 तक यहां हुए पांच लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का कब्जा रहा। लेकिन साल 1971 के बाद मतदाताओं ने अलग-अलग पार्टियों को चुना। आपातकाल के बाद 1977 और 1980 के चुनाव में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस ने फिर वापसी की। 1989 के चुनाव में जनता दल के जीत दर्ज करने के बाद 90 के दशक में राम लहर के दौरान राजनीति बदल गई और वर्ष 1991 से लेकर 2004 तक हुए पांच चुनावों में बुलंदशहर सीट पर लगातार भारतीय जनता पार्टी ही जीत दर्ज करती रही। भाजपा के छत्रपाल सिंह लोधा ने 1991 के बाद 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत का चौका लगाया। वर्ष 2004 के चुनाव में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को यहां से चुनावी मैदान में उतारा। कल्याण सिंह अलीगढ़ को अपनी जन्म भूमि तो बुलंदशहर को कर्म भूमि मानते थे। उन्होंने बुलंदशहर में भाजपा की लगातार पांचवीं जीत सुनिश्चित कर दी। 2009 लोकसभा चुनाव से पहले इस सीट का परिसीमन बदल गया और यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हो गया। परिसीमन के बाद हुए 2009 के पहले चुनाव में समाजवादी पार्टी के कमलेश वाल्मीकि ने जीत हासिल करके भाजपा को जीत का छक्का लगाने से रोक दिया। लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के डा. भोला सिंह ने बड़ी जीत दर्ज की और 2019 में भी जीत का सिलसिला बरकरार रखते हुए इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से मैदान में हैं।

मंडी का रणक्षेत्र | कांग्रेस ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मैदान में उतारा

कांग्रेस के विक्रमादित्य रोकेंगे कंगना की जीत का 'बेताल'

महेश शर्मा, नई दिल्ली

अमृत विचार: हिमाचल प्रदेश का मंडी लोकसभा क्षेत्र भाजपा के टिकट पर कंगना रनौत के मैदान में आने के बाद चर्चा में आ गया है। कांग्रेस ने यहां से हिमाचल सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह को अपना उम्मीदवार बना दिया है। कांग्रेस की कोशिश है कि वह किसी भी सूरत में तीन सौ से ज्यादा मंदिरों वाले मंडी लोकसभा क्षेत्र को कंगना का अंगना न बनने दे। अब पार्टी ने विक्रमादित्य को मैदान में उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है।

कांग्रेस के दबदबे वाली मंडी लोकसभा क्षेत्र के चुनावी इतिहास में 13 बार कांग्रेस जीत दर्ज करा चुकी है। ब्राह्मण और राजपूत बहुल इस सीट से ब्राह्मण और राजपूत प्रत्याशी ही जीतकर संसद पहुंचता रहा है। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व.वीरभद्र सिंह के परिवार लोग यहां से छह बार जीते हैं। कांग्रेस के सुखराम भी तीन बार जीत चुके हैं। 2019 में रिकार्ड वोटों से जीते भाजपा के रामस्वरूप शर्मा की मृत्यु होने से यहां पर 2021 में उपचुनाव हुए जिसमें कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने जीत दर्ज की थी। अब कंगना के मुकाबले विक्रमादित्य सिंह का नाम तय कर दिया है। तीन उपचुनाव मिलाकर मंडी लोकसभा सीट पर 19 चुनाव हुए हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के रामस्वरूप शर्मा ने कांग्रेस के आश्रय शर्मा को हराकर जीत हासिल की थी। भाजपा ने 68.75 फीसद रिकार्ड वोट पाए थे। कांग्रेस को 25.68 फीसद पर ही संतोष करना पड़ा था। 2021 में भाजपा सांसद शर्मा का निधन के बाद उपचुनाव में प्रतिभा सिंह आठ हजार वोटों से जीती थी। यहां पर 2004 में हुए चुनाव से देखें तो प्रतिभा सिंह कांग्रेस से जीती थी पर 2009 में खुद वीरभद्र सिंह मैदान में आए और जीत गए। 2013 में उपचुनाव में फिर प्रतिभा सिंह जीतीं। 2014 और 2019 में भाजपा जीती पर 2021 में उप चुनाव हारी।

33 फीसदी राजपूत, 28 फीसदी दलित और 21 फीसदी ब्राह्मण मतदाता

- जातीय आंकड़ों पर नजर डालें तो मंडी में 33 .6 फीसद राजपूत आबादी है। 21 .4 फीसद ब्राह्मण मतदाता हैं। मंडी में दलित 29 .85 फीसद हैं। फिर भी सिर्फ एक बार ही दलित सांसद गोपीराम 1052 में लोकसभा पहुंचे थे। मंडी लोकसभा क्षेत्र में 17 विधानसभा सीटें आती हैं जिनमें 12 पर भाजपा काबिज है।

भाजपा अलर्ट, कंगना की जुबान न फिसल जाए

- विवादित बयानों से चर्चा में आयीं कंगना ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को देश का पहला प्रधान मंत्री बनाया तो ट्रोल हुईं। असम के सीएम हेमंता विस्व सरमा को उनके बचाव के लिए एक्स पर आना पड़ा। कंगना पीएम नरेंद्र मोदी को राम का अंश बता चुकी हैं। कांग्रेस का आईटी सेल कंगना की जुबान फिसलने का इंतजार कर रहा, जुबान फिसली नहीं कि उसने मुद्दा बनाया।

जीतेंगे बाजी मुजफ्फरनगर में समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की रैली में समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	06	319
रियान पराग (राजस्थान)	06	266
संजू सैमसन (राजस्थान)	06	264

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	06	11
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	05	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	04	09

घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स को हराने उतरेगी केकेआर

कोलकाता, एजेंसी

दो बार की चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स अपने गढ ईडन गार्डंस पर रविवार को आईपीएल के मैच में मयंक यादव के बिना उतर रही लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। यह ईडन गार्डंस पर केकेआर का इस सत्र में पहला मैच है।

मेंटोर गौतम गंभीर को बखूबी पता है कि यहां होने वाले पांच मैच 2021 के बाद पहली बार प्लेआफ में जगह बनाने के लिये निर्णायक साबित हो सकते हैं। दोनों टीमों ने तीन तीन जीत दर्ज की है जबकि पिछले दौर में पराजय का सामना करके आई हैं। केकेआर को वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नारायण पर अत्यधिक निर्भरता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ साबित होगा। चेन्नई ने पिछले मैच में उसे सात विकेट से हराया। नारायण (27) और रसेल (10) बल्ले से नाकाम रहे। इन दोनों के जबर्दस्त फॉर्म के चलते तीन मैचों में 200 पार का स्कोर बनाने वाली केकेआर चेन्नई के खिलाफ नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। ऊंगली की चोट के कारण नीतिश राणा यह मैच भी नहीं खेल सकेंगे। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर प्रभावित नहीं कर सके हैं और चार मैचों में 0, नाबाद 39, 18 और 34 रन बनाये। वेंकटेश अय्यर तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाये और एकमात्र अर्धशतक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ लगाया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में वह तीसरे नंबर पर उतरे लेकिन पिछले दो मैचों में सातवें और पांचवें नंबर पर उतरे। रमनदीप सिंह ने भी प्रभावित नहीं किया। अंडर 19 विश्व कप 2022 विजेता अंगकृष रघुवंशी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 54 रन बनाये। वह अच्छी पारी खेलने को बेताब होंगे। मिचेल स्टार्क गेंदबाजी में नाकाम रहे हैं और उन्होंने पहले दो मैचों में 100 रन दे डाले। दूसरी ओर लखनऊ को तेज गेंदबाज मयंक यादव की कमी खलेगी जो बाजू की मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर हैं। उनकी जगह खेल रहे अरशद खान दिल्ली के खिलाफ नाकाम रहे। मोहसिन खान भी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हैं। क्विंटोन डिकॉक और केएल राहुल को बड़ी पारियां खेलनी होगी। वहीं मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। उनके पास रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या जैसे उम्दा स्पिनर भी है।

लखनऊ सुपर जायंट्स : केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, कृणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वैंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। **मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

टी20 विश्वकप के आधिकारिक गान के लिए तैयार पॉल व केस

दुबई। ग्रैमी पुरस्कार विजेता सीन पॉल और सोका सुपरस्टार केस एक जून को शुरु होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक गान के लिए तैयार हैं। वेस्टइंडीज और यूएसए में आयोजित टूर्नामेंट में फेंकी जाने वाली पहली गेंद से 50 दिन पहले आईसीसी ने आधिकारिक गान की घोषणा की है। आने वाले हफ्तों में यह गान लॉन्च के लिए तैयार होगा जिसका ट्रैक माइकल 'टैनो' मोंटानो ने बनाया है।

खेल डायरी

कैंडिडेट्स शतरंज में भारतीय दौड़ में बरकरार

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में जब अपने अभियान का फिर से आगाज करेंगे तो रूस के इयान नेपोम्नियाशि को पीछे छोड़ने पर फोकस रहेगा। प्रज्ञानानंदा का सामना फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से है जबकि गुकेश की टक्कर हमवतन विदित गुजराती से होगी। नेपोम्नियाशि 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे प्रज्ञानानंदा, गुकेश और अमेरिका के फेबियानो कारूआना हैं। महिला वर्ग में भारतीय खिलाड़ी अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकीं हैं।

भाटिया और थीगाला ने कट में प्रवेश किया

आगस्टा। भारतीय मूल के अमेरिकी अक्षय भाटिया और साहित थीगाला ने तेज हवाओं के बीच अच्छा प्रदर्शन करते हुए 88वें आगस्टा मास्टर्स गोल्फ के दूसरे दिन कट में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया संयुक्त 30वें और थीगाला संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने तीन बर्डी और तीन बोगी लगाकर इवन पार 72 स्कोर किया। वह ब्रायसन डि चैम्ब्यू और मैक्स होमा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। वहीं टाइगर वुड्स ने रिकॉर्ड लगातार 24वीं बार कट में प्रवेश किया। वह संयुक्त 22वें स्थान पर हैं।

राधिका को रजत, शिवानी को कांस्य पदक मिला

बिश्केक (किर्गिस्तान)। एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवान राधिका ने शनिवार को महिलाओं की 68 किलो वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक जीता। एशियाई चैम्पियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है। पिछले साल अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

बिली जीन किंग कप: भारत न्यूजीलैंड से 1-2 से हारा

चांगशा (चीन)। अनुभवी टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना दूसरा एकल गंवाने के बाद अपनी जोड़ीदार प्रार्थना थोंबारे के साथ निर्णायक युगल मैच हार गईं। जिससे भारत शनिवार को यहां न्यूजीलैंड से 1-2 से पिछड़कर बिली जीन किंग कप के प्ले-ऑफ जगह बनाने के ऐतिहासिक मौके से चूक गया। भारत टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहकर एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में बना रहा। रुतुजा भोसले ने शुरुआती एकल में मोनिका बैरी पर 6-2, 7-6 से जीत दर्ज कर भारत को आगे कर दिया। अंकिता दूसरे एकल मुकाबले में दुनिया के 169 वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लुलु सुन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 2-6, 0-6 से हार गयी।

मुक्केबाजी में अमित पंघाल भारतीय टीम में

नयी दिल्ली। विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिये टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो), छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप विजेता शिवा थापा (63.5 किलो), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर (80 किलो) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो) को जगह नहीं मिली है।

गौरव गिल ओटागो रैली के पहले दिन शीर्ष तीन में

नयी दिल्ली। भारत के सबसे तेज रैली ड्राइवर गौरव गिल न्यूजीलैंड में ओटागो रैली के शुरुआती दिन अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रहे। जेके टायर के गिल और न्यूजीलैंड के उनके सह-चालक जेरेड हडसन तालिका में शीर्ष पर काबिज जैक हॉक्सवुड से 30 सेकंड जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद रॉबी स्टोक्स से 11 सेकंड पीछे है। गिल और हडसन 2022 एपीआरसी चैंपियन और 10 बार के ओटागो रैली विजेता हेडन पैडन की 'हुंडई आई20 एन रैली2 मशीन' चला रहे थे। रैली के 16 चरण में से पहले दिन ड्राइवरों ने आठ विशेष चरणों से होकर गुजरना था। गिल पांचवें चरण में एक गलती कर बैठे जिससे उन्होंने 15 सेकंड गंवा दिया। एपीआरसी के तीन बार के चैंपियन गिल चौथे, सातवें और आठवें चरण को जीतकर खिताब की दौड़ में बने हुए है।

राजस्थान के हेटमायर ने पंजाब से छीनी जीत

पंजाब को एक गेंद शेष रहते तीन विकेट से हराया, राजस्थान रॉयल्स के आवेश और महाराज ने दो-दो विकेट झटके

शिमरोन हेटमायर

मुल्लापुर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को तीन विकेट से शिकस्त दी। पंजाब की पारी को आठ विकेट पर 147 रन पर रोकने के बाद राजस्थान ने एक गेंद शेष रहते सात विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 39 रन का योगदान दिया। शिमरोन हेटमायर ने आखिरी ओवरों में 10 गेंद में नाबाद 27 रन बनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। पंजाब के लिए कगिसो रबाडा और सैम करेन ने दो-दो विकेट लिये।

केशव महाराज की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को आठ विकेट पर 147 रन पर रोक दिया था। महाराज ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिये। उन्हें आवेश खान (दो विकेट), ट्रेंट बोल्ट (एक विकेट), युजवेंद्र चहल (एक विकेट) और कुलदीप सेन (एक विकेट) का अच्छा साथ मिला था। पंजाब की टीम 13वें ओवर में 70 रन पर पांचवां विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी लेकिन आशुतोष शर्मा (31 रन), जितेश शर्मा (29 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (21 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम को चुनौती देने लायक स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब को चोटिल कप्तान शिखर धवन की कमी खली। उनकी जगह टीम में आये अथर्व तायडे ने दूसरे ओवर में कुलदीप सेन का स्वागत लगातार दो चौके से कर आक्रामक तेवर दिखाये लेकिन चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये आवेश ने उनकी 12 गेंद में 15 रन की पारी को खत्म किया। पावरप्ले में पंजाब की टीम एक विकेट पर 38 रन ही बना सकी। सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये चहल ने प्रभसिमरन सिंह (10 रन) को चलता किया तो अगले ओवर में महाराज ने जॉनी बेयरस्टो (15) का शिकार किया। धवन की जगह टीम की कमान संभाल रहे सैम करेन भी बल्ले से कुछ कमाल नहीं कर सके। वह महाराज का दूसरा शिकार बने। शानदार लय में चल रहे शशांक सिंह और लय तलाश रहे जितेश शर्मा ने 12वें ओवर में महाराज के खिलाफ एक-एक चौके लगाकर रन गति तेज करने की कोशिश की। शशांका हालांकि नौ रन बनाकर सेन की गेंद पर ध्रुव जुरेल को कैच देकर पवेलियन लौट गये। जितेश ने 15वें ओवर में चहल के खिलाफ छक्का जड़ा जबकि अगले ओवर में उन्होंने सेन के खिलाफ गेंद को दर्शकों के पास पहुंचाया। इसी ओवर का अंत लिविंगस्टोन ने चौका और छक्का से किया। आवेश के खिलाफ 17वें ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जितेश रियान पराग को कैच थमा बैठे। इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर क्रीज पर आये आशुतोष ने चहल के खिलाफ शानदार छक्का लगाया लेकिन अगली गेंद पर संजू सैमसन के शानदार प्रयास से लिविंगस्टोन रन आउट हो गये। आशुतोष को आवेश की गेंद पर 19वें ओवर में जीवनदान मिला।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	6	5	1	10	+0.767
कोलकाता	4	3	1	6	+1.528
चेन्नई	5	3	2	6	+0.666
लखनऊ	5	3	2	6	+0.436
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
मुंबई	5	2	3	4	-0.073
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	6	1	5	2	-1.124

पंजाब 147/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अथर्व तायडे का सेन बो आवेश	15	12	2/0
जॉनी बेयरस्टो का हेटमायर बो महाराज	15	19	1/0
प्रभसिमरन सिंह का जुरेल बो चहल	10	14	1/0
सैम करेन का जुरेल बो महाराज	06	10	0/0
जितेश शर्मा का पराग बो आवेश	29	24	1/2
शशांक सिंह का जुरेल बो सेन	09	09	1/0
लिविंगस्टोन रन आउट (कोटियान/सैमसन)	21	14	2/1
आशुतोष शर्मा का महाराज बो बोल्ट	31	16	1/3
हरप्रीत बराड़ नाबाद	03	03	0/0

गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट 4-0-22-1, कुलदीप सेन 4-0-35-1, आवेश खान 4-0-34-2, युजवेंद्र चहल 4-0-31-1, केशव महाराज 4-0-23-2

राजस्थान 152/7

19.5 ओवर, अतिरिक्त : 3

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का हर्षल बो रबाडा	39	28	4/0
तनुष कोटियान बो लिविंगस्टोन	24	31	3/0
संजू सैमसन पगबाधा रबाडा	18	14	1/1
रियान पराग का रबाडा बो अर्शदीप	23	18	1/1
ध्रुव जुरेल का शशांक बो हर्षल	06	11	0/0
शिमरोन हेटमायर नाबाद	27	10	1/3
रोवमैन पोवेल का जितेश बो करेन	11	05	2/0
केशव महाराज का लिविंगस्टोन बो करेन	01	02	0/0
ट्रेंट बोल्ट नाबाद	00	00	0/0

गेंदबाजी : अर्शदीप 3.5-0-45-1, रबाडा 4-0-18-2, करेन 4-0-25-2, लिविंगस्टोन 3-0-21-1, हर्षल 2-0-21-1, बराड 3-0-22-0

चेन्नई और मुंबई के मुकाबले में नजरें धोनी पर

मुंबई, एजेंसी

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स और मेजबान मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को आमने सामने होंगी तो नजरें महेंद्र सिंह धोनी पर रहेंगी जिनका वानखेड़े स्टेडियम पर संभवतः यह आखिरी मैच होगा। चेन्नई सुपर किंग्स पहली बार मुंबई में धोनी की कप्तानी के बिना खेलेगी।

नवंबर 2005 के बाद किसी भी टीम के साथ सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर वह यहां पहली बार खेलेंगे। 42 वर्ष की उम्र में भी विकेट के पीछे धोनी कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं और खेल की उनकी समझ का कोई सानी नहीं। चेन्नई को उम्मीद है कि बाहरी मैदान पर इस सत्र में खराब रिकॉर्ड सुधारने में धोनी का रणनीतिक कौशल काम आयेगा। मुंबई के खिलाफ पिछले पांच मैचों में चेन्नई ने चार जीते हैं। पांच पांच बार आईपीएल खिताब जीत चुकी टूर्नामेंट की दो सबसे कामयाब टीमों के कप्तान इस बार बदले हैं।मुंबई ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया जबकि चेन्नई की कमान धोनी ने रूतुराज गायकवाड़ को दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की मैदानी प्रतिद्वंद्विता जस की तस रहने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 200 के करीब का लक्ष्य हासिल करने वाले मुंबई के बल्लेबाजों को रोकना चेन्नई के गेंदबाजों के लिये कठिन चुनौती होगा। खराब शुरूआत के बाद पंड्या की मुंबई इंडियंस ने वापसी की है। पिछले दो मैचों में उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। सूर्यकुमार यादव ने आरसीबी के खिलाफ 17 गेंद में अर्धशतक जड़ डाला। चेन्नई के गेंदबाजों ने चेपॉक की धीमी पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन सपाट और बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर अभी तक उनकी परीक्षा नहीं हुई है। ईशान किशन और रोहित शर्मा की शुरूआती साझेदारी मुंबई के लिये अहम रहेगी। दूसरी ओर चेन्नई को कप्तान गायकवाड़, रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा और धोनी से अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

मुंबई इंडियंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड। **चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

ऑस्ट्रेलिया से पांचवां टेस्ट भी हारा भारत, सूपड़ा साफ

पर्थ, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पांचवें और आखिरी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 3-2 से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 5-0 से जीत ली। पिछले चार मैचों में भारत को 1-5, 2-4, 1-2, 1-3 से पराजय का सामना करना पड़ा था। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह दौरा काफी महत्वपूर्ण था।

भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह (चौथा मिनट) और बॉबी सिंह धामी (53वां मिनट) ने गोल दागे। आस्ट्रेलिया के जेरेमी हैवर्ड (20वां), के विलोट (38वां) और टिम ब्रांड (39वां) ने गोल किये। भारत ने आक्रामक शुरूआत की। जुगराज सिंह ने आस्ट्रेलियाई हाफ में जरमनप्रीत सिंह को गेंद सौंपी लेकिन वह उसे पकड़ नहीं पाये। भारत को चौथे मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कामयाबी दिलाई। हरमनप्रीत का यह श्रृंखला में तीसरा गोल था। ऑस्ट्रेलिया ने 20वें मिनट में हैवर्ड के गोल के दम पर बराबरी की। भारत के रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने नाथन ई के शॉट पर मुस्तैदी से गोल बचाया। हाफटाइम के बाद ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने गोल बचाया। 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत का निशाना चूक गया।

बॉलीवुड हलचल

परिणीति ने अमर सिंह चमकीला के लिए 15 किलो वजन बढ़ाया

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने फिल्म ''अमर सिंह चमकीला'' के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया था। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ''अमर सिंह चमकीला'' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। परिणीति चोपड़ा ने इस फिल्म के लिये 15 किलोग्राम वजन बढ़ाया था। परिणीति चोपड़ा ने बताया,किसी भी फिल्म या बायोपिक में अपने जैसा दिखने को कोई मतलब नहीं और इसलिए मैंने तुरंत अमरजोत के किरदार में ढलने की कोशिश की और इसके लिए इम्तियाज ने मुझे खूब परांठे भी खिलाए। इस फिल्म में मैं बिल्कुल अमरजोत कौर के जैसा दिखना चाहती थी और इसलिए मैंने 15 किलो वजन बढ़ाया।इम्तियाज के साथ इस फिल्म की शूटिंग में मुझे जितना मजा आया, मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी और फिल्म में इतना मजा आएगा। ये बहुत अच्छा अनुभव था। गौरतलब है कि 08 मार्च, 1988 को अमर सिंह चमकीला और अमरजोत कौर अपने बैंड के साथ जालंधर से महसामपुर में लाइव परफॉर्मेंस के लिए गए थे। वह गाड़ी से निकलकर स्टेज पर जा रहे थे कि तभी कुछ बाइक सवारों ने दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी।

एकता कपूर की फिल्म एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर की आने वाली फिल्म ''एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म लव सेक्स और धोखा (एलएसडी) वर्ष 2010 में प्रदर्शित हुयी थी।राजकुमार राव की यह बतौर अभिनेता डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म में नुसरत भरूचा ने भी अहम भूमिका निभायी थी। फिल्म की कहानी ऑनर किलिंग, एमएमएस स्कैंडल और कास्टिंग काउच पर आधारित थी। एकता कपूर 14 साल बाद अपनी फिल्म एलएसएडी का सीक्वल एलएसडी 2 ला रही हैं। एलएसडी 2 में उर्फी जावेद, बोनिता राजपुरोहित और पारितोष तिवारी जैसे कलाकार अहम भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत "मैं कैमरे में उस नूर को देख रही हूं जो साड़ी पहनकर राष्ट्रपति से बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड ले रही है।" डायलॉग से शुरू होती है। फिर दिखाया गया कि कैसे व्यूज के लिए लोग आपस में झगड़ते हैं। व्यूज के लिए एक बेटा अपनी मां को ही जोरदार थप्पड़ मार देता है। ट्रेलर में व्यूज के लिए यंग जेनरेशन के बीच पागलपन और ट्रांसजेंडर्स के साथ यौन हिंसा जैसे मुद्दों की झलक दिखाई गई है। एलएसडी 2 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

ऋतिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म में होगा जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर की आने वाली फिल्म वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा। ऋतिक रौशन इन दिनों वर्ष 2019 में प्रदर्शित अपनी सुपरहिट फिल्म वॉर के सीक्वल वॉर 2 में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर खलनायक की भूमिका में हैं। फिल्म वॉर 2 में दिखाया जाएगा कि जासूस कबीर धालीवाल (ऋतिक) को एक और मिशन पर भेजा जाता है। यशराज बैनर तले अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा।बताया जाता है कि निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अयान मुखर्जी ने दक्षिण अफ्रीकी एक्शन निर्देशक फ्रांज स्पिलहास के साथ मिलकर इस सीक्वेंस की परिकल्पना की है, जो एक निजी जेट में सेट किया गया है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।